# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



Ninh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### इन्फोसिस के नए सीईओ होंगे आशीष दास



**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस ने जून तिमाही के शानदार नतीजों के साथ नए सीईओ की घोषणा की है। कंपनी ने आशीष दास को नया सीईओ और एमडी नियुक्त किया है, जो 1 अप्रैल, 2027 से सलिल पारेख की जगह पदभार संभालेंगे। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 7,769 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### सोनम की जमानत रद्द सरेंडर करने के आदेश



**नई दिल्ली।** इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उसकी जमानत रद्द करते हुए तीन हफ्ते के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। मेघालय सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया, जिसने हाईकोर्ट द्वारा जमानत बरकरार रखने के आदेश को चुनौती दी थी।

### बॉयफ्रेंड को बंधक बना नीट छात्रा से गैंगरेप



**चित्रकूट।** उप्र के चित्रकूट स्थित देवांगना घाटी के जंगल में तीन युवकों ने एक नीट छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। राजस्थान के कोटा से नीट की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा अपने 17 वर्षीय दोस्त के साथ घूमने आई थी। आरोपियों ने खुद को वनकर्मी बताकर धमकाया और छात्रा के दोस्त को पीटकर गमछे से बांध दिया। इसके बाद वे छात्रा को झाड़ियों में घसीटकर ले गए और दरिंदगी की।

## जंतर मंतर के 3 दृश्य

**1 हम थके नहीं**



हक के लिए संघर्षरत युवा पटियों पर सोते हुए

**2 मदद को बढ़े हाथ**



जो सीधे प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए उन्होंने भोजन के पैकेट भेजे

**3 हम भी पीछे नहीं**



कुछ संस्थाओं ने भोजन व्यवस्था का जिम्मा संभाला

## 33 वें दिन धरना जारी : कॉकरोच पार्टी ने किया शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन का ऐलान

# जंतर-मंतर पर फिलहाल समाधान का 'मंतर' नहीं

*प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। उन्हे 4 बार बातचीत के लिए आमंत्रित किया लेकिन कोई आकर बात करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका है। उधर कॉकरोच पार्टी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करें। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। संवाद के लिए समय और स्थान तय होता, इससे पहले सीजेपी ने शुक्रवार को देशभर में शांति पूर्ण प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उधर, प्रदर्शन में 28 जून से शामिल हुए सोनम वांगचुक के अनशन का शुक्रवार को 26वां दिन हैं। वांगचुक फिलहाल गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं।







चमड़ी उतरी, अब बाल भी उतार दो

**1 सरकार भी अड़ी**

24 घंटे में 4 बार सीजेपी को न्यौता दिया, पर वे नहीं आए

**2 सीजेपी भी अड़ी**

बात करना है तो जंतर-मंतर आइए, किसी के घर नहीं जाएंगे

**दावा - सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस में बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका**

**सीजेपी ने पिछली बार नड्डा के घर दो प्रतिनिधि भेजे थे, आरोप था कि उनको नजरबंद कर लिया था**

### नड्डा के घर क्यों नहीं जा रही सीजेपी?

पहली बैठक 20 जुलाई को नड्डा के घर हुई थी। यदि बातचीत फिर नड्डा के घर या ऑफिस में होती, तो प्रदर्शन पर भाजपा के साथ राजनीतिक बातचीत का ठप्पा लग सकता था। सीजेपी प्रदर्शन को लगातार छात्र आंदोलन बता रहा है। ऐसे में वह किसी राजनीतिक दल के दफ्तर में जाकर अपनी निष्पक्ष छवि कमजोर नहीं करना चाहता। किसी न्यूट्रल वेन्यू पर मिलने से संदेश जाएगा कि बातचीत बराबरी की स्थिति में हो रही है।



दिल में उम्मीद, आंख में गुस्सा


**इधर, पीएम मोदी ने दिलाया भरोसा**

## पेपर लीक के सभी मामलों की फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया है कि पेपर लीक के सभी मामलों की त्वरित सुनवाई और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इसके तहत राज्य और केंद्र सरकारें मिलकर फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन करेंगी ताकि कानूनी प्रक्रिया में देरी न हो।

### उधर, नीट पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड को क्लीनचीट, सीबीआई नहीं दे पाई सबूत



संजीव कुमार

नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के प्रश्नपत्र चोरी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि जांच के दौरान संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया की संलिप्तता का कोई साक्ष्य नहीं मिला। इसी वजह से सीबीआई ने इस मामले में उसके खिलाफ कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया है।


### बदसलूकी के लिए एडीसीपी नपे मुंबई में पुलिस कर्मी निलंबित



संदीप लांबा

प्रदर्शन के दौरान एक महिला को थप्पड़ मारते हुए वीडियो में दिखाई देने वाले एडीसीपी संदीप लांबा को जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल की ड्यूटी से हटा दिया गया है। वहीं, मुंबई में छात्रों को झूठे ड्रग्स केस की धमकी देने वाला पुलिसकर्मी निलंबित किया गया है।

### खरगे बोले प्रधान को जाना होगा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के उस आरोप को खारिज कर दिया, जिसमें विपक्ष पर नीट विवाद पर चर्चा से भागने का दावा किया गया था। खरगे ने कहा कि अगर सरकार वाकई गंभीर होती, तो पहले ही दिन नियम 267 के तहत चर्चा की अनुमति दे देती। प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई।

### छात्रों के समर्थन में अन्ना हजारे का दो घंटे का मौन



सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में दो घंटे का मौन रखा। इससे पहले पीएम मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने पुलिस कार्रवाई को दुखद बताते हुए शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेने की मांग की थी। अन्ना ने कहा कि जवाबदेही तय करने से शासन अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनता है।



राज्यपाल से बर्णवाल की सौजन्य भेंट

### बर्णवाल का स्वागत, जैन की विदाई

# अधिकारी 'टीम मप्र' के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाएं : बर्णवाल



राज्यपाल से मिले जैन

**देश में मप्र की रैंकिंग अग्रणी बनाने के लिए जैन की सराहना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नव नियुक्त मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे टीम मप्र के रूप में शासन की योजनाओं-कार्यक्रमों और निर्णयों के क्रियान्वयन में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाएं। निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मप्र को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए सभी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।मंत्रालय में संपन्न हुए एक सादे समारोह में विभाग अध्यक्षों ने नवनियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल का आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर निवर्तमान मुख्य सचिव जैन को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, पीसीसीएफ शुभरंजन सेन सहित वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे। समारोह में अधिकारियों ने बर्णवाल और जैन को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## इन घटनाओं पर क्या कहेंगे?

**1**

### मरीज को सलाइन की जगह मिनरल वाटर की ड्रिप लगा दी गई

## डॉक्टर : मिनरल वाटर की ड्रिप चढ़ा दो, नर्स ने मना किया तो खुद लगा दी



**डॉ. साहू और नर्स भावना चौधरी को नोटिस जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंडौरी

जिला अस्पताल में एक मरीज को सलाइन की जगह मिनरल वाटर की ड्रिप लगा दी गई। ऐसा करने वाले डॉक्टर को ड्यूटी नर्स ने टोका भी, लेकिन वह नहीं माना। वार्ड में मौजूद दूसरे लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। पुलिस के मुताबिक 18 वर्षीय सत्यम यादव ने बुधवार को चूहामार दवा खा ली थी। उसे दोपहर करीब दो बजे डिंडौरी जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। ड्यूटी पर तैनात डॉ. भरत साहू ने नर्स भावना चौधरी को कहा कि सत्यम को मिनरल वाटर की ड्रिप लगा दे। भावना ने मना कर दिया। इसके बाद डॉक्टर ने खुद सत्यम को लोकल ब्रांड की मिनरल वाटर की बोतल से ड्रिप लगा दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि डॉ. भरत साहू की पोस्टिंग 15 जून को ही यहां हुई है।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## सीने में दर्द था, युवक पीएचसी गया वहां डॉक्टर नदारद था, मौत हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले स्थित सटई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर डॉक्टर न मिलने के कारण बहारगंज निवासी 35 वर्षीय मथू पाल की मौत हो गई। गुरुवार सुबह सीने में तेज दर्द होने पर मथू पाल को तत्काल अस्पताल लाया गया था, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

**2**



**सटई में डॉक्टरों की अनुपस्थिति एक पुरानी और गंभीर समस्या**





रायसेन में सड़क गायब

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## प्रदेश में अब औसत से 10 फीसदी कम बारिश, भोपाल में 500 मिमी का आंकड़ा पार

# रायसेन में सड़क बही, सुल्तानगंज में 5 घंटे तेज बारिश
# 175 गांवों का संपर्क टूटा, सेमरी नदी पार करते युवक बहा

- प्रदेश में कुल 325.1 मिमी बारिश
- भोपाल में कुल 515 मिमी बारिश
- यह सामान्य से 95.3 मिमी अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश का दौर जारी है। इस बीच गुरुवार तक प्रदेश में औसत बारिश के आंकड़े तेजी से बढ़कर अब सामान्य से 10 फीसदी कम रह गए हैं। भोपाल में भी अब तक 515 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 95.3 मिमी अधिक है। हालांकि, यह जुलाई की कुल बारिश के मुकाबले अभी काफी कम है। मौसम केंद्र के अनुसार एक जून से अब तक प्रदेश में दीर्घावधि औसत से 10 फीसदी कम बारिश हुई है। पूर्वी मध्य प्रदेश 13 और पश्चिमी हिस्से में औसत से 6 प्रतिशत कम बारिश हुई है। प्रदेश में कुल 325.1 मिमी बारिश हुई, जबकि अब तक कुल 359.6 मिमी होना थी। उधर, बेगमगंज के सुल्तानगंज, नैनविलास और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को करीब पांच घंटे तक हुई।


सेमरी नदी में युवक बहा

### शिवपुरी में बिजली गिरने से दो की मौत

शिवपुरी के विजयपुरा गांव में गुरुवार दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दशरथ आदिवासी (14) और अभिषेक आदिवासी (10) की मौत हो गई। 17 भैंस और 9 बकरियों ने भी दम तोड़ दिया। सीहोर के बुधनी में मछली पकड़ने गया 55 वर्षीय शख्स पैर फिसलने से बरसाती नाले में बह गया। शाहगंज पुलिस उसकी तलाश कर रही है। भोपाल में 90 साल पुराने जर्जर मकान का हिस्सा गिरने से एक युवक घायल हो गया। इंदौर में गंगवाल चौराहे से राजमोहल्ला के लिए निकली बारात में शामिल बाराती तेज बारिश के कारण रास्ते में ही रुक गए। दूल्हा डीजे के साथ अकेले ही आगे बढ़ता नजर आया।

### आज यहां अति भारी बारिश का अलर्ट

शुक्रवार तक बड़वानी, धार में अति भारी बारिश का अलर्ट है। सीहोर, उज्जैन, शाजापुर, सतना, कटनी में कुछ जगह तेज बारिश होगी। सिंगरौली, सीधी, रीवा, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा में मध्यम बारिश होगी।

## खबर संक्षेप

### 5 हजार की रिश्वत लेते इंदौर ननि के दो कर्मचारी ट्रैप



इंदौर। इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने नगर निगम के दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लिंबोडी निवासी आशीष चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता के निधन के बाद संबल योजना के तहत 2 लाख की सहायता राशि जारी करने के एवज में 20 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। लोकायुक्त टीम ने वार्ड प्रभारी संध्या पथरोड और सहायक हरभजन सिंह सलूजा को 5 हजार लेते पकड़ लिया।

### ट्रक की टक्कर से नर्सिंग छात्रा की मौत, भाई घायल



देवास। पढ़ाई के लिए इंदौर लौट रहे भाई-बहन की बाइक को शिप्रा ब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 19 वर्षीय नर्सिंग छात्रा सुमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई देवराज घायल हो गया। टक्कर लगते ही सुमन उछलकर ट्रक से टकराई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। हादसा इतना दुखद था कि एक दिन पहले ही पूरे परिवार ने देवराज का जन्मदिन मनाया था।

### निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश 618 मिलियन डॉलर के पार




नई दिल्ली। भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र में निजी निवेश 618.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्ष 2021-22 में यह निवेश मात्र 100.5 मिलियन डॉलर था, जो अब छह गुना से अधिक बढ़ चुका है। सरकार ने अंतरिक्ष गतिविधियों में गैर-सरकारी संस्थाओं को 105 प्राधिकरण जारी किए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा दिशानिर्देशों को भी और मजबूत किया गया है।

## सीएम ने इंदौर को दी बड़ी सौगात

### 175 करोड़ की लागत से बना यह ब्रिज इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण

# पहले डबल लेयर फ्लाईओवर ब्रिज की एक भुजा का किया लोकार्पण

सीएम ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्लाईओवर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बड़ी सौगात देते हुए मप्र के पहले डबल लेयर फ्लाईओवर ब्रिज की एक भुजा का लोकार्पण किया। उन्होंने लवकुश चौराहा पर 175 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस ब्रिज को आधुनिक तकनीक और उन्नत इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और विकास एक दूसरे के पर्याय है। यह परियोजना आधुनिक अधोसंरचना विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्लाईओवर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत, यातायात जाम में राहत तथा लोगों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव नवनिर्मित ब्रिज का निरीक्षण करते हुए

**800 टन स्टील संरचना का उपयोग इस परियोजना में**

**अरविंदो से बाणगंगा की ओर जाने वाला यातायात शुरू होगा**

### इसकी प्रमुख विशेषता त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परियोजना की सबसे प्रमुख विशेषता इसकी त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था है। प्रथम स्तर पर लवकुश चौराहे का सामान्य यातायात, द्वितीय स्तर पर वर्तमान फ्लाईओवर एवं मेट्रो रेल कॉरिडोर तथा तृतीय स्तर पर नया डबल लेयर फ्लाईओवर है। इससे चौराहे पर यातायात का दबाव कम होगा। इससे निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने ब्रिज का अवलोकन कर इसकी सराहना भी की।

### निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया

मुख्यमंत्री को बताया गया कि इस ब्रिज का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया है। लगभग 1450 मीटर लंबाई के इस फ्लाईओवर के निर्माण में 22 मीटर की ऊंचाई पर 65 मीटर लंबे एवं 24 मीटर चौड़े स्पान पर दो 400-400 टन वजनी स्टील बो-स्ट्रिंग गर्डर स्थापित किए गए हैं।

### लैंडस्केपिंग और बागवानी भी

इसके अलावा फ्लाईओवर, ग्रीन बेल्ट की सुंदरता बढ़ाने के लिए लैंडस्केपिंग और बागवानी का कार्य शामिल है। डबल लेयर फ्लाईओवर ब्रिज की एक भुजा के शुरू हो जाने के बाद अरविंदो से बाणगंगा की ओर जाने वाला यातायात शुरू होगा। आगामी दिनों में इस फ्लाईओवर की दूसरी भुजा भी बनकर तैयार हो जाएगी।

## ओबीसी वर्ग की दलील

# 51% आबादी को 14% आरक्षण, किस आधार पर तय किया प्रतिशत?



**ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट में बहस जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण से जुड़े प्रकरणों की लगातार सुनवाई का गुरुवार को सातवां दिन था। हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। अदालत ने ओबीसी आरक्षण के विरोध में दायर सभी मामलों में सुनवाई समाप्त घोषित कर दी। दोपहर 1:00 बजे से ओबीसी आरक्षण के समर्थन तथा आबादी के अनुपात में आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर विचार शुरू किया गया।

## इटारसी स्टेशन पर जीआरपी की बड़ी कार्रवाई

# 44 लाख के चांदी के आभूषण मिले, दो व्यापारी हिरासत में



**बरामद हुई 18 किलो से ज्यादा चांदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

इटारसी रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 44 लाख रुपए कीमत के 18 किलो 894 ग्राम चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर चेकिंग के दौरान दो लोग भारी बैग लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में जाते दिखाई दिए। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान भोपाल निवासी राकेश जाट (41) और लक्की राजवानी (44) के रूप में हुई है।

## केंद्र सरकार ने संसद में स्पष्ट किया रुख

# लाखों सरकारी शिक्षकों को नहीं मिलेगी टीईटी से छूट



**सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का दिया हवाला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के लाखों सरकारी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर चल रही अटकलों पर केंद्र सरकार ने पूर्ण विराम लगा दिया है। संसद में सरकार ने स्पष्ट किया कि कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत या छूट देने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने संसद में बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा तय न्यूनतम योग्यताओं के तहत टीईटी अनिवार्य है।


- पदोन्नति और सेवा में बने रहने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य

## लोकभवन ने जारी किए आदेश

# बीयू के 'कार्यवाहक' कुलगुरु का इस्तीफा मंजूर, राजन अस्थायी वीसी

**वीसी का प्रभार अब शासन के पास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


अनुपम राजन

उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन को नए नियमित कुलगुरु की नियुक्ति तक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



लोकभवन (राजभवन) ने विवि के कुलगुरु पद का कार्यभार संभाल रहे संकायाध्यक्ष प्रो. विवेक शर्मा द्वारा प्रस्तुत इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन को बीयू के कुलगुरु पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## 23वें ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का आगाज

**74 देशों के करीब 3 हजार एथलीट्स 10 खेलों में लेंगे हिस्सा**

215 गोल्ड सहित कुल 1,168 मेडल दांव पर



*एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में गुरुवार से 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स का आगाज हो गया। यह मेगा ईवेंट 2 अगस्त तक खेला जाएगा। औपचारिक शुभारंभ के बाद सभी प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों ने स्टेडियम में मार्चपास्ट किया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 74 देशों के करीब 3 हजार एथलीट्स 10 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 215 गोल्ड सहित कुल 1,168 मेडल दांव पर हों। भारत इन खेलों में 19वीं बार हिस्सा लेने जा रहा है, जिसमें उसके 125 एथलीट्स 8 खेलों में मेडल के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे। 8 एथलीट्स सामान्य खेलों और पांच पैरा-स्पोर्ट्स में मेडल के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे।*

## लोकसभा में सरकार का जवाब

# पेट्रोल में 20% से अधिक एथेनॉल मिश्रण पर फिलहाल फैसला नहीं

**सरकार ने ई 20 को बताया सुरक्षित इससे इंजन खराब होने का कोई पुख्ता प्रमाण नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को फिलहाल 20% (ई20) से आगे बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। लोकसभा में पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि भविष्य में ऐसा कोई भी फैसला व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन और ऑटोमोबाइल निर्माताओं से सलाह के बाद ही होगा। सरकार के अनुसार, देश में 5 करोड़ से अधिक वाहन ई20 ईंधन पर चल रहे हैं। वाहन निर्माताओं के सर्विस रिकॉर्ड्स में एथेनॉल की वजह से इंजन खराबी या घिसाव का कोई प्रमाण नहीं मिला है।




पुराने ई10 डिजाइन वाले वाहनों में माइलेज में 3-5% का मामूली अंतर आ सकता है, लेकिन ई20 ईंधन से ऑक्टेन रेटिंग सुधरती है और इंजन स्मूथ चलता है। भारत ने तय समय से 5 साल पहले ही 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

## एयरपोर्ट ऑपरेटरों के लिए भी खुल सकते हैं एयरलाइन कारोबार के दरवाजे

नागरिक उड्डयन मंत्रालय नई एयरलाइनों के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया आसान बनाएगा

# एविएशन सेक्टर में बदलाव की तैयारी नई एयरलाइन शुरू करना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के घरेलू एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए केंद्र सरकार विमानन नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय नई एयरलाइनों के प्रवेश को आसान बनाने, लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल करने और निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा नीतियों की समीक्षा कर रहा है। गौरतलब है कि देश के घरेलू हवाई बाजार में इस समय दो बड़ी कंपनियों की करीब 90% हिस्सेदारी है। पिछले कुछ वर्षों में कई एयरलाइनों के बंद होने या विलय के कारण बाजार कुछ ही कंपनियों तक सिमट गया है, जबकि हवाई यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार का मानना है कि नए नियमों से सेक्टर में नए खिलाड़ियों को एंट्री मिलेगी, जिससे बाजार में एकाधिकार कम होगा।

**वर्तमान में देश में दो बड़ी कंपनियों की करीब 90 प्रतिशत की हिस्सेदारी**



### ये है आगे की प्रक्रिया

नागरिक उड्डयन मंत्रालय प्रस्तावित सुधारों की शुरुआती समीक्षा पूरी कर चुका है। फिलहाल 'एयरक्राफ्ट रूल्स' और डीजीसीए के नियमों में जरूरी संशोधनों का अध्ययन किया जा रहा है। जल्द ही इस पूरे रिफॉर्म पैकेज को अंतिम रूप देकर लागू किया जाएगा।

### किन प्रमुख बदलावों पर हो रहा है विचार?

फिलहाल किसी एयरलाइन को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के लिए घरेलू रूट पर कम से कम 20 विमान या कुल बेड़े का 20% हिस्सा (जो अधिक हो) तैनात करना अनिवार्य होता है। सरकार इस शर्त को आसान बनाने पर विचार कर रही है। पायलटों की उपलब्धता, लाइसेंस प्रक्रिया और स्वामित्व से जुड़े नियमों को सुगम बनाया जाएगा।

## 'निसार' उपग्रह के रडार उपकरणों ने भेजी शुरुआती तस्वीर

# अंटार्कटिका में दिखी हमिंगबर्ड पक्षी जैसी आकृति, बर्फ के भीतर हो रहे बदलावों को समझने और अध्ययन करने में वैज्ञानिकों को मिलेगी मदद

एजेंसी ⏩ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'निसार' (नासा-इसरो सिंथेटिक एपरेचर रडार) ने अब अपने दोनों रडार उपकरणों से जुटाए गए वैज्ञानिक डेटा को सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अंटार्कटिका की एक शुरुआती रडार तस्वीर सामने आई है, जिसमें बर्फ से ढका एक इलाका हमिंगबर्ड पक्षी जैसा दिखाई देता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सिर्फ एक आकर्षक तस्वीर नहीं, बल्कि बर्फ के भीतर हो रहे बदलावों को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

> भारत और अमेरिका का संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है 'निसार'


पूर्वी अंटार्कटिका का नुनातक जतेरजावशिज्जा नाम का पर्वतीय क्षेत्र

> 'निसार' का डेटा वैज्ञानिकों और आम जनता के लिए किया

### 30 जुलाई को निसार उपग्रह की पहली वर्षगांठ

नासा के अनुसार 20 जुलाई से 'निसार' का एल-बैंड और एस-बैंड रडार डेटा वैज्ञानिकों और आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। भारत और अमेरिका की टीमें अब लगातार प्रोसेस किया गया डेटा जारी करेंगी। यह डेटा ऐसे समय जारी किया गया है, जब 30 जुलाई 2025 को लॉन्च किए गए 'निसार' उपग्रह की पहली वर्षगांठ आने वाली है। लॉन्च के बाद से वैज्ञानिक इसकी प्रणालियों को कैलिब्रेट करने और डेटा प्रोसेसिंग को बेहतर बनाने में जुटे थे।




### अंटार्कटिका के ग्लेशियरों की बर्फ में गहरी दरारें दिखीं

नासा ने एक शुरुआती रडार तस्वीर जारी की है, जिसमें पूर्वी अंटार्कटिका का नुनातक जतेरजावशिज्जा नाम का पर्वतीय क्षेत्र दिखाई देता है। इस पहाड़ के चारों ओर बर्फ उत्तर-पूर्व दिशा में समुद्र की ओर बह रही है। बर्फ की टूटी हुई संरचना को देखने पर यह आकृति उड़ते हुए हमिंगबर्ड जैसी नजर आती है। वैज्ञानिकों के अनुसार जब ग्लेशियर पहाड़ के चारों ओर से गुजरता है, तो जमीन की बनावट के कारण बर्फ पर दबाव पड़ता है और उसमें गहरी दरारें बन जाती हैं।

### अहमदाबाद स्थित इसरो के 'भूनिधि' पोर्टल ने जारी की तस्वीरें

इसरो के अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर ने 'भूनिधि' पोर्टल के जरिए एस-बैंड डेटा जारी करना शुरू कर दिया है। वहीं अमेरिका की ओर से 17 जून से जुटाया गया कैलिब्रेटेड एल-बैंड डेटा भी लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मिशन हर दिन कई दर्जन टेराबाइट वैज्ञानिक डेटा तैयार करता है और दक्षिणी ध्रुव से लेकर उत्तरी गोलार्ध में 77.5 डिग्री अक्षांश तक के क्षेत्रों को स्कैन करता है। इसमें लगा 12 मीटर चौड़ा ड्रम आकार का रडार रिफ्लेक्टर अब तक नासा का अंतरिक्ष में भेजा गया ।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में राष्ट्रपति शहाबुद्दीन देंगे इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के जल्द इस्तीफा देने की चर्चा तेज हो गई है।



राजनीतिक सूत्रों और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सरकार उनसे सहज नहीं है। उनका कार्यकाल अभी लगभग दो साल बाकी है। शेख हसीना से कथित संपर्क और उनकी प्रस्तावित वापसी को भी इस घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। वे 2023 में राष्ट्रपति बने थे।

### एरिजोना के चुनाव में अमीश शाह जीते

**फिनिक्स (एरिजोना)।** भारतीय मूल के अमीश शाह ने बुधवार को एरिजोना के एक अहम कांग्रेस



(संसद) क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। शाह की जीत से डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) को झटका लगा है, क्योंकि उसने शाह के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार का समर्थन किया था।

### भारतीय मूल की आर्मी सार्जेंट एंजेला की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने बताया कि पिछले सप्ताह जॉर्डन में एक ईरानी हमले में अमेरिकी सैनिक



एंजेला रामप्रसाद की मौत हो गई। उनका संबंध त्रिनिदाद और टोबैगो से था। वह 17 जुलाई को जॉर्डन के मुवफ्फक साल्टी एयर बेस पर मिसाइल हमले में मारी गई थीं। डेलावेयर के डोवर एयर बेस पर पूरे सम्मान के साथ यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने श्रद्धांजलि दी।

### रूस में बंधक बनाए गए उत्तराखंड के दो भाई

**पिथौरागढ़।** रोजगार की तलाश में रूस गए उत्तराखंड के धारचूला के कालिका गांव निवासी भूपेंद्र सिंह



कार्की और उनके भाई आनंद सिंह कार्की के बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार दोनों भाइयों के पासपोर्ट और वीजा अपने कब्जे में रखे गए हैं और उन्हें उनकी इच्छा के विपरीत काम कराया जा रहा है। 20 दिनों से संपर्क नहीं हो पाया है।

### श्रीलंका में इस साल डेंगू से 56 लोगों की मौत

**कोलंबो।** इस साल श्रीलंका में डेंगू के वायरस से 56 लोगों की मौत हुई है और 77,000 से ज्यादा लोग



संक्रमित हुए हैं, जिनमें से करीब 20 हजार मामले सिर्फ जुलाई में ही सामने आए हैं। ये बीमारी इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि सरकार को इससे निपटने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। मिलिट्री ड्रोन की मदद से छतों और मच्छरों के पनपने वाली जगहों का पता लगाया जा रहा है।

## 33वीं आसियान क्षेत्रीय मंच की मंत्रिस्तरीय बैठक में एस. जयशंकर बोले

# अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर हमले अस्वीकार्य आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस आवश्यक



एजेंसी ⏩ मनीला

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में आयोजित 33वीं आसियान क्षेत्रीय मंच मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों से होने वाला व्यापार सुरक्षित, निर्बाध और स्वतंत्र रूप से जारी रहना चाहिए। जयशंकर ने मनीला प्लान ऑफ एक्शन का स्वागत किया, जिसके पांचों प्रमुख स्तंभ भारत के इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। भारत आपदा राहत के क्षेत्र में सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने, साझा मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित करने और वास्तविक समय व टेबल-टॉप अभ्यास आयोजित करने का समर्थन करता है।

> उत्तरी अरब सागर से लेकर पश्चिमी प्रशांत तक समुद्री सुरक्षा में भारत का अहम योगदान

### सीडीआरआई का किया समर्थन


आसियान फोरम की बैठक को संबोधित करते जयशंकर

विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि भारत कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) का समर्थन करता है। नियमित रूप से फील्ड अस्पताल, खोज एवं बचाव दल, राहत सामग्री और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराता है। हाल के समय में भारत ने श्रीलंका, फिलीपींस, जमैका में आए चक्रवातों के साथ ही म्यांमार, वेनेजुएला और अफगानिस्तान में आए भूकंपों के बाद पुनर्वास और राहत कार्यों में सहयोग दिया है।

### पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन डब्ल्यू. तकाचेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश विकास और कैपेसिटी बिल्डिंग प्राथमिकता के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा को समर्थन करने के लिए भारत की तैयारी पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग को गहरा करने पर भी चर्चा की।



### ब्रुनेई के साथ नई तकनीक पर सहयोग



विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रुनेई के विदेश मंत्री अब्दुल मतीन से भी मुलाकात की। जयशंकर ने बताया कि एआई, ड्रोन, डिजिटल समेत तेजी से बदलती तकनीक ने जुड़ाव के नए रास्ते खोले हैं। दोनों पक्षों नई तकनीक में सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय एजेंडा को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए।

### आतंकियों के वित्तीय स्रोतों पर रोक लगाएं

आतंकवाद के मुद्दे पर जयशंकर ने जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराते हुए कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के गंभीर परिणाम होने चाहिए। उन्होंने आतंकवाद को वित्तीय सहायता पहुंचाने वाले स्रोतों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत, मलेशिया के साथ मिलकर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम+) के आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता कर रहा है और आतंकवाद से निपटने की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का संकलन तैयार कर रहा है। जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर के मुद्दे पर कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के अनुरूप एक प्रभावी, सार्थक और कानूनी रूप से बाध्यकारी आचार संहिता का समर्थन करता है, जो सभी वैध उपयोगकर्ताओं के अधिकारों का सम्मान करे। भारत का इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर, इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस पहल और उत्तरी अरब सागर से लेकर पश्चिमी प्रशांत तक भारतीय नौसैनिक बलों की तैनाती समुद्री व्यापार को सुरक्षित बना रही है।

## एलजी सिन्हा ने बैठक में दिए निर्देश

# सुरक्षा खतरों से निपटने आतंकी विरोधी अभियान में तेजी लाएं


एलजी मनोज सिन्हा बैठक लेते हुए

एजेंसी ⏩ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी द्वारा एक पुलिसकर्मी को मारे जाने के एक दिन बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र शासित प्रदेश में उभरती सुरक्षा चुनौतियों और खतरों को समाप्त करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करें। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने ये निर्देश दिए।

### एक आतंकवादी की तस्वीर जारी

बैठक में बताया गया कि आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घाटी के अलग-अलग जिलों से आतंकवादियों के 3,000 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर को पकड़ा। हमलावरों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है और पुलिस ने आतंकवादी की एक तस्वीर भी जारी की है और लोगों से अपील की है कि देखने पर वे रिपोर्ट करें।

### अनंतनाग में दो आतंकियों के मकान ध्वस्त

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की मौत के कुछ घंटे बाद प्रशासन ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के मकान ढहा दिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सक्रिय आतंकवादी आदिल ठोकर और हारून रशीद गनई के मकान बुधवार और बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात ध्वस्त कर दिए गए। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई बुधवार दोपहर अनंतनाग के लाल चौक में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन की एक आतंकवादी द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के कुछ ही घंटे बाद की गई।

## यूएई में भारतीयों को बड़ी राहत

# फिर शुरू हुई पासपोर्ट-वीजा सेवाएं, 16 नए कांसुलर केंद्रों के जरिए दी जाएंगी

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले भारतीयों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम निर्देशों के बाद पासपोर्ट, वीजा और दस्तावेज सत्यापन की सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। अब ये सभी सेवाएं 16 नए कांसुलर केंद्रों के जरिए दी जाएंगी। इसके लिए लोगों को पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेना होगा। यूएई में भारतीय पासपोर्ट, वीजा और दस्तावेज सत्यापन की सेवाएं अब नए सेवा प्रदाता अल हिंद टूर्स एंड ट्रैवल्स के जरिए दी जा रही हैं। नई व्यवस्था 22 जुलाई से लागू हो गई है। इसके तहत पूरे यूएई में बने 16 भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र काम करेंगे। दुबई में



भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि पासपोर्ट रिन्यू, नया पासपोर्ट, वीजा से जुड़े आवेदन और दस्तावेज सत्यापन अब इन्हीं केंद्रों के जरिए होंगे। किसी भी केंद्र पर जाने से पहले कांसुलर सेवा यूएई पोर्टल पर अपॉइंटमेंट लेना जरूरी होगा। यह बदलाव इसलिए हुआ क्योंकि 30 जून 2026 को पहले के आउटसोर्सिंग अनुबंध समाप्त हो गए थे। वहीं वीजा ऑन अराइवल के लिए पासपोर्ट की वैधता कम से कम 6 महीने की होनी जरूरी है।

## ईरान के 'दोस्त' पर भड़का पाकिस्तान

# शहबाज बोले- हम सऊदी अरब के साथ, हूती विद्रोहियों की निंदा की

एजेंसी ⏩ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने लाल सागर में सऊदी तेल टैंकरों पर हुए हूती विद्रोहियों के हमले की निंदा की है। गुरुवार को सुबह ईरान समर्थित हूतियों के हमले के बाद शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के पीएम से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम शहबाज ने कहा कि लाल सागर में सऊदी तेल टैंकरों पर हूती मिलिशिया के किए गए इस हमले की पाकिस्तान कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता है। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि इस तरह की हरकतें पूरी तरह से अमान्य हैं। ये अंतरराष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है। इससे जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता और



कमर्शियल शिपिंग को खतरा पहुंचता है, जिससे क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को नुकसान होता है। पीएम शहबाज ने भरोसा दिया कि पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ है। दरअसल यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने हाल ही में सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान किया था। यमन के उनके नियंत्रण वाले इलाकों के पर सऊदी अरब की लगाई गई नाकेबंदी के जवाब में बाब अल-मंदेब में सऊदी जहाजों को रोकेंगे।

## सीमा पार आतंकवाद को लेकर यूएन में पाक पर भड़का भारत

# कहा- कश्मीर हमेशा से हमारा अभिन्न अंग विश्वास और सद्भाव पर ही मिलेगा सहयोग

एजेंसी ⏩ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने पाकिस्तान की टिप्पणियों को कड़े शब्दों में खारिज करते हुए कहा कि जब सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल सरकारी नीति के हथियार के रूप में किया जाता है तो सिंधु जल संधि के तहत सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती। भारत ने यह भी दोहराया कि जम्मू कश्मीर देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हमेशा था, है और रहेगा।

### सिंधु जल संधि रहेगी स्थगित




पर्वतनेनी ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'प्राकृतिक संसाधनों का प्रशासन: शांति, सुरक्षा और समृद्धि की नींव' विषय पर आयोजित खुली बहस में कहा कि सिंधु जल संधि को लेकर भारत का रुख स्पष्ट और एकसमान है। जब सीमा पार आतंकवाद का सरकारी नीति के हथियार के तौर पर नियमित रूप से इस्तेमाल किया जाता है तो आपसी विश्वास और सद्भाव के आधार पर सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती।

### पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांके

पर्वतनेनी ने कहा कि जहां तक केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हमेशा था, है और रहेगा। यह संवैधानिक और कानूनी वास्तविकता है, पाकिस्तान जानबूझकर नजरअंदाज करता है। जम्मू कश्मीर से जुड़ा एकमात्र लंबित मुद्दा पाकिस्तान द्वारा भारत के संप्रभु क्षेत्र पर खुलेआम हमला और अवैध कब्जा है। भारत पर उंगली उठाने के बजाए अपने देश को व्यवस्थित करके पाकिस्तान अपना और अपने लोगों का अधिक भला कर सकता है।

## 6 यात्री विमान टोही विमान के रूप में विकसित किए जाएंगे

# डीआरडीओ ने दो निजी कंपनियों के साथ किए एमओयू

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

देश की हवाई निगरानी और रक्षा क्षमता को नई मजबूती देने की दिशा में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

ये समझौते एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यू एंड सी) मार्क-2 कार्यक्रम के तहत किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इससे भारतीय वायुसेना की निगरानी, कमान और नियंत्रण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। साथ ही, आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई गति मिलेगी।

> एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल मार्क-2 के तहत समझौते

> अधिक दूरी से दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे

### कंपनियां विकास और उत्पादन करेंगी


डीआरडीओ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हुए एमओयू

पहला समझौता एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड के साथ किया गया है। इसके तहत छह ए321 यात्री विमानों को सैन्य उपयोग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इन विमानों में विशेष उपकरण और अत्याधुनिक प्रणालियां लगाकर उन्हें एईडब्ल्यू एंड सी मार्क-2 विमान के रूप में विकसित किया जाएगा। दूसरा समझौता अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ हुआ है। कंपनी इस परियोजना में विकास एवं उत्पादन साझेदार की भूमिका निभाएगी। वह इन विमानों में लगने वाली मिशन प्रणालियों के विकास और उनके एकीकरण में डीआरडीओ का सहयोग करेगी।

### युद्धक्षेत्र की बेहतर जानकारी मिल सकेगी

डीआरडीओ की सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) इस परियोजना की प्रमुख प्रयोगशाला है। एईडब्ल्यू एंड सी मार्क-2 प्रणाली तैयार होने के बाद भारतीय वायुसेना को लंबी अवधि तक हवाई निगरानी करने, अधिक दूरी से दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने, सुरक्षित संचार स्थापित करने, युद्धक्षेत्र की बेहतर जानकारी हासिल करने तथा अधिक प्रभावी कमान एवं नियंत्रण की क्षमता मिलेगी। इससे लंबी दूरी से आने वाले संभावित खतरों का समय रहते पता लगाकर उनका प्रभावी जवाब देना आसान हो जाएगा।

## जलवायु परिवर्तन से फ्रांस में कहर

# भीषण गर्मी से 16 दिनों में 20 हजार से ज्यादा मौतें, सेहत को बड़ा खतरा

एजेंसी ⏩ पेरिस

फ्रांस में 2026 की भीषण गर्मी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जून के आखिरी दिनों और जुलाई की शुरुआत के बीच देश में 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। फ्रांस की पब्लिक हेल्थ एजेंसी के मुताबिक, 17 जून से 2 जुलाई के बीच 21674 लोगों की मौत हुई, जबकि इस समय में आमतौर पर करीब 15910 मौतें होती हैं यानी इस बार सामान्य से 5764 ज्यादा मौतें हुईं। तेज गर्मी अब सिर्फ मौसम की परेशानी नहीं रह गई है, बल्कि यह लोगों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बन रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी मौतें सीधे गर्मी की वजह से नहीं हुईं।



ज्यादा तापमान ने कई लोगों की पहले से मौजूद बीमारियों को और गंभीर कर दिया, जिससे मौतों की संख्या बढ़ गई। शुरुआत में मौतों का अनुमान कम था, लेकिन बाद में मिले आंकड़ों से पता चला कि गर्मी का असर पहले से ज्यादा बड़ा था। इस दौरान अस्पतालों और देखभाल केंद्रों पर भी लोगों का दबाव बढ़ गया। अतिरिक्त मौतों में करीब दो-तिहाई लोग 75 साल या उससे ज्यादा उम्र के थे।



# 3 घंटे में जननायकन ने छू लिया देश का हर मुद्दा

**नई दिल्ली।** थलापति विजय की तीन घंटे तीन मिनट की फिल्म जननायकन रिलीज हो गई है। फिल्म ने देश का मुद्दा छू लिया है। ये पूरी तरह से एक मासी फिल्म है जिस तरह की फिल्मों के लिए विजय को पहचाना जाता है। फिल्म में भ्रष्टाचार की मिसाल के तौर पर प्रमुखता से आते हैं प्रकाश राज. किस तरह से राजनीति के नाम पर जनता को ठगा जाता है और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जाता है, उसके वो प्रतीक हैं। अक्सर नकली शराब से लोगों की मौत की खबरें आती है। फिल्म में जब थलापति विजय इंस्पेक्टर होते हैं तो वो जहरीली शराब पर लगाम कसने की कोशिश करते हैं और कामयाब भी होते हैं।

लाइफ Style

# तेजस्विनी

## आईवीएफ से बदल गया शरीर का शेफ

मॉडल और एक्ट्रेस तेजस्विनी कोल्हापुरे ने पहली बार आईवीएफ के दौरान झेली गई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की है। पद्मिनी कोल्हापुरे की छोटी बहन और श्रद्धा कपूर व सिद्धांत कपूर की मौसी तेजस्विनी ने बताया कि मां बनने का उनका सफर बिल्कुल आसान नहीं था। उन्होंने कहा, 'इसका मुझ पर शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत बुरा असर पड़ा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मैं तब जैसी थी और अब जैसी हूं, उसमें काफी फर्क आ गया है। मानसिक रूप से मैं पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हूं। शारीरिक रूप से, इतने सारे इंजेक्शन की वजह से मेरे शरीर का आकार ही बदल गया है। मैंने 1000 से ज्यादा इंजेक्शन लगवाए। अगर आपकी प्रेग्नेंसी पॉजिटिव आती है तो इंजेक्शन बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन, मेरा नहीं हुआ। इसलिए, मैंने इसे पांच बार किया। पांचवीं बार मैं लकी रही। इस बीच मेरे दो मिसकैरेज हुए। आप मानसिक रूप से टूट जाते हैं। यह एक मुश्किल वक्त था।' उन्होंने कहा कि आईवीएफ के दौरान उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा और यह उनके जीवन का सबसे कठिन समय था। तेजस्विनी ने बताया कि उन्होंने एक-दो नहीं बल्कि पांच बार आईवीएफ कराया। उनके मुताबिक यह प्रक्रिया बेहद दर्दभरी होती है और हर बार क्लिनिक जाकर इंजेक्शन लगवाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंसान को मानसिक रूप से बहुत मजबूत बनना पड़ता है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि अगर संभव हो तो 35 साल की उम्र से पहले परिवार बढ़ाने की योजना बना लेनी चाहिए।



## हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक की रिलीज डेट का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** रैप आइकन और एक्टर स्नूप डॉग की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक अब आधिकारिक तौर पर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूनिवर्सल पिक्चर्स इस फिल्म को 6 अगस्त 2027 को रिलीज करेगा। यह फिल्म स्नूप डॉग के एक कलाकार से लेकर बड़े म्यूजिक मोगुल और गैंगस्टा रैप आइकन बनने तक के सफर को दिखाएगी। इस फिल्म को क्रेग ब्रेवर डायरेक्ट करेंगे, जो 'हसल एंड फ्लो' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। स्क्रिप्ट को उन्होंने जो रॉबर्ट कोल की ओरिजिनल कहानी पर दोबारा लिखा है।



# डेडपूल में फिर वेड विल्सन बनकर लौटेंगे रयान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने कन्फर्म किया है कि नई 'डेडपूल' फिल्म पर काम शुरू हो चुका है और वह एक बार फिर वेड विल्सन के किरदार में नजर आएंगे। रयान ने यह जानकारी फैनैटिक्स फेस्ट 2026 के दौरान दी। इससे पहले वह ह्यू जैकमैन के साथ 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में नजर आए थे, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इवेंट के दौरान रयान ने कहा कि फिल्मों में अभी भी कॉमिक्स के कई दिलचस्प हिस्से दिखाना बाकी है। उन्होंने बताया, 'ऐसी कई चीजें हैं जो फिल्मों में अभी तक नहीं दिखीं। कुछ शानदार काम फैबियन निकीजा और गेरी डगन जैसे राइटर्स ने किया है, जिन्हें मैं बहुत पसंद करता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'कुछ नया आने वाला है... और हां, आगे चलकर एक और 'डेडपूल' फिल्म जरूर बनेगी। यह बहुत शानदार होगी।'



# कहां चले गए.. गाने में प्रीति की आंखें नम


**मुंबई।** 'बंटवारा 1947' का पहला गाना 'कहां चले गए हो राम' रिलीज हो गया है। यह एक दिल को छू लेने वाला म्यूजिकल ट्रिब्यूट है जो फिल्म की इमोशनल कहानी को दिखाता है। यह गाना फिल्म की इमोशनल भावना को बहुत अच्छे से दिखाता है और एक मां के प्यार, तड़प और अटूट विश्वास को दिल को छू लेने वाले अंदाज में पेश करता है। वीडियो की शुरुआत सनी देओल और प्रीति जिंटा के शबाना आजमी के पीछे खड़े होने से होती है, जो भगवान राम से पूरे दिल और शालीनता के साथ प्रार्थना कर रही हैं। इसके बाद एक शानदार पार्टी के सीन दिखाए जाते हैं। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है और इसके बोल मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं। इस दिल को छू लेने वाले गाने को अनुराधा पौडवाल और शान की सदाबहार आवाजों ने जीवंत किया है।




# रोमांचकम का पहला गाना रिलीज...

**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक वेणु गोपाल रेड्डी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'रोमांचकम' का पहला गाना 'राधा रमना' गुरुवार को रिलीज कर दिया गया। गाने को वासुकी वैभव ने अपनी आवाज देने के साथ-साथ संगीतबद्ध भी किया है और बोल चंद्रबोस ने लिखे हैं। कुछ हफ्ते पहले निर्माताओं द्वारा फिल्म की एक झलक जारी किए जाने के बाद फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। इसकी शुरुआत में सुमंत प्रभास और अनंतिका सनिल कुमार के किरदारों को एक-दूसरे के प्यार में पूरी तरह डूबा हुआ दिखाया गया है। शुरुआत देखकर लगता है कि यह जोड़ी एक-दूसरे के लिए ही बनी है, लेकिन वीडियो के दूसरे हिस्से में दोनों किरदार एक-दूसरे से नफरत करने लगते हैं। फिल्म में अभिनेता उपेंद्र लिमये का किरदार भी दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाता है।

## टीवी मसाला



# दूरदर्शन के इस शो ने बच्चे-बच्चे को था सुधारा

**नई दिल्ली।** 90 के दशक का पॉपुलर शो 'शक्तिमान' बच्चों का पसंदीदा शो था। जब टीवी पर शक्तिमान आता तो मोहल्ले की गलियों शांत हो जातीं। ये शो आज भी कई लोगों की यादों में ताजा है। शो में मुकेश खन्ना ने दो अलग-अलग किरदार निभाए थे। एक किरदार था सुपर शक्तिमान और दूसरा फिल्म जर्नलिस्ट पंडित गंगाधर विद्याधर मायाधर ओंकारनाथ शास्त्री. यह शो न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करता था बल्कि बच्चों को अच्छी बातें भी सिखाता था। बच्चों का यह फेवरेट सुपरहीरो सीरियल केवल और केवल मुकेश खन्ना की मेहनत का नतीजा था। इस शो के लिए मुकेश ने सब कुछ दांव पर लगा दिया। फंड की कमी हुई तो उन्होंने कर्ज तक लिया। मुकेश खन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया कि शो बनाने का आइडिया उनके पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे के खिलौनों को देखकर आया। बच्चा अपने खिलौनों के साथ खेलता ही नहीं, उन्हें साफ-सुथरा भी रखता था। इससे उनके मन में भारत का अपना सुपरहीरो कैरेक्टर बनाने का ख्याल जगा। उस समय सुपरहीरो शो बनाने के लिए काफी पैसे की जरूरत थी, जो उनके पास नहीं था। ऐसे में उन्होंने एक शख्स से 75 लाख रुपए उधार लिए। शो सक्सेसफुल होने के बाद उन्होंने वे पैसे लौटाए और उस शख्स ने मुकेश से कोई ब्याज भी नहीं लिया। 13 सितंबर 1997 को दूरदर्शन पर शुरू हुआ 'शक्तिमान' जल्द ही बच्चों का पसंदीदा शो बन गया। इसकी टीआरपी भी बहुत अच्छी थी। लेकिन, शो की सक्सेस के साथ दूरदर्शन ने टेलीकास्ट फीस बढ़ा दी, जिससे मुकेश खन्ना को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## रात होते ही इस शहर में निकल आते हैवान

**नई दिल्ली।** अगर आपको वेब सीरीज देखना पसंद है और आपकी फेवरेट लिस्ट में डार्क, स्ट्रेंजर थिंग और लॉस्ट जैसी मिस्ट्री और हॉरर वेब सीरीज शामिल हैं, तो फ्रॉम आपके लिए एक परफेक्ट बिंज वॉच सीरीज साबित हो सकती है। अगर आप भी लंबी वेब सीरीज की तलाश मे हैं तो ये आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। साल 2022 में अमेजन प्राइम वीडियो पर आई फ्रॉम को दुनिया की सबसे फेमस हॉरर-मिस्ट्री सीरिजों में से एक में गिना जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसके हर सीजन में आपको एक अलग ही एंगल देखने को मिलेगा और इसका रहस्य गहराता जाएगा। ये कहानी है एक ऐसे रहस्यमयी छोटे शहर की है जहां पहुंच जाने पर उस शहर से कोई कभी वापस नहीं जा पाता है। इस शहर से बाहर निकलने के लिए कोई भी रास्ता चुनो, लेकिन वापस वो आपको उसी जगह पर ले आता है।



# इस वीकएंड ओटीटी पर देख पाएंगे दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमाघरों में हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी धमाका कर रही है। विजय की फिल्म जन नायकन भी दस्तक दे चुकी है। मनोरंजन के शौकीनों के पास बारिश के इस सुहाने मौसम में थिएटर जाने के पर्याप्त विकल्प हैं। लेकिन, वीकएंड पर अगर आप घर बैठे ओटीटी पर ही कुछ शानदार सिनेमा देखना चाहते हैं तो इस बार ओटीटी पर भी खूब बहार रहेगी।

### आदर्श बाल विद्यालय

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय आप इस वीकएंड देख सकते हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर 24 जुलाई से स्ट्रीम होगी। सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे।

### मुसाफिर कैफे

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक की बहुप्रतीक्षित



सीरीज है। यह इस फ्राइडे रिलीज हो रही है। इसकी कहानी चंदर (विक्रांत मैसी) सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### पल्लीचट्टंबी

टोविनो थॉमस और कायाडू लोहार की मलयालम भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'पल्लीचट्टंबी' भी इस शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 24 जुलाई से यह सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

### स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स'

'स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स' भी 24 जुलाई से ओटीटी पर आ रही है। यह 'द बिग बैंग थ्योरी' के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी साइंस-फिक्शन कॉमेडी सीरीज है, जिसके 10 एपिसोड्स हैं। इसमें स्टुअर्ट ब्लूम (केविन सुसमन) को एक बहु-ब्रह्मांडीय संकट से दुनिया को बचाना है। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### ब्लीच-थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर

इसका लुत्फ भी आप इस वीकएंड उठा सकते हैं। यह सीरीज 25 जुलाई, 2026 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस शो की पूरी कहानी सोल रीपर्स और क्विंसी साम्राज्य की आपसी दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 72 आवर्स

यह एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन टिम स्टोरी ने किया है। इसमें केविन हार्ट लीड रोल में हैं। उनके अलावा मार्सेलो हर्नांडिज, मेसन गुडिंग, कैम पैटरसन, बेन मार्शल सहित कई और सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# किल के बाद बदल गया लोगों का नजरिया : राघव




मुंबई। एक वक्त था, जब ज्यादातर लोग राघव जुयाल को डांसर, एंकर या टीवी चेहरे के तौर पर जानते थे। फिर साल 2024 में आई फिल्म 'किल'। इसमें निभाए उनके किरदार ने न सिर्फ ऑडियंस को चौंकाया, बल्कि इंडस्ट्री को भी उन्हें नए नजरिए से देखने पर मजबूर कर दिया। अब राघव पहली बार फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में लीड हीरो बनकर बड़े पर्दे पर आ रहे हैं। हालांकि, इस पूरे सफर में अगर कोई चीज उन्हें सबसे ज्यादा खुशी देती है, तो वह माता-पिता के चेहरे पर दिखने वाला गर्व है। राघव कहते हैं कि संघर्ष उन्होंने पहले भी किया था, लेकिन 'किल' के बाद पहली बार उन्हें महसूस हुआ कि लोग उन्हें अलग नजर से देखने लगे हैं। 'जब आप एक कदम आगे बढ़ते हो तो सबको प्रूव करना पड़ता है। मां-बाप को भी और इंडस्ट्री को भी। मुझे भी प्रूव करना पड़ा। 'किल' के बाद मेरे लिए लोगों का परसेप्शन रातों-रात बदल गया। ऐसा बदलाव मैंने अपने एक्सपीरियंस में पहले कभी नहीं देखा था। कपिल शर्मा भाई ने भी मुझसे कहा था कि 'जो परसेप्शन चेंज तू कर रहा है, वो बहुत अलग है।' टीवी इंडस्ट्री के जितने भी लोग थे, सबने फोन किया। सब कह रहे थे कि पता नहीं क्यों, लेकिन ऐसा लग रहा था कि हमने भी ये क्रैक कर दिया। वो इमोशन मेरे लिए बहुत बड़ा था।' राघव मानते हैं कि उनके करियर की सबसे बड़ी ताकत टैलेंट से पहले आत्मविश्वास रहा। 'यही चीज मुझे मोटिवेट करती रही कि मैं हमेशा अपने ऊपर भरोसा करता रहा। इतने साल साइड में रहा, लेकिन मेरे अंदर से कभी ये चीज नहीं गई कि मुझे यही बनना है। मैं कभी मीडियोकर माइंडसेट में नहीं रहा। 16 साल बहुत लंबा वक्त होता है, लेकिन जब तुम अंदर से सोच लेते हो कि तुम यही हो, तो धीरे-धीरे बाहर भी वही होने लगता है।' राघव अपने संघर्ष को किसी शिकायत की तरह नहीं, बल्कि सीख की तरह देखते हैं। 'लाइफ में अनफेयर चीजें होती हैं।

## रंग दे बसंती से लेकर युवा तक, सोशल मीडिया में कई फिल्मों के सीन हो रहे वायरल

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखा विरोध प्रदर्शन का नया रूप

*नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इन दिनों रंग दे बसंती से लेकर द लीजेंड ऑफ भगत सिंह जैसी फिल्मों के कई सीन वायरल हैं। वजह है दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहा विरोध प्रदर्शन। प्रदर्शन के अलावा सोशल मीडिया पर विरोध जताने के लिए यूजर्स कई फिल्मों के अहम सीन भी शेयर करके अपने मन की बात बयां कर रहे हैं। भारतीय सिनेमा में भी कई ऐसी फिल्में बनी हैं जिनमें युवाओं को विरोध प्रदर्शन करते दिखाया गया है। आमिर खान की फिल्म रंग दे बसंती से लेकर मैं आजाद हूं तक कई फिल्मों में इसकी झलक देखने के मिली है।*

**रंग दे बसंती** : फिल्म रंग दे बसंती 2006 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में युवाओं के प्रदर्शन की ताकत को दिखाया था। फिल्म की कहानी कॉलेज लाइफ का लुफ्त उठाने वाला एक ग्रुप के बारे में थी, जो हमेशा राजनीति से दूर रहता है। एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग करते वक्त वह स्वतंत्रता के लिए वह देश की आजादी के लिए लड़ने वाले चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, अशफाकुल्लाह खान और बिस्मिल के किरदार के बारे में पढ़ते और जानते हैं। आगे जब उनका एक दोस्त विमान हादसे में मारा जाता है उसके उन्हें लोकतंत्र का महत्व समझ आता है। युवा पीढ़ी पर बनी यह फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्म का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया था। इसमें आमिर खान, सोहा अली खान, आर माधवन और शरमन जोशी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे।



**नो वन किल्ड जेसिका** : मशहूर जेसिका लाल हत्याकांड पर बनी फिल्म 'नो वन किल्ड जेसिका' में एकता की शक्ति को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी जेसिका को न्याय दिलाने पर आधारित थी। जेसिका एक बार टेंडर थीं, जिनकी एक नेता के बेटे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिल्म में जेसिका के निधन के बाद उसकी बहन सबरीना को न्याय पाने के लिए संघर्ष करते दिखाया गया है। इस फिल्म में दिखाया कि शांतिपूर्ण ढंग से भी प्रदर्शन किया जा सकता है। जेसिका के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए युवाओं और लोगों द्वारा किए गए कैंडल मार्च से लेकर पोस्टर मार्च तक, फिल्म में सच्चाई की जंग को दिखाया गया। इस फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदार में थीं, निर्देशक राज कुमार गुप्ता थे।

**हासिल** : फिल्म 'हासिल' 2003 में रिलीज हुई थी। फिल्म के निर्देशन तिग्मांशु धूलिया ने किया था। कहानी प्रयागराज स्थित यूनिवर्सिटी में होने वाली स्टूडेंट पॉलिटिक्स के उतार-चढ़ाव के बारे थी। इसमें लव स्टोरी भी दिखाई गई जो इन सबके बीच फंसी हुई है। फिल्म स्टूडेंट पॉलिटिक्स के मुद्दे, एक्टिविज्म और जागरुकता को एक सधे हुए तरीके से पेश करती है। इसके साथ ही लोकतंत्र में युवाओं के भविष्य का महत्व भी समझाती है। फिल्म में जिमी शेरगिल, इरफान खान और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य किरदारों में थे।

***युवा*** *: फिल्म 'युवा' 2004 में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी समाज में होने वाली गुंडागर्दी और उसका कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों पर होने वाले प्रभाव को भी दिखाया गया। अजय देवगन ने फिल्म में कॉलेज में पढ़ने वाले लड़के माइकल का किरदार निभाया। माइकल, जो कॉलेज का स्टूडेंट लीडर भी है और समाज में बदलाव भी लाना चाहता है पर राजनैतिक भष्ट नेताओं के कारण वह कई मुश्किलों से घिरा रहता है। माइकल पर कई हमले होते हैं। मगर वो उसका मनोबल नहीं तोड़ पाते। फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। इसमें अजय के अलावा अभिषेक बच्चन, विवेक ओबेरॉय, रानी मुखर्जी, करीना कपूर और एशा देओल जैसे कलाकार थे।*

***मैं आजाद हूं*** *: फिल्म मैं आजाद हूं 1989 में रिलीज हुई थी। फिल्म का गाना 'इतने बाजू इतने सर' काफी मशहूर हुआ था। इस गाने को अमिताभ बच्चन ने खुद गाया था। फिल्म में एक महिला पत्रकार की करप्शन के खिलाफ जंग और और उसमें एक साधारण इंसान के भागदौड़ को दिखाया गया। फिल्म की पटकथा समाजिक एकता और संघर्ष के खिलाफ होने वाली लड़ाई से प्रभावित है। इस फिल्म में शबाना आजमी और अमिताभ बच्चन ने मुख्य किरदार निभाया था।*

## जबलपुर के ज्ञानप्रकाश की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, मांगा जवाब

# 1000 करोड़ से अधिक के ग्रीन फंड का क्यों नहीं किया उपयोग



**जबलपुर।** जबलपुर निवासी एवं फोरम फॉर ट्रैफिक सेफ्टी एंड एनवायरमेंट सेनीटेशन के चेयरमैन ज्ञानप्रकाश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से जवाब तलब किया है। शीर्ष अदालत ने पूछा है कि एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के पर्यावरण संरक्षण (ग्रीन) फंड का अब तक उपयोग क्यों नहीं किया गया और भविष्य में इसका उपयोग किस प्रकार किया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान आश्चर्य व्यक्त किया कि पर्यावरण संरक्षण कोष की स्थापना वर्ष 1991 के पब्लिक लाइबिलिटी इंश्योरेंस एक्ट के तहत खतरनाक पदार्थों से होने वाली दुर्घटनाओं के पीड़ितों को तत्काल राहत देने के उद्देश्य से की गई थी। लेकिन अब तक इस फंड से किसी पीड़ित को मुआवजा दिए जाने का कोई रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। इस फंड में वर्तमान में एक हजार करोड़ रु से अधिक जमा है।

## गवाही से बच रहे शिकायतकर्ता पर हाईकोर्ट सख्त भोपाल पुलिस कमिश्नर से मांगा हलफनामा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आपराधिक मामले में शिकायतकर्ता के लगातार अदालत में गवाही के लिए अनुपस्थित रहने पर कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच ने कहा कि समन, जमानती वारंट, गिरफ्तारी वारंट व अंततः स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद भी शिकायतकर्ता का ट्रायल कोर्ट में उपस्थित न होना न्यायिक प्रक्रिया के लिए गंभीर चिंता का विषय है। कोर्ट ने भोपाल पुलिस कमिश्नर को विस्तृत हलफनामा पेश करने तथा शिकायतकर्ता की ट्रायल कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

दरअसल, यह मामला भोपाल निवासी जितेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोतवाली थाने में जमीन से संबंधित कथित धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। आरोप है कि शिकायतकर्ता शाहिद अख्तर लगातार गवाही के लिए उपस्थित नहीं हो रहा, जिससे ट्रायल लंबित है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने भोपाल पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया कि वे यह स्पष्ट करें कि समन और वारंटों की तामील क्यों नहीं हो सकी। साथ ही एडिशनल पुलिस कमिश्नर से आंतरिक जांच कराकर यह पता लगाया जाए कि वारंटों के निष्पादन में किस पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही रही तथा दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई।

## 29 जुलाई को मतगणना, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जारी की अधिसूचना

## जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की तारीख जारी, 28 जुलाई को होगा मतदान



**जबलपुर।**

जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के पूर्व में निरस्त किए गए चुनाव के लिए नया निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने गुरुवार को अधिसूचना जारी करते हुए पुनर्मतदान की तिथि, मतगणना का कार्यक्रम तथा चुनाव संचालन के लिए समिति और चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। अधिसूचना के अनुसार 28 जुलाई, 2026 को सुबह साढ़े 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 29 जुलाई को मतगणना लगातार की जाएगी।

सबसे पहले अध्यक्ष, इसके बाद सचिव, महिला उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, पुस्तकालय सचिव व अंत में कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना होगी। सभी पदों की मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा नामित छह न्यायिक अधिकारी चुनाव पर्यवेक्षक रहेंगे

चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा नामित छह न्यायिक अधिकारी चुनाव पर्यवेक्षक रहेंगे। वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव संचालन में सहयोग के लिए 12 अधिवक्ताओं को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इनमें संजय सेठ, सुधाकरमणि पटेल, सरला पांडे, आशीष सिन्हा, जगदीश प्रकाश टीटू, अशोक पटेल , विकास पटेल, राजकमल चतुर्वेदी, समीर चिले, तुलसा कोस्ता, दिव्याकिर्ति बोहरे तथा नारायण भोसले शामिल हैं। पूर्व में चुनाव प्रक्रिया निरस्त होने के बाद जारी इस नए कार्यक्रम से जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रत्याशियों ने मतदान से पहले जनसंपर्क और समर्थन जुटाने का अभियान भी तेज कर दिया है।

# चाकू से घायल युवक तड़पता रहा, नहीं पहुंची 108

## इलाज में देरी के आरोपों के बीच चली गई जान

**जबलपुर।** गी थाना क्षेत्र के ग्राम सालीवाड़ा में चाकू से घायल हुए 30 वर्षीय युवक की मौत ने एक बार फिर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद समय पर 108 एम्बुलेंस नहीं पहुंची, जिसके कारण इलाज शुरू होने में देरी हुई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यदि एम्बुलेंस समय पर पहुंचती तो युवक की जान निश्चित रूप से बच जाती। इस संबंध में किसी आधिकारिक जांच की रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है।जानकारी के अनुसार, सालीवाड़ा निवासी नमामि यादव बुधवार की रात घर से टहलने निकले थे। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने कथित तौर पर उन पर चाकू से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल नमामि खून से लथपथ सड़क पर पड़े रहे। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा को फोन किया।परिजनों का आरोप है कि काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। उनका कहना है कि बाद में उन्हें बताया गया कि संबंधित एम्बुलेंस तकनीकी खराबी के कारण उपलब्ध नहीं थी। एम्बुलेंस नहीं आने पर परिजन घायल युवक को निजी वाहन से बरगी के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।



लेकिन मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही नमामि यादव ने रास्ते में दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।नमामि यादव की शादी करीब एक वर्ष पहले ही हुई थी। उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी घटना के बाद शोक और आक्रोश का माहौल है।इधर, बरगी थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों सहित पूरे घटनाक्रम की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।यह घटना दो गंभीर सवाल छोड़ गई है। पहला, आखिर युवक पर जानलेवा हमला क्यों किया गया? और दूसरा, क्या आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं हर जरूरतमंद तक समय पर पहुंच पा रही हैं? इन सवालों के जवाब पुलिस जांच और संबंधित विभाग की पड़ताल के बाद ही सामने आएंगे। फिलहाल, एक परिवार ने अपना जवान बेटा खो दिया है और न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है।

## बादलों की आंख मिचौली



बादलों और धूप की आंख-मिचौली के बीच जबलपुर में मौसम रहा सुहाना, गुरवार शाम आसमान ने बिखेरी प्राकृतिक छटा।

## राज्य महिला आयोग की संयुक्त बेंच जबलपुर में करेंगी सुनवाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जबलपुर में 4 और 5 अगस्त को संयुक्त बेंच का आयोजन किया जाएगा। यह सुनवाई सर्किट हाउस नंबर 2 में संपन्न होगी। इस संयुक्त बेंच में आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा यादव, सदस्य श्रीमती साधना स्थापक और सदस्य सचिव सुरेश तोमर उपस्थित रहेंगे। आयोग के पदाधिकारियों का 3 अगस्त को सुबह 8 बजे भोपाल से जबलपुर आगमन होगा। आयोग के पदाधिकारियों द्वारा 4 और 5 अगस्त को प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से सर्किट हाउस नंबर 2 में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के बाद पदाधिकारी 6 अगस्त को सुबह 8 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# परिवहन में बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़!

## 250 स्कूल बसें बिना फिटनेस और परमिट के सड़कों पर



**जबलपुर।** स्कूल बसों में सफर करने वाले हजारों बच्चों की सुरक्षा को लेकर चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। जिले में पंजीकृत करीब 800 स्कूल बसों में से सिर्फ 550 बसों के पास ही वैध फिटनेस प्रमाणपत्र और परमिट हैं, जबकि करीब 250 बसें नियमों का पालन किए बिना सड़कों पर दौड़ रही हैं। इस खुलासे के बाद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने विशेष जांच अभियान चलाकर अनफिट और नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर कार्रवाई तेज कर दी है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान बिना फिटनेस, अधूरे दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाली बसों की जांच की जा रही है। कई वाहनों को जब्त किया गया है और अब तक 6.60 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ के अनुसार, स्कूल बसों में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। जांच के दौरान बसों का पीला रंग, खिड़कियों पर हॉरिजॉन्टल ग्रिल, 5-5 किलोग्राम क्षमता वाले कार्यशील अग्निशामक यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की जा रही है। जिन वाहनों में गंभीर खामियां मिल रही हैं, उनके खिलाफ परमिट निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा सकती है। अधिकारियों ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को जिस स्कूल बस से भेज रहे हैं, उसकी फिटनेस और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी अवश्य लें। प्रशासन का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा केवल सरकारी एजेंसियों की नहीं, बल्कि स्कूल प्रबंधन, बस संचालकों और अभिभावकों की भी साझा जिम्मेदारी है।

# 400 करोड़ का पुल, तीन साल भी नहीं चल पाया

## भाजपा विधायक विश्नोई अब अपनी ही सरकार पर हमलावर

**जबलपुर।** करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बना नेशनल हाईवे 45 पर शहपुरा रेलवे ओवरब्रिज आखिर तीन साल भी नहीं टिक पाया। एक के बाद एक दोनों लेन क्षतिग्रस्त होने के बाद पुल बंद है, भारी वाहनों का दबाव पाटन मार्ग पर आ गया है और सड़क हादसों का सिलसिला बढ़ गया है। लेकिन अब सवाल सिर्फ पुल की गुणवत्ता का नहीं, बल्कि सरकारी जवाबदेही और राजनीतिक खींचतान का भी है। हैरानी की बात यह है कि विपक्ष नहीं, बल्कि भाजपा के ही वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई अपनी सरकार और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के खिलाफ खुलकर मैदान में उतर आए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स से लेकर मुख्यमंत्री तक यह मुद्दा उठाकर सरकार की कार्यशैली पर सीधे सवाल खड़े कर दिए हैं।विधायक अजय विश्नोई ने आरोप लगाया है कि शहपुरा पुल पिछले कई महीनों से बंद है, लेकिन सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। भारी वाहनों को पाटन-जबलपुर मार्ग पर मोड़ दिया गया, जिससे सड़कें बदहाल हो गईं और दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाने लगी। उनका दावा है कि जबलपुर-पाटन सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव बजट में शामिल होने के बावजूद फाइलों से बाहर नहीं निकल पाया, क्योंकि यह लोक निर्माण विभाग की प्राथमिकताओं में ही नहीं है।मामले को और गंभीर बनाते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर पाटन-जबलपुर और पाटन-मानकेड़ी सड़क निर्माण तत्काल शुरू कराने की मांग की है। इधर, पुल निर्माण में बरती गई कथित लापरवाही पर मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने भी बड़ी कार्रवाई की है। जांच में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताएं मिलने के बाद तत्कालीन सहायक महाप्रबंधक और संभागीय प्रबंधक की पेंशन रोकने की अनुशंसा कर दी गई है। यह कार्रवाई इस ओर इशारा करती है कि करोड़ों रुपये की परियोजना में गुणवत्ता नियंत्रण और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब 400 करोड़ रुपये का पुल तीन साल में ही जवाब दे गया, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी है? क्या कार्रवाई केवल अधिकारियों तक सीमित रहेगी या निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार ठेकेदारों की जवाबदेही भी तय होगी?



Ajay Vishnoi
@AjayVishnoiBJP

Show translation

भोपाल-जबलपुर के पाटन की ओर डायवर्ट किए गए ट्रैफिक ने आज फिर एक बली ले ली है।

शहपुरा का पुल बन नहीं पा रहा है। सारा हेवी ट्रैफिक पाटन होकर जबलपुर आ रहा है। पाटन की सड़क इतने हेवी ट्रैफिक के लिए नहीं बनी है। हेवी ट्रैफिक ने इस सड़क का सत्यानाश कर दिया है।

जबलपुर-पाटन सड़क को चौड़ा और मजबूत करने की योजना को बजट में शामिल कर लिया गया है, परंतु यह सड़क PWD मंत्री श्री @MPRakeshSingh जी की प्राथमिकता में नहीं है, इसलिए इसके निर्माण को स्वीकृति नहीं दी जा रही है।

मैंने माननीय मुख्यमंत्री डॉ @DrMohanYadav51 जी से मिलकर उन्हें एक पत्र दिया है और अनुरोध किया है कि बजट में शामिल पाटन-जबलपुर एवं पाटन-मानकेड़ी सड़क को प्राथमिकता देकर निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराई जाए।

## सायबर ठगी पर शिकंजा कसने पुलिस कप्तान ने बैंक अधिकारियों की ली बैठक लेकर दिए सख्त निर्देश

# जागरूक ग्राहक ही सायबर अपराध की सबसे बड़ी रोकथाम

**हरिभूमि, जबलपुर।** बढ़ते सायबर अपराधों और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जबलपुर पुलिस ने बैंकिंग क्षेत्र के साथ संयुक्त रणनीति तैयार की है। पुलिस कंट्रोल रूम में गुरुवार को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने जिले के विभिन्न बैंकों के 130 अधिकारियों की बैठक लेकर सायबर सुरक्षा को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सायबर अपराध रोकना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि बैंक अधिकारियों की भी समान भागीदारी आवश्यक है।

**जागरुक कर करें सतर्क-** कप्तान उपाध्याय ने कहा कि जबलपुर पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर लोगों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक कर रही है। उन्होंने बैंक अधिकारियों से खाताधारकों को फर्जी कॉल, क्यूआर कोड, निवेश, नौकरी, इनाम और डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों के प्रति सचेत करने का आग्रह किया।

**तत्काल करें सूचित-**बैठक में म्यूल अकाउंट (अवैध धन के लेन-देन में उपयोग होने वाले बैंक खाते) की पहचान होने पर तत्काल संबंधित थाना और सायबर सेल को सूचना देने के निर्देश दिए गए। कप्तान ने कहा कि समय रहते सूचना मिलने पर संगठित साइबर गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।**यह रहे उपस्थित-** बैठक में एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह, एएसपी-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी, सीएसपी बरगी एवं डीएसपी सायबर सेल अंजुल अयंक मिश्रा, सीएसपी कैंट एवं क्राइम अपराध उदय भान बागरी, सीएसपी रांझी सतीष साहू, थाना प्रभारी तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।






### बैंक ग्राहकों के लिए पुलिस की महत्वपूर्ण सलाह

- बैंक कभी भी फोन पर एटीएम पिन, ओटीपी, पासवर्ड या बैंक खाते की गोपनीय जानकारी नहीं मांगता।
- किसी भी संदिग्ध लिंक, क्यूआर कोड, एपीके फाइल या अनजान कॉल पर भरोसा न करें।
- मोबाइल स्क्रीन शेयर न करें और बिना सत्यापन कोई एप डाउनलोड न करें।
- अधिक मुनाफे वाले निवेश, नौकरी या इनाम के झांसे से बचें।
- किसी भी प्रकार की सायबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय सायबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें।



## लोककर्म विभाग की समीक्षा में महापौर सख्त, समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ विकास कार्य पूरे करने के निर्देश

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने लोककर्म विभाग की समीक्षा बैठक में शहर के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्ड पार्षदों की अनुशंसा पर आधारित जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में सड़कों के निर्माण, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, मानसून के मद्देनजर आवश्यक कार्यों तथा विभिन्न वार्डों के विकास प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने कहा कि शहर के देवतुल्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और विकास कार्यों की गति निरंतर बढ़ाई जाएगी। बैठक में एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त शिवांगी महाजन, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव सहित लोककर्म विभाग के सभी कार्यपालन एवं सहायक यंत्री उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत भगवान की महिमा का दिव्य गान, श्रवण मात्र से होता है जीव का कल्याण : ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, माहात्म्य का किया भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि, जबलपुर।

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच कथा का रसास्वादन कराया गया। व्यासपीठ से ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने श्रीमद्भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत भगवान की दिव्य महिमा का गान है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन का कल्याण होता है और उसे भगवान की कृपा एवं भगवत्प्राप्ति का मार्ग सहज रूप से प्राप्त होता है।





### श्रवण से होती हैं अंतःकरण की शुद्धि

ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान का स्वरूप सत्-चित्-आनंद है। जो श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ श्रीमद्भागवत का श्रवण करता है, उसके अंतःकरण की शुद्धि होती है, जीवन के विकार दूर होते हैं और आत्मा परम शांति एवं आनंद का अनुभव करती है। श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के पथ पर अग्रसर करने वाला दिव्य प्रकाश है।

### गुरू ही ईश्वर के साक्षात्कार का मार्ग

ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी ने गुरु की महिमा का भी उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु ही जीव को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ईश्वर के साक्षात्कार का मार्ग दिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से श्रीमद्भागवत का श्रवण एवं सत्संग से जुड़ने का आह्वान किया।

### निरंतर जारी रहेगी कथा

पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण के पश्चात भगवान की आरती एवं प्रसाद ग्रहण कर गुरु पूर्णिमा महोत्सव की आध्यात्मिक गरिमा का अनुभव किया। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी श्रीमद्भागवत कथा का नियमित आयोजन होगा, जिसमें धर्म, भक्ति और सनातन संस्कृति के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

कथा प्रारंभ होने से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ एवं श्रीमद्भागवत ग्रंथ का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। पूजन में बालकृष्ण पटेल, नीता पटेल, संजय मिश्रा, डॉ. के. राजगोपाल, पदमा मेनन, अमित सिंह, प्रतिक्षा सिंह, सिद्धार्थ, शिवी तिवारी, नीरज साहू, वर्षा साहू, वंदना ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर, हेमंत मिश्रा, ऋचा मिश्रा, गोविंदा प्रीति साहू, प्रीति अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, सोनल कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे, मीडिया प्रभारी मनोज सेन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## सरस्वती कॉलोनी में श्रीराम कथा का भक्तिमय विश्राम

जबलपुर। गुप्त नवरात्र के अवसर पर सार्वजनिक श्री दुर्गा हनुमान मंदिर, सरस्वती कॉलोनी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का गुरुवार को भक्तिमय वातावरण में विश्राम हुआ। कथा वाचिका पूज्या किशोरी साक्षी दीदी ने शबरी प्रसंग, सुग्रीव-हनुमान मिलन, सुंदरकांड और भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि रामकथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। उन्होंने प्रभु श्रीराम के आदर्शों, त्याग और मर्यादा को अपनाने का संदेश दिया। कथा के समापन पर भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन एवं राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया गया, जिस दौरान श्रद्धालुओं ने ₹जय श्रीराम₹ और ₹राजा श्रीरामचंद्र भगवान की जय₹ के जयघोष से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। कथा के यजमान मंदिर अध्यक्ष देवेंद्र नेमा एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता नेमा रहे। इस अवसर पर पं. वासुदेव शास्त्री, रघुराज सिंह ठाकुर, पं. वीरेंद्र दुबे, ई. राजेंद्र नेमा, नरेंद्र साहू, मोहित तिवारी, राजेंद्र ब्यौहार, उर्मिला अग्रवाल, साधना साहू, सावित्री शुक्ला, प्रभा शर्मा, संगीता ब्यौहार, श्वेता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।



## 'मोहन शशि मार्ग' के नामकरण का महापौर ने दिया आश्वासन, 2 सितंबर को होगा लोकार्पण

जबलपुर। नगर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'मिलन' के संस्थापक, वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं कवि स्वर्गीय मोहन शशि की स्मृति में दमोह नाका स्थित शांति नगर में उनके निवास के सामने वाले मार्ग का नाम 'मोहन शशि मार्ग' रखने की मांग पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने सकारात्मक सहमति जताते हुए नामकरण का आश्वासन दिया। महापौर से हुई चर्चा के दौरान 'मिलन' के संयोजक एवं वरिष्ठ हास्य कलाकार के.के. नायकर, मृगेंद्र नारायण सिंह, प्रस्तावक बलराम वर्मा, डॉ. शोभा सिंह, डॉ. गीता गीत, राकेश खम्परिया, जगदीश पटेल, ईश्वर सिंह ठाकुर एवं डॉ. मुकुल तिवारी उपस्थित रहे। संस्था ने बताया कि 2 सितंबर को 'मिलन' के स्थापना दिवस के अवसर पर 'मोहन शशि मार्ग' का लोकार्पण प्रस्तावित है।

## विप्र देव परिषद की बरेला में बैठक, संगठन और सामाजिक समरसता पर दिया गया जोर



बरेला।

विप्र देव परिषद की बैठक बरेला में आयोजित हुई, जिसमें ब्राह्मण समाज के संगठन, सम्मान और सामाजिक दायित्वों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. राममूर्ति मिश्रा ने भगवान श्री परशुराम के पूजन के साथ बैठक का शुभारंभ किया। संयोजक परिक्षेत्र अध्यक्ष अरविंद तिवारी एवं सरपंच आशीष शुक्ला ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज में आपसी सौहार्द, धार्मिक मूल्यों और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान बसंत तिवारी, महेश मानव, योगेश दुबे (नगर अध्यक्ष), सुनील पाठक, उमाशंकर उपाध्याय एवं संतोष पाठक ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में ज्ञानू प्यासी (युवा अध्यक्ष), गोविंद दुबे, मुन्नालाल अवस्थी, माधव शर्मा, अखिलेश नवेरिया, राजेश उपाध्याय, नरेंद्र पाठक, शिवाकांत शास्त्री, नारायण शंकर दुबे, प्रेमनारायण उपाध्याय, शरद अवस्थी, सुधीर उपाध्याय, अनिल चोबे, प्रदीप पाठक, अभिषेक चौबे, मिथलेश पाठक, आकाश पाठक, महेंद्र महाराज सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

## चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती पर प्रतिमा का अभिषेक, अर्पित की श्रद्धांजलि



जबलपुर। अमर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती पर विजय नगर स्थित आजाद पार्क में उनकी प्रतिमा का दुग्धाभिषेक एवं विधिवत पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा मोर्चा पं. धीरज पटेरिया ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा उनका बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, श्याम सिंह ठाकुर, बबलू जायसवाल, रवि शर्मा, सचिन गुप्ता, जयराम तिवारी, मुकेश पटेल, अभिषेक जायसवाल, मिंटू मिश्रा, कृष्णा गुप्ता, अभिनव सिंह ठाकुर, मंदीप द्विवेदी, विश्वास कामले, फैजल अंसारी, ताज अंसारी, रुखसार आलम, ब्राह्मण महिला मोर्चा की कविता दुबे, शोभा त्रिवेदी, कीर्ति तिवारी, सीमा द्विवेदी, आरती गौतम, अनीता मिश्रा सहित गुरु प्रसाद गुप्ता, गोपू मिश्रा,सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## हाइवे की सुरक्षा राम भरोसे, पेट्रोलिंग वाहन कर रहा बाजार की सैर?



सिहोरा। जबलपुर हाईवे पर आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। हाइवे पर पेट्रोलिंग और दुर्घटना में फंसे लोगों को तुरंत मदद पहुंचाने वाला विभागीय वाहन कथित तौर पर पिछले कई दिनों से अपनी जिम्मेदारी भूलकर सिहोरा के लोकल बाजार में चक्कर लगा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह वाहन हाइवे पर गश्त करने के बजाय दिनभर शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों और बाजार में खड़ा या घूमता दिखाई दे रहा है। सवाल ये है कि अगर हाईवे पर कोई बड़ा हादसा हो गया तो घायलों तक मदद कौन पहुंचाएगा? एंबुलेंस और रेस्क्यू के लिए कीमती समय बर्बाद होगा और उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? हाईवे पर रोजाना सैकड़ों तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं। ऐसे में पेट्रोलिंग वाहन का ड्यूटी से गायब रहना सीधे तौर पर लापरवाही है। आम जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश है। प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संज्ञान लिया जाए। दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई कर वाहन को तुरंत हाईवे ड्यूटी पर लगाया जाए। वरना किसी बड़े हादसे के बाद सिर्फ अफसोस जताने से काम नहीं चलेगा।

### विधायक अजय विश्नोई ने दी विकास की सौगात

## मझौली में चार मनोनीत पार्षदों का सम्मान

मझौली।

नगर परिषद मझौली में शासन द्वारा मनोनीत पार्षद विजय साहू, गंगाराम कोष्टा, सिद्धार्थ उपाध्याय एवं कपिल झारिया के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव-नियुक्त पार्षदों का पुष्पमालाओं एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया।



समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अजय विश्नोई ने सभी मनोनीत पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए नगर के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही तथा विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में श्रीमती शिप्रा राजेंद्र चौरसिया, डॉ. सुभाष, बबलू, देवेंद्र, मनोरंजन राय, गामा सोनकर, महेंद्र कोष्टा, प्रताप साहू, हरीश एवं रोहित साहू सहित नगर परिषद के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## 1200 बच्चों का भविष्य अधर में, बंद स्कूल खुलवाने आईजी को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर। पनागर के सिंगौद स्थित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पिछले करीब चार माह से ताला लगे होने के विरोध में क्षेत्रवासियों और सैकड़ों महिलाओं ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रमोद वर्मा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल स्कूल खुलवाने की मांग की। ज्ञापन में हाईकोर्ट के आदेश की प्रति एवं पूर्व में दिए गए ज्ञापनों का उल्लेख करते हुए पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, प्राचार्य शर्मा एवं उप प्राचार्य मिश्रा की भूमिका की जांच की मांग की गई। आईजी ने मामले को जिला कलेक्टर, कमिश्नर और एसपी के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में रा.कि. मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटे भाई कुर्मी, इंजी. प्रवीण गजभिये 'दादा', ओम प्रकाश कुर्मी, राजेश्वरी पटेल, मिथिला पटेल, मिथिला गौड़, रंजीत दाहिया, रीना पटेल, पूजा, रंजना, प्रीति कोल, ज्योति, अंगूरी गौड़, सरोज चक्रवर्ती, पूजा चौधरी, मंगना गौड़, यूनिस अली, पुरुषोत्तम चौधरी, अशोक दाहिया, रामराज पटेल, सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र स्कूल नहीं खोला गया तो पनागर में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## विठ्ठल वारी यात्रा कल निकलेगी दत्त मंदिर से



जबलपुर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी विठ्ठल वारी यात्रा का भव्य आयोजन दत्त मंदिर में 25 जुलाई को आयोजित है, मंदिर से आरती पूर्ण कर शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे, यात्रा सायं 4 बजे गोलबाजार, मालवीय चौक, लार्डगंज, फुहारा होते हुए हनुमानताल विठ्ठल रखुमाई मंदिर पहुंचेगी। देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार को आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल के तत्वावधान में भगवान श्री विठ्ठल एवं माता रखुमाई की भव्य एवं भक्तिमय वारी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में भक्ति, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। यात्रा को भव्य बनाने की अपील संतोष गोडबोले, हेमंत पोहरकर, भास्कर वर्तक, प्रवीण प्रवीण विप्रदास, राजेश तोपखाने वाले, स्वाति गोडबोले, विध्येश भापकर ने की है।

## नगर निगम द्वारा किया जा रहा हर दिन वृक्षारोपण



जबलपुर। NCAP गतिविधि के अंतर्गत नगर निगम ज़ोन-11 वार्ड 66 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड कांति विला कॉलोनी बिलहरी में हेल्पिंग हैंड क्लब से आरती, निभा, पूजा अलका, कल्पना, रिंकू देवी, विनीता, रानू, वर्षा, संगीता एवं नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विज़न के तत्वावधान में स्वच्छ वायु के लाभों पर वृक्षारोपण कर जागरूकता अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। साथ ही अपने शहर की वायु को कैसे स्वच्छ रखा जाए और स्वच्छ रखने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएं इसकी जानकारी दी गई। साथ ही पर्यावरण और वायु संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। साथ ही अपने पर्यावरण को संरक्षण करने हेतु सभी को शपथ भी दिलवाई गई। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व एवं स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण के प्रति जागरूक किया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संदेश दिया गया।




**श्री हरीकृष्ण अग्रवाल-** हनुमानताल बड़े जैन मंदिर के पास निवासी श्री हरीकृष्ण अग्रवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला केसरवानी-** गोरखपुर मेन रोड निवासी श्री वीरेंद्र केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला केसरवानी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानी बाई सोनकर-** घमापुर चौक के निकट निवासी श्री सुरेंद्र सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रानी बाई सोनकर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री दिनेश पुरी गोस्वामी-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री तीरथ पुरी गोस्वामी के पुत्र श्री दिनेश पुरी गोस्वामी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई सोनकर-** भरतीपुर मोतीमहल के पास निवासी श्री लक्ष्मी नारायण सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई सोनकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता कनौजिया-** गोकलपुर निवासी श्री राजकुमार कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती ममता कनौजिया (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री विशेसर चौधरी के पुत्र श्री राजेश चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सुमित जाट-** पूर्वी बेलबाग निवासी श्री प्रेमलाल जाट के पुत्र श्री सुमित जाट (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति वर्ग से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

## आचार्य विनोबा भावे वार्ड में 31 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

जबलपुर। नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देश पर आचार्य विनोबा भावे वार्ड में लगभग 31 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं जीर्णोद्धार कार्यों का भूमिपूजन किया गया। महापौर ने पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर, एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर एवं क्षेत्रीय पार्षद एड. अविनाश चमकेल के साथ विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुकेश बिरहा, गिरधारी गुप्ता, हरिहर सिंह, बग्घा ठाकुर, गोपाल पाली, नीलू यादव, अजय विश्वकर्मा, मुंशी प्रजापति, मिलन प्रजापति एवं अर्जुन रजक सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि महापौर अनुशंसा के तहत शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक-2 के जीर्णोद्धार, पेवर ब्लॉक एवं नाली निर्माण, आजाद व्यायामशाला परिसर में पेवर ब्लॉक एवं नवीन कक्ष निर्माण, करियापाथर में सर्वसुविधायुक्त सभा भवन तथा प्रेम सागर साहू मोहल्ला स्थित रंगमंच के सुधार सहित छह विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर ने कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और सामुदायिक विकास को नई गति मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय
तहसील अधारताल, जबलपुर
रा.प्र.क्रां./0005/अ-27/2026-27
// आम इश्तहार // जबलपुर, दिनांक...
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमति उर्मिला कोष्टा पति हीरालाल कोष्टा, पुत्री स्व. श्री चोखेलाल कोष्टा निवासी मकान नं. 623, साउथ मिलौनीगंज, पोस्ट ऑफिस मिलौनीगंज, जबलपुर के द्वारा नजूल ब्लॉक नं. 16, नजूल प्लॉट नं. 154 / 2 का कुल रकवा 5700 वर्गफुट भूमि पर बंटवारानामा के आधार पर पृथक से रकवा का उल्लेख करते हुये नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान राजस्व अभिलेख अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 16, नजूल प्लॉट नं. 154/2 का कुल रकवा 4370 वर्गफुट भूमि पर धनीराम पिता मोहन, निवासी मिलौनीगंज, उर्मिला पिता स्व. श्री चोखेलाल कोष्टा, कमल किशोर, राजकिशोर, नंदकिशोर पिता चोखेलाल कोष्टा निवासी जबलपुर का नाम दर्ज है। उक्त भूमिस्वामियों के मध्य उक्त भूमि का बंटवारा जरिये ई-पंजीकृत बंटवारानामा विलेख क्रमांक एम.पी. 182552021ए1020113, दिनांक 06/01/2021 के माध्यम से किया गया। उक्त बंटवारानामा अनुसार श्रीमति उर्मिला कोष्टा पति हीरालाल कोष्टा, पुत्री स्व. श्री चोखेलाल कोष्टा को नजूल ब्लॉक नं. 16, नजूल प्लॉट नं. 154/2 का रकवा 384 वर्गफुट भूमि प्राप्त हुई है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 06/08/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 20/07/2026
पेशी दिनांक - 06/08/2026
सील
नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय
तहसील अधारताल, जबलपुर
रा.प्र.क्र /1317/अ-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक
// आम इश्तहार //
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री प्रदीप पिता श्री शंकर लाल मिश्रा, निवासी मकान नं. 197, साउथ मिलौनीगंज, बंधैया मोहल्ला, जबलपुर के द्वारा मौजा गोहलपुर, नं.बं. 601, पटवारी हल्का नं. 29/01, रा.नि.मं. जबलपुर-1, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित भूमि डायवर्टेड खसरा नं. 164/4 व वर्तमान पटवारी खसरा नं. 164/4/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2/1 का भाग, प्राईवेट ले-आउट प्लॉट नं. 69 का भाग, कुल विक्रय प्लॉट रकवा 450 वर्गफुट भूमि विक्रेता श्रीमति लक्ष्मी कोष्टा पति श्री खेमचन्द कोष्टा निवासी 132/10, वंदना नगर, 1 ज 144 / 2वीं तक, गोहलपुर, जबलपुर से ई-पंजीकृत विक्रय-पत्र क्रमांक MP50IGR17582026A 100637142, दिनांक 27/05/2026 से क्रय किया जाना लेख किया है। वर्तमान में भूमि विक्रेता के नाम दर्ज है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 06/08/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 20/07/2026
पेशी दिनांक - 06/08/2026
सील
नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### इंडसइंड बैंक के लाभ में 72 फीसदी का इजाफा




**मुंबई।** निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत बढ़कर 1,037.05 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में बैंक ने 604.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। बैंक ने इसके पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 594.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### भारत में निवेश के अवसर तलाशते रहेंगे : टेमासेक




**मुंबई।** सिंगापुर की सरकारी निवेश कंपनी टेमासेक का भारत में निवेश मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में घटकर 42 अरब डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पहले 50 अरब डॉलर था। भारत अब भी टेमासेक के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेश गंतव्यों में से एक है। निवेश में कमी का मुख्य कारण अगस्त, 2025 में श्नाइडर इलेक्ट्रिक से 6.4 अरब डॉलर की निकासी रही।

### एसआरएफ का लाभ 76% बढ़कर 759 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** रसायन क्षेत्र की कंपनी एसआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76 प्रतिशत बढ़कर 758.87 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 432.32 करोड़ रुपये था।

### पीवीआर आईनॉक्स मुनाफे में लौटी





**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स श्रृंखला संचालक पीवीआर आईनॉक्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 56.5 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी को 47.3 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी की परिचालन आय अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 1,622.2 करोड़ रुपये हो गई।

### 'एयरटेल मनी' होगी लंदन में सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** एयरटेल अफ्रीका ने अपने वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच 'एयरटेल मनी' की 2026 में प्रस्तावित शेयर बाजार में सूचीबद्धता के लिए लंदन को पसंदीदा स्थान चुना है। कंपनी ने अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय परिणामों के साथ जारी बयान में कहा कि लंदन में सूचीबद्धता से कंपनी को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के एक बड़े आधार

### रुपया चार पैसे टूटकर 96.57 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे टूटकर 96.57 (अस्थायी) के स्तर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को कुछ बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.53 के स्तर पर खुला और कारोबार के दौरान 96.45 से 96.59 प्रति डॉलर के दायरे में रहा।

# अदाणी का 'आसमान का राजा' बनने की तैयारी! एयर इंडिया-इंडिगो को देंगे टक्कर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


अदाणी ग्रुप ने सरकार से उस नियम में बदलाव की मांग की है जो देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट- नई दिल्ली और मुंबई-के ऑपरेटर्स को किसी शेड्यूल्ड एयरलाइन में 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी रखने से रोकता है। इससे एनर्जी से लेकर डिफेंस तक का कारोबार करने वाले इस ग्रुप को एयरलाइन शुरू करने और एविएशन सेक्टर में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस सेक्टर में ग्रुप पहले से ही आठ एयरपोर्ट चलाने के अलावा पायलट ट्रेनिंग, एयरक्राफ्ट की मरम्मत और ग्राउंड हैंडलिंग जैसे कामों में मजबूत मौजूदगी रखता है। अदाणी के पास अभी मुंबई एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट में जीएमआर एयरपोर्ट्स की 74 फीसदी हिस्सेदारी है।

- अदाणी की मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है

**अदाणी ग्रुप के पास आठ एयरपोर्ट के अलावा पायलट ट्रेनिंग व एयरक्राफ्ट मरम्मत जैसे काम**

#### करना पड़ सकता है विरोध का सामना

अदाणी ने कहा कि सरकार को यह सुझाव दिया गया था कि ऐसा नियम बनाया जाए जिससे कोई पाबंदी न हो। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी ग्रुप के अंदर किसी एयरलाइन को खरीदने के बारे में कोई ठोस बातचीत नहीं चल रही है। अदाणी ग्रुप ने सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। एयरलाइन अधिकारियों का कहना है कि इस ग्रुप के प्लान का घरेलू एयरलाइंस कड़ा विरोध कर सकती हैं और कॉम्पिटिशन रेगुलेटर इसकी बारीकी से जांच कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इससे एयरपोर्ट तक पहुंच, खासकर स्लॉट अलॉटमेंट में, अनुचित फायदा मिल सकता है और कॉम्पिटिशन का माहौल बिगड़ सकता है।



**अभी कोई पक्का फैसला नहीं :** जीत अदाणी ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग यूनिट तभी कमर्शियली कामयाब हो सकती है जब उसे प्लेन के लिए बड़ा ऑर्डर मिले। अदाणी के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अभी कोई पक्का फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि ग्रुप के लिए एयरलाइन शुरू करने में तालमेल (सिनर्जी) की संभावना है।

#### इंडिगो और एयर इंडिया को भी मिलेगा मौका

*इंडस्ट्री के सीनियर अधिकारियों का कहना है कि अगर सरकार अदाणी के प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो इससे इंडिगो और एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस को भी एयरपोर्ट में हिस्सेदारी खरीदने की इजाजत मिल जाएगी, जिससे वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को रोक सकती हैं। एयरलाइन इंडस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अदाणी ग्रुप के पास देश में आठ एयरपोर्ट हैं, जिनमें मुंबई का मुख्य एयरपोर्ट भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर मकसद मोनोपॉली (एकाधिकार) को रोकना था, तो इसका उल्टा असर होगा-कोई भी एयरपोर्ट मालिक जो एयरलाइंस के साथ कॉम्पिटिशन कर रहा है, वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को अच्छे स्लॉट पाने से रोक सकता है।*

#### सरकार तोड़ना चाहती है एआई और इंडिगो का दबदबा

मंत्रालय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से उस नियम में पिछली तारीख से बदलाव करने की कानूनी वैधता पर राय मांग रहा है। यह नियम 2006 में इन दोनों एयरपोर्ट्स के प्राइवेटाइजेशन के समय हुए समझौतों में शामिल किया गया था। ऐसे किसी भी बदलाव के लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी होगी। सीनियर अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार शायद एक अच्छी-खासी फंडिंग वाली एयरलाइन ऑपरेटर चाहती है जो इंडिगो और एयर इंडिया की डुओपॉली (दो कंपनियों का दबदबा) को तोड़कर जरूरी कॉम्पिटिशन ला सके। ये दोनों कंपनियां मिलकर घरेलू मार्केट के लगभग 90 फीसदी हिस्से को कंट्रोल करती हैं।

### इस कदम से छोटे खुदरा कारोबारियों के कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा

# सरकार ने निर्यात के लिए भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में एफडीआई की अनुमति दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। इस कदम से छोटे खुदरा कारोबारियों के कारोबार पर असर डाले बिना भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल के तहत खुदरा कारोबार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति नहीं है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने प्रेस नोट में कहा, भारतीय विक्रेताओं को वैश्विक बाजारों तक आसान और व्यापक पहुंच उपलब्ध कराकर निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई है।

- भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद
- भारतीय विक्रेताओं की वैश्विक बाजारों तक आसान और व्यापक पहुंच होगी
- निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई

#### डीपीआईआईटी, एफडीआई से जुड़े मामलों को देखता है

इसके तहत यह निर्णय लिया गया है कि देश में विनिर्मित और/या उत्पादित वस्तुओं एवं उत्पादों के निर्यात के मामले में माल भंडार-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल पर लागू प्रतिबंध लागू नहीं होंगे।' वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाला उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से जुड़े मामलों को देखता है।

#### माल सीधे उपभोक्ताओं को बेचा जाता है

इस मॉडल में वस्तुओं और सेवाओं का भंडार ई-कॉमर्स कंपनी के स्वामित्व में होता है और उन्हें सीधे उपभोक्ताओं को बेचा जाता है। डीपीआईआईटी ने नीति में एक नया प्रावधान जोड़ा है जिसके अनुसार, ''ई-कॉमर्स इकाई को विदेश व्यापार नीति, 2023 और विदेशी मुद्रा प्रबंधन (वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुरूप भारत में विनिर्मित और/या उत्पादित वस्तुओं एवं उत्पादों के केवल निर्यात के लिए माल भंडार-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल अपनाने की अनुमति होगी।''




**कारोबार से कारोबार में एफडीआई की अनुमति है**

विभाग प्रेस नोट (पीएन) के माध्यम से एफडीआई नीति में बदलाव जारी करता है। मौजूदा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति के अनुसार, कारोबार-से-कारोबार (बी2बी) ई-कॉमर्स और मार्केटप्लेस मॉडल में एफडीआई की अनुमति है। कंपनी-से-उपभोक्ता (बी2सी) मॉडल में ई-कॉमर्स और इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में एफडीआई की अनुमति नहीं है।

**हितधारकों ने भी ऐसी व्यवस्था की मांग की थी**

विभाग ने कहा कि ई-कॉमर्स के माध्यम से वस्तुओं/उत्पादों के निर्यात के मामले में बी2सी और भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल पर लागू प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। यह निर्णय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत अधिसूचना जारी होने की तारीख से प्रभावी होगा।

#### भारत का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर

*यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार ई-कॉमर्स के जरिये निर्यात बढ़ाने के उपायों पर काम कर रही है। सरकार ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र (ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब) स्थापित करने जैसे अन्य उपायों पर भी काम कर रही है। अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर का है जबकि चीन का करीब 350 अरब अमेरिकी डॉलर है।*

#### वैश्विक ई-कॉमर्स का आकार 800 अरब अमेरिकी डॉलर

*वैश्विक ई-कॉमर्स व्यापार का आकार लगभग 800 अरब अमेरिकी डॉलर है और वर्ष 2030 तक इसके बढ़कर 2,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।*

# सैमसंग ने किए गैलेक्सी जेड सीरीज के तीन नए फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश

एजेंसी ⏭ लंदन



- फोन उपयोगकर्ताओं की जरुरतों को ध्यान में रखकर पेश किया गया
- कंपनी भारत में अपनी रणनीति में बदलाव लाएगी

दक्षिण कोरिया की दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बुधवार को गैलेक्सी जेड8 सीरीज के तहत तीन फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश किए। इस सीरीज के तहत पेश स्मार्टफोन में गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 शामिल हैं।

कंपनी ने नए मॉडल को अलग-अलग तरह के उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर पेश किया है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष एवं सीईओ टी एम रोह ने कहा, एआई के अधिक स्वायत्त होते जाने के साथ मोबाइल उपकरण ऐसे अनुभवों के सबसे व्यक्तिगत माध्यम बन जाएंगे, जो हर उपयोगकर्ता को समझते हैं और उसके हिसाब से खुद को ढाल लेते हैं। सैमसंग ने भारत में इन प्रीमियम फोल्डेबल उपकरणों की बिक्री बढ़ाने के लिए आक्रामक रणनीति का भी घोषणा की। कंपनी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए 30 महीने की बिना ब्याज वाली मासिक किस्त (ईएमआई) की सुविधा भी लाने जा रही है। इसके अलावा देशभर में वितरण नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा और अधिक दुकानों पर इन

#### बिक्री अगले महीने के शुरूआत में होगी

भारत में इन उपकरणों की बिक्री अगले महीने की शुरुआत में होगी। कंपनी के अनुसार, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और फोल्ड8 में बड़े डिस्प्ले दिए गए हैं, जबकि फ्लिप8 में बाहरी स्क्रीन के जरिये भी कुछ काम किए जा सकते हैं। इस सीरीज में कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े नए फीचर भी जोड़े गए हैं।

# इंडिगो को 238 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस कंपनी है इंडिगो
- पश्चिम-एशिया संघर्ष के कारण लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 238 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। ईंधन की ऊंची कीमतों, विदेशी मुद्रा विनिमय में नुकसान और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का कंपनी के लाभ पर प्रतिकूल असर पड़ा। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 2,176.3 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 25,614.1 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 21,542.6 करोड़ रुपये थी।

इस दौरान कंपनी के कुल खर्च में भी वृद्धि हुई। बयान में कहा गया, ''ईंधन की कीमतों में वृद्धि, विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव तथा पश्चिम एशिया में संघर्ष का तिमाही की लाभप्रदता पर संयुक्त असर पड़ा जिससे 2.4 अरब रुपये (238 करोड़ रुपये) का शुद्ध घाटा हुआ।'' इंटरग्लोब एविएशन इंडिगो की मूल कंपनी है। घरेलू विमानन बाजार में इंडिगो की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से अधिक है।

### अल्ट्राटेक सीमेंट एनसीडी से 5,000 करोड़ जुटाएगी



**नई दिल्ली।** अल्ट्राटेक सीमेंट की निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) जारी कर बाजार से 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बीएसई को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल की वित्त समिति ने एक लाख रुपये अंकित मूल्य वाले अधिकतम पांच लाख गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी ऋणपत्र जारी कर धन जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि ऋणपत्र की अवधि, कूपन दर और विभिन्न किश्तों में निर्गम के कार्यक्रम का ब्योरा बाद में जारी किया जाएगा। अल्ट्राटेक सीमेंट 20.55 करोड़ टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) की ग्रे सीमेंट क्षमता और 32 लाख टन प्रतिवर्ष सफेद सीमेंट एवं पुट्टी क्षमता के साथ देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी है।

# कार्बन उत्सर्जन घटाने ग्रीनलाइन, डाबर इंडिया ने की साझेदारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- ग्रीनलाइन मोबिलिटी एस्सार समूह की इकाई है
- भारी वाणिज्यिक ट्रकों के माध्यम से हरित लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करती है

एस्सार समूह की इकाई ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लि. ने बृहस्पतिवार को दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली डाबर इंडिया लि. के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत देश में एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) तथा इलेक्ट्रिक ईंधन से संचालित भारी वाणिज्यिक ट्रकों के माध्यम से हरित लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी ग्रीनलाइन मोबिलिटी, डाबर इंडिया के सड़क परिवहन परिचालन को कम उत्सर्जन वाले एलएनजी चालित ट्रक के माध्यम से अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने में मदद करेगी। ग्रीनलाइन ने बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत वह डाबर इंडिया की लॉजिस्टिक गतिविधियों में एलएनजी से चलने वाले भारी वाणिज्यिक वाहनों को तैनात करेगी। इससे लंबी दूरी के माल परिवहन से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी।

**1000 से अधिक एलएनजी व ईवी वाहनों का संचालन करती है :** ग्रीनलाइन वर्तमान में भारत के प्रमुख माल परिवहन मार्गों पर 1,000 से अधिक एलएनजी और बिजलीचालित भारी वाणिज्यिक वाहनों का संचालन कर रही है। ये वाहन इस्पात, सीमेंट, खनन, रोजमर्रा के सामान और रसायन समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए सेवाएं दे रहे हैं।

# कच्चे तेल के दाम में उछाल से सेंसेक्स 364 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- कच्चा तेल बढ़कर 98 .32 डॉलर प्रति बैरल पर
- गिरावट का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहा

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कच्चे तेल के दाम में उछाल से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 364 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 363.66 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 76,391.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 603.07 अंक लुढ़ककर 76,151.98 अंक तक आ गया था। वहीं, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.65 अंक यानी 0.53 प्रतिशत टूटकर 23,869.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और टाटा स्टील के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इटर्नल और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 4.52 प्रतिशत बढ़कर 98.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और वैश्विक स्तर पर एआई निवेश को लेकर फिर से बढ़ी चिंताओं ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में संभावित बाधाओं की आशंका के बीच कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से निवेशकों की धारणा महंगाई और कंपनियों के मुनाफे पर पड़ने वाले असर से प्रभावित हुई है।

#### एशियाई बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। हालांकि, यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# घरेलू पेय ब्रांड माजा ने 50 साल किए पूरे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- विशेष आम दिवस पर डाक टिकट जारी

कोका-कोला इंडिया के घरेलू आम-आधारित पेय ब्रांड ''माजा'' ने ''राष्ट्रीय आम दिवस'' पर आम के किसानों को सम्मानित करके अपनी 50वीं सालगिरह मनाई। इन किसानों ने ब्रांड की यात्रा में अहम योगदान दिया है।

इस खास मौके पर ''नेशनल मैंगो डे'' या ''राष्ट्रीय आम दिवस'' पर डाक विभाग ने एक 'विशेष कवर' जारी किया। इसे केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और दिल्ली सर्किल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अखिलेश कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से जारी किया। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए किसानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कोका-कोला इंडिया के नेतृत्व, बॉटलिंग करने वाले साझेदार, अमल में लाने वाले साझेदार, ''सेंटर फॉर डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन ट्रस्ट'' (सीईएनडीईसीटी) और आम आपूर्तिकर्ता ''फूड्स एंड इन्स लिमिटेड'' के प्रतिनिधि मौजूद थे। माजा वर्ष 2024 में कोका-कोला कंपनी का अरब डॉलर का ब्रांड बन गया।

**माजा वर्ष 1976 में भारत में हुआ शुरू**

*कोका-कोला ने तब चौहान बंधुओं से एरेटेड ड्रिंक्स (कार्बोनेटेड ड्रिंक्स) का पूरा पोर्टफोलियो खरीदा था, जिसमें थम्स अप, गोल्ड स्पाट और लिम्का भी शामिल थे। माजा को वर्ष 1976 में भारत में शुरु किया गया था और यह मुख्य रूप से स्थानीय स्तर पर बेचा जाता है।*

### नीतिगत समर्थन का अभाव बाधा नहीं : सीईओ

# मर्सिडीज-बेंज इंडिया हाइब्रिड वाहन लाना रखेगी जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारतीय बाजार में हाइब्रिड वाहनों की अपनी पेशकश जारी रखेगी। कंपनी का कहना है कि भले ही इस प्रौद्योगिकी के लिए नीतिगत प्रोत्साहन का अभाव हो, फिर भी वह ग्राहकों की अंतर्निहित मांग को पूरा करने के लिए हाइब्रिड गाड़ियां लाती रहेगी।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अपने एएमजी ई 53 प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (पीएचईवी) के दो संस्करण क्रमशः 1.45 करोड़ रुपये और 1.48 करोड़ रुपये (भारत में शोरूम कीमत) की कीमत पर पेश किए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि हाइब्रिड वाहन उन ग्राहकों के लिए एक माध्यम का काम करते हैं, जो अभी पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं।

**कंपनी ने अपने एएमजी ई 53 प्लग-(पीएचईवी) के दो संस्करण उतारे**

#### पेट्रोल इंजन के साथ इलेक्ट्रिक मोटर होती है

सीईओ ने कहा, हमारे लिए प्लग-इन हाइब्रिड (ऐसा वाहन जिसमें पेट्रोल इंजन के साथ इलेक्ट्रिक मोटर भी होती है और जिसकी बैटरी को बाहरी बिजली स्रोत से चार्ज किया जा सकता है) प्रौद्योगिकी उन ग्राहकों के लिए एक सेतु का काम करती है, जो अभी पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं।



**ग्राहक ईवी के पहले हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का अनुभव प्राप्त करें :** अय्यर ने कहा कि कंपनी नीति-निर्माताओं के इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष ध्यान को समझती है और उसका सम्मान करती है, लेकिन वह ग्राहकों को विकल्प उपलब्ध कराना चाहती है ताकि वे पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने से पहले हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का अनुभव प्राप्त कर सकें।

#### 75 प्रतिशत ग्राहक ईवी को प्राथमिकता नहीं दे रहे

सीईओ ने कहा, /''दीर्घकालिक रूप से देखा जाए तो विद्युतीकरण ही अंतिम लक्ष्य है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि लगभग 75 प्रतिशत ग्राहक अब भी कुछ व्यावहारिक कारणों से पूरी तरह ईवी को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं। अय्यर ने कहा कि चार्जिंग बुनियादी ढांचा और सीमित दूरी को लेकर चिंता जैसे कारक अब भी इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता की गति को प्रभावित कर रहे हैं।

## चिंतन

# पीएम की फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा सकारात्मक पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाने और दोषी पाए जाने पर सख्त सजा देने की घोषणा करके संदेश दिया है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने और छात्रों हितों के प्रति गंभीर है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने गतिरोध तोड़ने के लिए प्रदर्शनकारी छात्रों को चार बार वार्ता का न्योता भेजा है। हालांकि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कार्यालय या आवास पर वार्ता के लिए नहीं जाएंगे। वे जंतर-मंतर पर ही मंत्री के साथ वार्ता करेंगे। मौके की नजाकत को देखते हुए छात्रों को भी नरम रुख अपनाते हुए वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। यदि दोनों पक्ष सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे आएं तो सभी मुद्दों का समाधान निकल सकता है। सामान्य न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे मामलों का वर्षों तक लंबित रहना न केवल न्याय में देरी का कारण बनता है, बल्कि अपराधियों के मनोबल को भी बढ़ाता है। यदि विशेष अदालतों के माध्यम से समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित होती है और दोषियों को कठोर दंड मिलता है तो यह भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में प्रभावी साबित हो सकता है। साथ ही परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि केवल सजा की व्यवस्था ही पर्याप्त नहीं होगी। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी मजबूत करना और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही आवश्यक है। दूसरी ओर, आंदोलन कर रहे छात्रों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझना होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यदि छात्र अपनी मेहनत और भविष्य को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। सरकार द्वारा कई बार वार्ता का प्रस्ताव दिया जाना सकारात्मक संकेत है। अब छात्रों को भी संवाद का अवसर गंवाना नहीं चाहिए। बातचीत किसी भी विवाद का सबसे प्रभावी और लोकतांत्रिक माध्यम है। यदि वार्ता होती है तो केवल तत्काल मांगों पर ही नहीं, बल्कि भविष्य में परीक्षा सुधारों पर भी ठोस सहमति बन सकती है। इसके साथ ही आंदोलन को उसकी मूल भावना तक सीमित रखना भी आवश्यक है। किसी भी जन आंदोलन में समय के साथ विभिन्न राजनीतिक या अन्य हित समूह सक्रिय होने का प्रयास करते हैं। यदि आंदोलन का उद्देश्य छात्रों के अधिकार और परीक्षा सुधार हैं तो उसे उसी दिशा में केंद्रित रहना चाहिए। हिंसा, टकराव या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करती हैं और वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। पुलिसकर्मियों पर हमले या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली घटनाएं किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की भावना के अनुरूप नहीं कही जा सकतीं। यदि कहीं ऐसे तत्व सक्रिय हैं जो आंदोलन को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, तो छात्रों को स्वयं उनसे दूरी बनानी चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी इस मुद्दे पर केवल राजनीतिक लाभ-हानि के बजाय रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। युवाओं का भविष्य किसी भी दलगत राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह समय टकराव का नहीं, बल्कि विश्वास बहाली का है। फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।



मुद्दा
राज कुमार सिन्हा

# परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक टकराव

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला।

भारत में शिक्षा और सार्वजनिक भर्ती परीक्षा प्रणाली को लेकर उपजा असंतोष अब एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। पिछले लगभग एक महीने से हजारों छात्र-छात्राएं और युवा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में गहराते संकट के लिए जवाबदेही तय की जाए तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल की जाए। पिछले एक दशक में देशभर में केंद्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं, जिनसे लगभग 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। इनमें नीट-यूजी, यूजीसी-नेट, एसएससी तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस और शिक्षक भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। भारत की 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 34.5 से 37.1 करोड़ युवा आबादी, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है, इस व्यवस्था से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर तीन सप्ताह से आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला। इसके बाद छात्रों ने संसद तक मार्च का आह्वान किया। दिल्ली, मुंबई, पटना, बेंगलुरु सहित अनेक शहरों में कैंडल मार्च, धरने और प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। सिख समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बड़ी संख्या में आम नागरिक भी भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। इस मानवीय सहयोग ने आंदोलन को सामाजिक संवेदना का भी स्वरूप प्रदान किया है। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ। पुलिस ने आंसू गैस, लाठीचार्ज तथा अन्य बल प्रयोग के माध्यम अपनाए। अनेक प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जबकि पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। आंदोलनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सादे कपड़ों में मौजूद लोगों ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसा की तथा बैरिकेडिंग में करंट और कीलों वाली लाठियों का प्रयोग किया गया। पुलिस पर पैलेट गन के इस्तेमाल के भी आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग उठ रही है। सरकार ने जंतर-मंतर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए, कई



मेट्रो स्टेशनों को अस्थायी रूप से बंद किया तथा पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में बदल दिया। केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शनों को संभालने के लिए 3000 अतिरिक्त सशस्त्र पुलिसकर्मी भेजे हैं। यह कदम दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर उठाया गया है।

राजधानी के संवेदनशील हिस्सों जंतर-मंतर से संसद भवन तक खासतौर से इसके आसपास के इलाकों को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया गया है। जमीनी घेराबंदी के अलावा दिल्ली की सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से पूरी तरह से लैस किया गया है। इसके बावजूद अगले दिन भी बड़ी संख्या में छात्र आंदोलन स्थल पर पहुंचे और संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में प्रदर्शन किया और गिरफ्तार हुए। उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, शरद पवार, सुप्रिया सुले, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह सहित कई नेताओं ने जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। संसद में भी विपक्ष ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। एमनेस्टी इंटरनेशनल सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग पर चिंता व्यक्त की और लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से अपनी बात रखने तथा धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि उनकी लड़ाई केवल किसी एक परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया की नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही स्थापित करने की है। उनकी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पेपर लीक मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, भर्ती प्रक्रियाओं की समयबद्धता, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में जवाबदेही तय करना तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करना शामिल है। यह आंदोलन अब केवल परीक्षा सुधार का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और शासन की जवाबदेही से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। यदि सरकार आंदोलनकारी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध निर्णय लेती है, तो स्थिति शांत हो सकती है और शिक्षा व्यवस्था में सुधार का रास्ता खुल सकता है। इसके विपरीत यदि केवल पुलिस बल और प्रशासनिक नियंत्रण के माध्यम से आंदोलन को दबाने का प्रयास जारी रहता है, तो युवाओं का असंतोष और व्यापक हो सकता है। ऐसी स्थिति में यह आंदोलन देशव्यापी छात्र-युवा अभियान का रूप लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को भी अपने साथ जोड़ सकता है। इससे संसद, न्यायपालिका और सरकार पर संस्थागत सुधारों का दबाव बढ़ने की संभावना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी संकट का सबसे प्रभावी समाधान संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही है। इसलिए आने वाले समय में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत, विश्वास बहाली और शिक्षा सुधारों पर ठोस पहल ही यह तय करेगी कि यह संघर्ष टकराव की दिशा में बढ़ता है या फिर भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है। उधर, संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे के नाम रहा। पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बना राजनीतिक गतिरोध है। सरकार और विपक्ष, दोनों को टकराव छोड़कर संवाद का रास्ता तलाशना होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा




# सांस्कृतिक जुड़ाव को बल दें भाषाएं

कोई भी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं होती। देश, समाज या किसी समुदाय विशेष की परंपराओं और संस्कृति के अनगिनत रंग सहेजे होती है। भाषाएं समग्र रूप से देश की संस्कृति को अगली पीढ़ियों तक ले जाने का काम करती हैं। यही वजह है कि संस्कृति के इन रंगों को जीवन से जोड़े रखने और विरासत सहेजने के लिए भाषाओं को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। असल में भाषायी विविधता सोच और समझ के नए द्वार भी खोलती है। मानवीय भावनाओं को साझेपन का परिवेश बनाती है। यही वजह है कि किसी एक भाषा के विलुप्त होना उसके शब्दों का खत्म होना भर नहीं, बल्कि एक समाज विशेष के सदियों पुराने इतिहास, लोकगीत, उत्सव, रीति-रिवाज, लोक-साहित्य और जीवनयापन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान के खत्म होने जैसा है। विशेषकर मातृभाषा से दूर होना होना तो इंसान की मौलिक अभिव्यक्ति की सहजता और गहराई ही छीन लेता है। हाल ही में कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' यानि 'शब्द संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी विरासत को संभालती है और उसकी संस्कृति को समझने का जरिया बनती है। इसीलिए अपनी मातृभाषा सीखने के साथ-साथ हर विद्यार्थी को कम से कम एक और भारतीय भाषा अवश्य सीखनी चाहिए, ताकि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को और बेहतर तरीके से समझ सकें। यह विचार सकारात्मक और सराहनीय तो है ही, सांस्कृतिक विविधता के लिए दुनियाभर में मान पाने वाले हमारे देश की नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने वाला भी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित 'शब्दलोक' संग्रहालय भी भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को ही समर्पित है। संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक और संवादात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की मौखिक और लिखित भाषाई परंपराओं के विकास की यात्रा को दर्शाया गया है। वस्तुतः, भाषाएं किसी भी देश की विरासत को आगे बढ़ाने सबसे सशक्त माध्यम होती हैं। बावजूद इसके हालिया बरसों में बच्चे न केवल अपनी मातृभाषा से दूर हो रहे हैं बल्कि दूसरी भाषाओं को सीखने में भी कम ही रुचि लेते हैं। आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल होती दुनिया में अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को भूलते जा रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने वाले इस व्यवहार से कई भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। घरों में भी अपनी मातृभाषा बोलने का चलन कम हुआ है। बहुत से युवा रोजगार के अवसरों को देखते हुए दूसरे देशों की भाषा सीख रहे हैं पर अपने ही क्षेत्र की भाषा भूल गए हैं। यह स्थिति न केवल उनकी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करती है, बल्कि हमारी समृद्ध भाषाई विविधता को भी विलुप्त होने के कगार पर ला रही है। समझना कठिन नहीं कि अपनी भाषाएं न सीखने से मानवीय जीवन से जुड़ी कई अनमोल मौखिक परम्पराएं हमेशा के लिए समाप्त हो रही हैं। चिंतनीय है कि भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने की बात हो सभ्यतागत पहचान को सुरक्षित रखने की, देश के सभी हिस्सों की भाषाएं ही आपसी जुड़ाव का पुल बनाकर सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मार्ग दिखाती हैं। इस गठजोड़ को मजबूती देने के लिए परिवार की भूमिका भी अहम है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी परिवार की भाषा ही पहली पाठशाला बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मां की भाषा में ही बच्चे की पढ़ाई हो, विद्यालय और विश्वविद्यालय मौलिक चिंतन का केंद्र बनें, तभी हम सृजन में अपना योगदान दे सकते हैं। यह सचमुच चिंतनीय है कि बड़े शहरों में आकर बसने, दूसरे राज्यों में जाकर रहने या विदेश में जा बसने के कारण बहुत से भारतीय परिवारों का अपनी मूल मातृभाषा से संपर्क टूट जाता है। इसके चलते बच्चे अपनी जड़ों, लोक-संस्कृति, त्योहारों और पारंपरिक मूल्यों से भी दूर हो रहे हैं। इस सभ्यतागत संकट के बावजूद देश में 117 भाषाएं खतरे में हैं। बीते 50 वर्षों में 220 से अधिक भाषाएं अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। कई भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले 10 हजार से भी कम लोग बचे हैं। यूनेस्को की ओर से जारी एटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजर की रिपोर्ट के मुताबिक साल 1950 से अब तक पूरी दुनिया में सैकड़ों भाषाएं खत्म हो चुकी हैं। असल में भाषाएं सीखना और उन्हें बोलचाल का हिस्सा बनाना ही संवाद के इस माध्यम को सहेजने का एकमात्र रास्ता है। अपनी मातृभाषा के अलावा एक ओर भाषा सीखने का आह्वान भी इस मोर्चे पर बहुत मायने रखता है। इससे देश की संस्कृति को समझने में भी नई पीढ़ी की रुचि बढ़ेगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## भगवान विष्णु रहेंगे चार माह तक योग निद्रा में



संकलित
दर्शन

हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना है। एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा होती है। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में क्षीर सागर में चले जाते हैं। इन चार महीनों के दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। इसके अलावा चार महीने यानी चातुर्मास के दौरान कई तरह के कार्य वर्जित होते हैं। वहीं इस दौरान कई तरह के कार्य करना शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं क्या करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष देवशयनी एकादशी 25 जुलाई है और इस दिन के बाद भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में होते हैं, जो कार्तिक माह के देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। ऐसे में इस दौरान चार महीनों तक भगवान विष्णु पूजा, जप, तप और दान करते हुए भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवशयनी एकादशी भगवान विष्णु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

## देह दानी राजा शिवि महाराज



संकलित
प्रेरणा

एक दिन राजा अपने दरबार में बैठे थे तभी एक कबूतर उड़ता हुआ उनकी गोद में आ गिरा और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा कबूतर ने कहा - महाराज आपकी उदारता और शरणागत पर दया की चर्चा पशु-पक्षियों तक में होती है मैं भी आपके राज्य में निवास करने के कारण आपकी प्रजा और अभी आपका शरणागत हूं। मेरी रक्षा करें। शिवि ने कबूतर को निश्चिंत रहने का वचन दिया और कहा कि वह उसकी रक्षा हर हाल में करेंगे। राजा ने जैसे ही वचन दिया तभी वहां एक बाज आ पहुंचा और शिवि से कबूतर को वापस करने की मांग करने लगा। बाज ने कहा - महाराज यह कबूतर मेरा आहार है मैं अपने आहार का पीछा कर रहा था मैंने इस पर प्रहार भी किए है, आप मुझे मेरा आहार वापस करें। आपकी बड़ी कृपा होगी। राजा शिवि ने कहा - बाज यह तुम्हारा आहार रहा होगा किंतु अभी यह मेरा शरणागत है और मैंने इसको प्राण रक्षा का वचन दिया है। इसलिए मैं अपना वचन भंग नही कर सकता। बाज ने कहा - महाराज मैं भी आपके राज्य का रहने वाला पक्षी हूं। विधाता ने मुझे शिकार करके अपना पेट भरने की व्यवस्था दी है अगर आप कबूतर वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। जो राजा अपनी प्रजा को किसी कारण कष्ट देता है या उसके आहार का हरण करता है उस राजा पर से देवों की कृपा समाप्त हो जाती है उसकी प्रजा को इसका दंड भोगना पड़ता है आप यह पाप न करें। शिवि ने कहा - तुम्हारी बातें सत्य है किंतु मैं वचनबद्ध हूं। शरणागत का अतीत मुझे ज्ञात नहीं था इसलिए मैंने इसकी रक्षा का भार लिया है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं**

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है। *- गीतांजलि, रेवाड़ी*

## करंट अफेयर

### ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं, रूबियो ने कही बड़ी बात

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका के साथ पिछले महीने हुई बातचीत में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान बातचीत को लेकर सीरियस नहीं है और साथ ही वॉर्निंग दी कि अगर ईरान को मार्को रूबियो ने आगे कहा कि ईरान ने बातचीत के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों तरह के माध्यमों से अमेरिका से संपर्क किया था, लेकिन ईरान अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के युद्ध होर्मुज से निकलकर मेनडेब स्ट्रेट तक पहुंचता नजर आ रहा है। हूती विद्रोहियों ने इसके जरिए होने वाले सऊदी अरब के व्यापार को रोकने का ऐलान किया है। अभी समस्या यह है कि ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं हैं। अगर वे सीरियस हैं, तो हम भी सीरियस हैं। अगर वे गंभीर नहीं हैं, तो हम खुद की और अपने सहयोगियों के हितों की सुरक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेंगे। मार्को रूबियो ने होर्मुज से गुजरने वाले ट्रैफिक पर कंट्रोल करने की ईरान की डिमांड की भी आलोचना की और कहा कि यह जलमार्ग एक इंटरनेशनल समुद्री रास्ता है जिसको खुला रहना चाहिए। रूबियो ने कहा, असल बात बहुत सीधी है।



## ऑफ बीट

### दिल के मरीजों के लिए संगीत है अच्छी दवा

भारत में 20 करोड़ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, 5 करोड़ डिप्रेशन और इतने ही स्ट्रेस से परेशान हैं। ये तनाव दिल की बीमारी का बड़ा कारण है। द लांसेट की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक और लगातार तनाव के बने रहने से ब्लड कोलेस्ट्रोल, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इससे हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट की मसल्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। हार्ट की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जब भी आप तनाव में हों, मनपसंद संगीत सुनिए। संगीत मस्तिष्क में रासायनिक संतुलन को बदलता है। धमनियों को आराम देकर ब्लड वेसल्स की काम करने की क्षमता सुधारता है। परिश्रम के बाद हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को तेजी से बेस लाइन पर लौटाता है। चिंता को कम करता है। काम के दौरान लें छोटे ब्रेक- काम के दौरान स्ट्रेस होना बहुत आम है। विचारों को संतुलित करने, फोकस लाने के लिए काम के बीच हर एक घंटे में पांच मिनट का ब्रेक लें इससे तनाव कम होगा, प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी हार्ट की कार्यक्षमता भी सुधरेगी। द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशन के अनुसार, प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में फैट नमक और चीनी ज्यादा होती है। इसे अधिक खाने की इच्छा भी होती है।



## ट्रेंड

### फास्ट ट्रैक कोर्ट

देश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



### चर्चा से भाग रहा विपक्ष

एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और चर्चा के लिए तैयार है लेकिन कांग्रेस, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि जब वे बहस के लिए सदन में आएंगे, तो उनकी दोहरी नीति दुनिया के सामने उजागर हो जाएगी।
-**गजेंद्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय संस्कृति मंत्री



### जौहर विश्वविद्यालय

दिल्ली में परीक्षा को लेकर आंदोलन चल रहा है और रामपुर में शिक्षा को लेकर। जौहर विश्वविद्यालय को बचाकर ही यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है; इसी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ हमारा प्रतिनिधिमंडल आज वहां पहुंचा है।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



### बेहतर शिक्षा व्यवस्था

यह आंदोलन बहुत शांतिपूर्ण था; बहुत दुख की बात है कि इसने हिंसक रूप ले लिया। जो छात्र और उनके परिवार घायल हुए, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। मुझे यह देखकर खुशी है कि हमारे देश के बच्चे बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए एकजुट हुए हैं।
- **सलमान खान,** फिल्म अभिनेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही फिर स्थगित, अपनी मांगों पर अड़ा रहा विपक्ष

सरकार ने विपक्ष पर लगाया संसद नहीं चलने देने का आरोप

# सरकार युवाओं के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध और हम खुली चर्चा के लिए तैयार विपक्ष बहस नहीं चाहता, राहुल की राजनीति गैरजिम्मेदाराना और अराजक

सत्र के चौथे दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, इसी मुद्दे पर राज्यसभा को भी स्थगित कर दिया गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में नीट परीक्षा को लेकर घमासान जारी है। लोकसभा के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर तीन बजे शुरू होने के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया।

विपक्ष शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, राज्यसभा को तीन बजे तक तक स्थगित कर दिया गया है।

## राहुल संसद में बहस नहीं चाहते



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश दिया है, क्योंकि सरकार युवाओं के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में चर्चा नहीं चाहते। उन्होंने किसी को बताए बिना धरना दिया। वे गैर-जिम्मेदाराना राजनीति करते हैं। रविशंकर ने कहा कि हम सभी युवाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम खुली चर्चा के लिए तैयार हैं। हमारे पास कहने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उनका काम सिर्फ अराजकता फैलाना है।

## विपक्ष को पुराने रिकॉर्ड और भूमिका पर डर : शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और सांसदों ने विपक्ष पर संसद की



कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा किसरकार छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और गंभीर मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से बच रहा है। जब सरकार सभी शर्तें मानने को तैयार हो जाती है, तब भी चर्चा से पीछे हट जाता है। विपक्ष को आशंका है कि सदन में बहस होने पर उसके पुराने रिकॉर्ड और भूमिका पर भी सवाल उठेंगे।

## विपक्ष और राहुल गलत व्यवहार कर रहे: मनोज

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, विपक्ष और राहुल गांधी गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। ये लोग तख्तियां लेकर आते हैं।



लेकिन चर्चा नहीं करते। आज हम सभी जानना चाहते हैं कि वे चर्चा से क्यों भाग रहे हैं? संसद में नीट के मुद्दे पर चर्चा कीजिए। पेपर लीक के मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे।

मेट्रो स्टेशन बंद होने पर सीजेआई बोले

## दोपहर तक समाधान नहीं हुआ तो हम करेंगे हस्तक्षेप



छात्रों के प्रदर्शन के बीच सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बंद होने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में उठा। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने आग्रह किया वकीलों, पक्षकारों और कर्मचारियों को स्टेशन का इस्तेमाल करने की अनुमति दें, जिनके पास सुप्रीम कोर्ट में प्रवेश का वैध पास है। सीजेआई ने हस्तक्षेप की बात कही है।

## पुलिस को मिले एनएसए लगाने के अधिकार

प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस को एनएसए लगाने की शक्ति दी गई है। पुलिस को यह अधिकार 19 जुलाई से शुरू होकर तीन माह तक लागू रहेगा।

## देश के कई राज्यों में बवाल



पटना : छात्रों ने बैनर लेकर नारेबाजी की।





ठाणे : छात्रों ने प्रदर्शन कर न्याय मांगा।



चेन्नई। छात्र संगठनों ने आंदोलन किया।



कोलकाता। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की।

## बच्चों को जल्द न्याय मिलेगा सख्त कार्रवाई होगी




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि हम बच्चों से बात करने की जरूर कोशिश करेंगे और उनसे पूछने के लिए कि बातचीत करने में क्या उन्हें कोई एतराज है क्या? बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और छात्रों का मामला है। बच्चों को न्याय मिलेगाष सख्त कार्रवाई होगी।

एनडीएमसी ने ऐहतियातन उठाया कदम

## कनॉट प्लेस पर सभी दुकानें और रेस्त्रां बंद रखने के निर्देश

कनॉट प्लेस में मौजूदा स्थिति को देखते हुए एनडीएमसी ने एहतियातन सभी दुकानें, कार्यालय और रेस्त्रां बंद रखने के निर्देश दिए हैं। एनडीएमसी ने गुरुवार शाम 6:30 बजे तक प्रतिष्ठान बंद रखने को कहा है। सभी प्रतिष्ठान मालिकों और कब्जाधारकों से अपील की है कि वे आदेश का कड़ाई से पालन



करें। एनडीएमसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने कनॉट प्लेस में सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश टेलीफोन के माध्यम से जारी किया गया। यहां गंभीर स्थिति को देखते हुए फैसला लिया गया है। प्रतिष्ठान मालिकों और कब्जाधारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

सपा, आप और कांग्रेस में रार

## राहुल के धरने पर भड़कीं वांगचुक की पत्नी

दिल्ली में आंदोलन में कांग्रेस, आप , सपा समेत तमाम दल भी शामिल हो गए हैं। अरविंद केजरीवाल, शरद पवार, चंद्रशेखर आजाद आदि ने अभिजीत दीपके से मुलाकात करके आंदोलन को समर्थन दिया है। राहुल गांधी लंबे समय से नीट पेपर लीक पर सरकार के हमलावर हैं। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने उस प्रदर्शन पर सवाल उठाया है।

## कटिहार में छात्रों का हंगामा, कलेक्ट्रेट ऑफिस को घेरा, पुलिस से भिड़ंत के बाद लाठीचार्ज

बिहार के कटिहार जिले में नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। सैकड़ों छात्रों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर केंद्र के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने मुख्य गेट को तोड़ने की कोशिश शुरू कर दी। पुलिस ने छात्रों को रोकने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मियों से ही उलझ गए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

## खबर संक्षेप

### उभरते क्रिकेटर को हनीट्रैप में फंसाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उभरते हुए क्रिकेटर साइबर अपराधियों के हनीट्रैप जाल का शिकार हो गए हैं।



बीसीसीआई की एक राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यह खिलाड़ी बेंगलूरू गए हुए थे। 5 सितारा होटल में ठहरने के दौरान एक महिला ने उन्हें वॉट्सएप वीडियो कॉल पर लिया और आपत्तिजनक हालत में उनका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

### करनाल में चेयरमैन पद से हटाई गईं राणा

**करनाल।** जिला परिषद की चेयरमैन परवेश राणा को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से पद से हटा दिया गया है।



जिला परिषद के 25 पार्षदों में से अविश्वास प्रस्ताव पर 19 पार्षद मौजूद रहे। मतदान के दौरान 17 पार्षदों ने चेयरमैन के खिलाफ मतदान किया, जबकि 2 पार्षदों ने उनके पक्ष में वोट डाला।

### 9वीं मंजिल से लिफ्ट गिरी, 4 मजदूर घायल

**लखनऊ।** राजधानी में महानगर के विज्ञानपुरी क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा हासदा हो गया। यहां शालीमार



गैलेंट वेस्ट की निर्माणाधीन बिल्डिंग में लिफ्ट का काम कर रहे 4 मजदूर नौवीं मंजिल से नीचे गिर गए। उन्हें प्राइवेट अस्पातल में भर्ती कराया है।निर्माणाधीन अपार्टमेंट लिफ्ट डक्ट में 4 मजदूर काम कर रहे थे।

### चार्जिंग में ई-स्कूटर की बैटरी फटी, 3 झुलसे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अशोक विहार इलाके में गुरुवार को चार्जिंग के दौरान एक इलेक्ट्रिक स्कूटर की



बैटरी में कथित तौर पर विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद झुग्गी में आग लग गई, जिससे एक ही परिवार के 3भाई झुलस गए। घटना गुरुवार सुबह करीब 7 बजे उत्तर-पश्चिम दिल्ली के एसएस नगर इलाके की है।

देश के कई हिस्सों में बारिश ने किया बेहाल, आवागमन हो गया ठप

लगातार बारिश से लोगों का जीना मुहाल

# गुजरात में भारी बारिश से बिगड़े हालात, बाढ़ से गांवों का संपर्क टूटा, स्कूल -कॉलेज बंद, रेल सेवा पर लगा ब्रेक

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

दक्षिणी गुजरात में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में जनजीवन पर भारी असर पड़ा है। नर्मदा, वलसाड, नवसारी, डांग, सूरत और तापी पंचमहल, दाहोद और महीसागर जिलों में भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई, जिससे कई गांवों में बाढ़ आ गई है और वहां जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। बाढ़ में फंसे हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमों को तैनात किया है। वलसाड के उमरगांव तालुका में गुरुवार सुबह तक 16 घंटे की बारिश के दौरान 1,100 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। दक्षिण गुजरात के जिलों में भारी बारिश के कारण लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया और सैकड़ों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। लगातार बारिश के कारण सूरत जिले में नदियां और अन्य जलाशय उफान पर हैं, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। अहमदाबाद में 2 घंटे में 66 मिमी बारिश हुई, जिससे कई सड़कों पर जलभराव हो गया। यातायात प्रभावित हुआ। मुंबई जाने वाली रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया गया या उनका मार्ग छोटा कर दिया गया।

नदियां और जलाशय उफान पर, 1200 लोगों का रेस्क्यू



### स्टेशनों पर लोग परेशान नहीं मिल रहा टिकट

दक्षिण गुजरात में लगातार भारी बारिश हो रही है। इसका असर अब रेलवे यातायात पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेनों का रूट छोटा कर दिया गया है। बड़ी संख्या में यात्री वडोदरा रेलवे स्टेशन पर फंस गए। यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जबकि पश्चिम रेलवे के वडोदरा डिवीजन पर किसी भी तरह की उचित व्यवस्था नहीं करने के आरोप लगे हैं।

### अलर्ट मोड में वायुसेना और नेवी, नवसारी में 200 को बचाया

तापी जिले में बारिश से जुड़ी घटनाओं में एक मौत की खबर मिली है, जबकि बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ और राज्य की एसडीआरएफ की टीमों के साथ-साथ भारतीय वायु सेना और कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के आअनुसार हाल की बारिश से वलसाड ज़िला सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ, जहां उंबरगांव तालुका में बुधवार सुबह 6 बजे से गुरुवार सुबह 10 बजे के बीच 1,100 मिमी से ज़्यादा बारिश हुई। इसी दौरान ज़िले के कई अन्य तालुकाओं में भी 600 मिमी से ज़्यादा बारिश हुई। सूरत में 1,500 निवासियों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। नवसारी ज़िले में कावेरी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 11 गांवों में फंसे 200 लोगों को बचाया गया और सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया।

असम में दिखा बाढ़ का विनाशकारी रूप

### पूरा गांव पानी में डूबा, 16 जिले के लोगों को खान-पान का संकट



असम में आई बाढ़ ने लोगों के जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बाढ़ से राज्य के करीब 16 जिले प्रभावित हैं। जिससे इन लोगों के सामने खाने-पीने का भी संकट आ खड़ा हुआ है।राज्य में बाढ़ से प्रभावित कई ऐसे परिवार हैं। जिनके लिए दिन तो किसी तरह कट जाता है, लेकिन रात गुजारना कितना मुश्किल है।इन्हीं में से एक प्रशांत बोरठाकुर का परिवार भी शामिल है। परिवार में इनके 95 साल के बुजुर्ग पिता भी हैं।

पिथौरागढ़ भी बारिश से सर्वाधिक प्रभावित

## प्रदेशभर में 99 सड़कें बंद, काली नदी का जल स्तर खतरे के पास पहुंचा



**पिथौरागढ़** । राज्य में 99 सड़क बंद होने के कारण आवागमन प्रभावित है। सबसे अधिक सीमांत पिथौरागढ़ जिला प्रभावित है। यहां पर धारचूला-तवाघाट और न्यू सबेला तिदांग मार्ग बंद है। 21 और ग्रामीण मार्ग बंद हैं।

### नदियों के बढ़ते जल स्तर ने डराया

बारिश होने से राज्य में नदियों का जल स्तर खतरे के पास पहुंचा है। बुधवार तीन बजे तक पिथौरागढ़ जिले में काली नदी का जल स्तर 888.60 तक पहुंच गया था, जबकि खतरे का जल स्तर 890 मीटर है। रुद्रप्रयाग जिले में अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर भी खतरे के निशान के पास पहुंच गया।

हिमाचल में दरक रहे पहाड़ पूरा गांव खतरे की जद में

### कभी भी बड़ी तबाही का अंदेशा एक मकान हुआ क्षतिग्रस्त


**कांगड़ा।** हिमाचल में बारिश आफत लाई है। जिला कांगड़ा में इस बार ज्यादा नुकसान है।



शाहपुर की बोह घाटी में बादल फटने से 18 घर जमींदोज हो गए हैं। वहीं जवाली उपमंडल की नियांगल पंचायत में पूरे गांव पर खतरा मंडरा रहा है। जमोला पहाड़ी लगातार दरक रही है, जो कभी कहर ढहा सकती है। नाले का बहाव मुड़ने से हुए नुकसान के बाद अब मियोली में जमोला पहाड़ी से मलबे से लोग दहशत में हैं।

### मौसम विभाग ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी

मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और



मुज़फ़्फ़राबाद के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों, बिहार, पूर्वी मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश में बारिश होगी।

वैष्णव ने कहा- स्वदेशी एआई के विकास को लगेंगे पंख

# सर्वम और भारतजेन जैसे 20 बड़े मॉडलों को दे रहे मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 'इंडिया-एआई मिशन' के तहत मदद देने के लिए सरकार ने 20 स्वदेशी एआई मॉडल को चुना है। इनमें 12 बड़े लैंग्वेज मॉडल और 8 छोटे लैंग्वेज मॉडल शामिल हैं। इस मिशन का मकसद युवाओं के लिए नए अवसर और नौकरियां पैदा करना है, एआई से जुड़े खतरों को भी कंट्रोल करना है। सरकार भारतीय स्टार्टअप्स और संस्थानों को मदद कर रही है। सरकार जिन प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट कर रही है, वे एआई के अलग-अलग इस्तेमाल से जुड़े हैं। इनमें सर्वम, जी नैनी,भारज जेन और अवचार एआई जैसे नाम शामिल हैं। हेल्थकेयर, स्थानीय भाषा तकनीकों और ऑटोमेटेड के लिए मॉडल्स तैयार किए जा रहे हैं।

**इनकी खासियतें**

- सर्वम ने हाल में काफी चर्चा बटोरी है। सर्वम की तारीफ पीएम मोदी ने भी की थी।
- जीनैनी भारत के लिए स्पीच-टू-स्पीच (आवाज से आवाज में बात करने वाला) मॉडल तैयार कर रहा है।
- भारत जेनकई भारतीय भाषाओं को समझने वाले फाउंडेशन मॉडल बना रहा है।
- अवतार देश के लिए वीडियो जनरेट करने वाला एआई मॉडल बना रहा है।

## सरकार जिनका सहयोग कर रही वे अलग-अलग





### सरकार कर रही एआई की मदद

वैष्णव ने बताया कि भारत की एआई रणनीति देश के 300 अरब डॉलर के आईटी सेक्टर पर टिकी है, जिसमें करीब 60 लाख लोग काम करते हैं। इंडिया-एआई मिशन के 7 मुख्य पिलर हैं। जैसे- एआई मॉडल बनाना, ऐप्स तैयार करना, डेटासेट जुटाना, टैलेंट तराशना और सस्ता कंप्यूटर इंफ्रास्ट्रक्चर देना। सरकार ने 15 कंप्यूट सर्विस प्रोवाइडर्स को साथ जोड़ा है। साथ ही 237 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

### 686 छात्रों को फेलोशिप दी

सरकार के अनुसार उसने देश में एआई से जुड़े टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए 178 बड़े कॉलेजों व संस्थानों के 686 छात्रों को फेलोशिप दी है। 'युवा एआई फॉर ऑल' प्रोग्राम के तहत 26 लाख से अधिक लोग ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं। देश में 27 'इंडिया डेटा एंड एआई लैब्स' चालू हुई हैं।

हाई-डेंसिटी रेल मार्ग पर तीसरी लाइन

# 440 करोड़ से रेल कॉरिडोर से आवागमन होगा सुगम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने दक्षिण पूर्व रेलवे के निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन और मिदनापुर के बीच 14.52 किमी लंबी तीसरी रेल लाइन बिछाने की 440 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना का उद्देश्य व्यस्त रेल कॉरिडोर की क्षमता बढ़ाना, यात्री और मालगाड़ियों की आवाजाही को अधिक सुगम बनाना तथा परिचालन दक्षता में सुधार करना है।यह परियोजना हाई-डेंसिटी रेल मार्गों पर नेटवर्क क्षमता बढ़ाने की भारतीय रेलवे की व्यापक योजना का हिस्सा है। इस मार्ग पर



हर वर्ष अतिरिक्त लगभग 3.52 मिलियन टन माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी, जिससे उद्योगों और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को गति मिलेगी। यह सेक्शन हाई यूटिलाइजेशन नेटवर्क (एचयूएन-2) का हिस्सा है। वर्तमान में निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन से गोकुलपुर तक का हिस्सा सिंगल लाइन है।

मप्र विधानसभा में भी जोरशोर के साथ उठा दिल्ली में छात्रों के आंदोलन का मुद्दा

# कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिया, स्पीकर बोले- दिल्ली का मुद्दा, इसलिए अग्राह्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसून सत्र में बुधवार को कांग्रेस ने दिल्ली में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन पर हुए लाठी चार्ज का मुद्दा उठाया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चूंकि दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर लाठी चार्ज का मुद्दा केंद्र सरकार के अधीन है। नियमानुसार यह स्थानीय होना चाहिए। इसलिए यह प्रस्ताव अग्राह्य किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अध्यक्ष की व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुए। सदन में इस पर जमकर हंगामा हुआ।

कांग्रेस व भाजपा दोनों तरफ के सदस्यों ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। इसके बाद सदन की कार्रवाई कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर अध्यक्षीय व्यवस्था देते हुए स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मैंने पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को सुना है। भैरव सिंह बापू, सचिन यादव, दिनेश चंद्र बोस, रामकिशोर दोगने, सुरेश राजे ने दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के संबंध में स्थगन प्रस्ताव दिया है। मैनें उसका अवलोकन किया है। इसमें पाया कि यह सूचनाएं 9 बजे के बाद अर्थात 10.25 बजे प्राप्त हुई है। यह स्थगन राज्य शासन के प्रशासनिक कार्य एवं उत्तरदायित्व के संबंध में भी नहीं है। स्थगन के संबंध में अध्यक्ष के अस्थाई आदेश 123 में एवं प्रपत्र भाग 2 क्रमांक 38, 16 जून 2026 में भी स्पष्ट उल्लेख है की 9 बजे के बाद प्राप्त सूचनाओं को अगले दिन प्राप्त की हुई माना जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के लिए आवश्यक है कि उसका विषय राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य अथवा उसके उत्तरदायी होना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बोले कि आप युवा वर्ष मना रहे हैं तो मैं चाहता हूं कि इस पर स्थगन प्रस्ताव लेकर चर्चा की जाए

विपक्ष ने आसंदी के पास पहुंचकर की नारेबाजी



नेता प्रतिपक्ष सिंघार सहित कांग्रेसी विधायक प्रदर्शन करते हुए

### स्पीकर ने कहा

- सूचनाएं 9 बजे के बाद अर्थात 10.25 बजे प्राप्त हुई, इन्हें अगले प्राप्त हुआ माना जाएगा
- स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के लिए आवश्यक है कि उसका विषय राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य अथवा उसके उत्तरदायी होना चाहिए

### 'प्रश्नकाल से शून्य काल तक' पुस्तक का दिया हवाला

स्पीकर ने सभापति व्यवस्थाओं में एवं पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की पुस्तक 'प्रश्नकाल से शून्य काल तक' के पेज 234 में स्पष्ट लिखा है कि विषय शासन के कार्यकलापों से संबंधित होना चाहिए। इसमें स्पष्ट किया गया है कि यह स्थगन प्रस्ताव का विषय नहीं हो सकता। सारे तथ्यों पर विचार करने के बाद विधानसभा का नियम- प्रक्रिया के तहत इस प्रस्ताव को उठाने की अनुमति नहीं देता।

### दिल्ली में मप्र के हजारों लाखों छात्र अध्ययनरत, यह विषय बनता है

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि दिल्ली में किस प्रकार से लाठी चार्ज हुआ, उस में मप्र के भी हजारों छात्र थे। मप्र की भी दो छात्राओं की नीट परीक्षा में मौत हो गई है। प्रदेश के हजारों लाखों छात्र का मामला है। आप युवा वर्ष मना हैं तो मैं चाहता हूं कि इस पर स्थगन प्रस्ताव लेकर चर्चा कराई जाए।

सिंघार बोले: नीट पेपर लीक पर चर्चा से भाग रही सरकार

## कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर पहुंचे विधानसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने नीट पेपर लीक और दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतंत्र और युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान विधायकों ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो कि तख्तियां लेकर भी नारेबाजी की। सिंघार ने कहा कि दिल्ली में अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। कांग्रेस ने सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की, लेकिन भाजपा सरकार जवाब देने से बचती रही। जब राहुल गांधी के धरने के बाद केंद्र सरकार लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हो गई, तो मप्र की भाजपा सरकार विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा से क्यों भाग रही है।

- सरकार छात्रों को कीड़े मकोड़े कह रही

मप्र आयुर्विज्ञान विवि (संशोधन) विधेयक विधानसभा से पारित

## स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार के अनुरूप विवि व्यवस्था को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कदम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा में आज मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक विधानसभा से पारित हो गया। इस पर चर्चा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के अभूतपूर्व विस्तार को देखते हुए विश्वविद्यालय व्यवस्था को अधिक सक्षम, प्रभावी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना समय की आवश्यकता है। वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढ़कर 33 हो गए हैं।



इसी प्रकार एमबीबीएस सीटें 760 से बढ़कर 5,550 तथा स्नातकोत्तर (पीजी) सीटें 140 से बढ़कर 2,862 हो चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 10 हजार तथा पीजी सीटों की संख्या 5 हजार तक पहुंचाना है, ताकि प्रदेश में डॉक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। चिकित्सा शिक्षा संस्थानों और विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि के कारण विश्वविद्यालयों पर परीक्षा, मूल्यांकन, परिणाम, संबद्धता, शोध, नवाचार तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने का दायित्व भी लगातार बढ़ा है। संशोधन के माध्यम से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और समयानुकूल बनाया गया है, जिससे विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं बेहतर शैक्षणिक सेवाएं मिल सकेंगी।


### भारतीय ज्ञान परंपरा को सम्मान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं प्रतिकुलपति के स्थान पर कुलगुरु एवं प्रति-कुलगुरु जैसे भारतीय परंपरा आधारित पदनाम अपनाए गए हैं। यह भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्यों को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। संशोधन के माध्यम से कुलगुरु के चयन की प्रक्रियाको और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाया गया है। अब स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले योग्य शिक्षाविद कुलगुरु पद के लिए पात्र होंगे। साथ ही केवल शासकीय संस्थानों तक सीमित पात्रता समाप्त कर राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट स्वास्थ्य शिक्षा विशेषज्ञों को भी अवसर उपलब्ध कराया गया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सरकार केवल वर्तमान आवश्यकताओं के आधार पर नहीं, बल्कि आने वाले 20-25 वर्षों की स्वास्थ्य शिक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर निर्णय ले रही है, ताकि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा, शोध और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिल सके। चर्चा के उपरांत मध्यप्रदेश विधानसभा ने मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया।

विधानसभा में गलत जानकारी देने पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप ने दिया संशोधन वक्तव्य

# जयवर्धन सिंह के लगातार सवाल उठाने के बाद सरकार को स्वीकारनी पड़ी गलती

**भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दे पर आखिरकार सरकार को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी। विधानसभा में जुलाई 2025 के सत्र में जयवर्धन सिंह द्वारा पूछे गए एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से गलत जानकारी प्रस्तुत की गई थी। लगातार आपत्ति, पत्राचार और नियमों के तहत की गई कार्यवाही के



बाद स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विधानसभा में औपचारिक संशोधन वक्तव्य प्रस्तुत किया। जयवर्धन सिंह ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को विधानसभा में पूछे गए उनके तारांकित प्रश्न के उत्तर में विभाग द्वारा तथ्यात्मक रूप से गलत जानकारी दी गई थी। इसके बाद नवंबर 2025 के विधानसभा सत्र में जयवर्धन सिंह ने पुनः उसी विषय पर प्रश्न लगाया।

### छात्रों को 'कीड़ा' कहे जाने के आरोपों पर विजयवर्गीय का खंडन



भोपाल। विधानसभा में छात्रों को 'कीड़ा' कहे जाने के आरोपों पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सफाई देते हुए इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया कि उन्होंने छात्रों के लिए ऐसे किसी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया और न ही उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा था। उन्होंने कहा कि विपक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है।

रायपुर से आई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने की कार्रवाई

## महिला प्रधान आरक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार, 10 हजार की मांग का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

रायपुर से आई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना में कार्रवाई की। टीम ने एक महिला प्रधान आरक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रधान आरक्षक ने ग्रामीण से ट्रैक्टर सुपुर्द करने के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग की थी।

ग्रामीणों ने इस मामले की जानकारी एंटी करप्शन ब्यूरो को दी थी। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने प्रधान आरक्षक को पैसे दिए। टीम ने उसे तुरंत रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम प्रधान आरक्षक को अपने साथ ले गई। यह मामला कोड़ेनार क्षेत्र का है। पिछले वर्ष एक ट्रैक्टर से गिरकर एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया था।

### कोर्ट दे चुका था ट्रेक्टर वापस देने का आदेश, बावजूद मांगी रिश्वत




परिजनों ने अपने जब्त ट्रैक्टर को छुड़ाने के लिए आवेदन भी लगाया था। कोर्ट ने वाहन मालिक को ट्रैक्टर वापस देने का आदेश दिया था। इसके बावजूद, कोड़ेनार थाना में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक ने ग्रामीणों से रिश्वत मांगी। उसने ट्रैक्टर लौटाने के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी। ग्रामीणों ने इस रिश्वतखोरी की जानकारी रायपुर के एंटी करप्शन ब्यूरो को दी। ब्यूरो की टीम ने एक जाल बिछाया। उन्होंने ग्रामीणों को नोट देकर गुरुवार की सुबह थाने भेजा। जैसे ही महिला प्रधान आरक्षक ने नोट लिए, टीम के सदस्यों ने छापा मारा। टीम ने महिला प्रधान आरक्षक को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बचाने आई पत्नी पर भी किया प्राणघातक हमला

## मानसिक रूप से परेशान युवक ने खुद का काटा गला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दरभा थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां ग्राम कमानार में एक मानसिक रूप से परेशान युवक ने बुधवार को ब्लेड से अपना गला काट लिया। जब उसकी पत्नी उसे बचाने आई, तो युवक ने उस पर भी ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कमानार निवासी 35 वर्षीय विषम नाग खेती-किसानी के साथ राजमिस्त्री का काम भी करता है। विगत एक माह से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही थी। इस मानसिक परेशानी के चलते वह काफी परेशान चल रहा था।



### ब्लेड से अपने गले को काटने का किया प्रयास

बीती शाम विषम ने घर में रखे ब्लेड से अपने गले को काटने का प्रयास किया। उसी समय उसकी पत्नी फगनी ने यह देख लिया। फगनी अपने पति को बचाने के लिए दौड़ पड़ी। पति विषम ने अपनी मानसिक स्थिति के कारण पत्नी पर भी ब्लेड से हमला कर दिया। उसने पत्नी फगनी के गले में ब्लेड से वार किया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने दोनों घायलों के गले में टांके लगाए।


तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई पुलिस जांच जारी

## भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर थाना क्षेत्र के सेंट्रल एवेन्यू रोड पर गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने भिलाई नगर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दोनों युवकों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला।

उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के बताया कि तेज रफ्तार कार सेक्टर-9 से सेक्टर-6 की ओर जा रही थी। इसी दौरान सेंट्रल एवेन्यू रोड पर कार अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद वह सड़क किनारे लगे एक विशाल पेड़ से जोरदार तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस खंगाल रही आसपास के सीसीटीवी फुटेज

हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान दीपक गुप्ता और कौशिक दास के रूप में हुई है। दोनों युवक भिलाई के सेक्टर-6 के रहने वाले थे। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है, जिससे उनमें शोक का माहौल है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता चल सके और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

आरोपी के घर घरेलू कामकाज करती थी पीड़िता

## किशोरी से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला महिला उपसरपंच के पति पर लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भफौली में 15 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव की महिला उपसरपंच के पति तरुण जायसवाल पर यह गंभीर आरोप लगा है।

पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने पुलिस पर शिकायत दर्ज करने में छह घंटे की देरी का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली बालिका उपसरपंच के घर घरेलू काम करने जाती थी। आरोप है कि बीती 20 जुलाई को तरुण जायसवाल के घर बालिका काम करने गई थी। वह देर रात 12 बजे वापस लौटी। पीड़िता ने



बताया कि तरुण जायसवाल ने उसे पहले अश्लील वीडियो दिखाया। इसके बाद उसने बलपूर्वक अनाचार किया। घटना के बाद ग्रामीणों के एकजुट होने पर सरपंच जगजीवन पैंकरा को जानकारी दी गई। तरुण जायसवाल ने एयरगन निकालकर शिकायत करने पर गोली मारने की धमकी दी। उसने आठ लाख रुपये में समझौता करने का दबाव भी बनाया। धमकी के कारण परिजन दो दिनों तक सहमे रहे।

### आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बुधवार, 21 जुलाई को वे सरपंच जगजीवन पैंकरा के साथ कोतवाली पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें करीब छह घंटे तक पूछताछ के नाम पर बैठाए रखा। विरोध के बाद पुलिस ने अंततः मामला दर्ज किया। प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस पर मामले को लटकाने का प्रयास करने का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि वह महिला उपसरपंच के घर झाड़ू-पोछा का काम करती थी। उपसरपंच के पति तरुण जायसवाल ने इसी का फायदा उठाया। वह किशोरी को स्कूल से भी काम करने के बहाने घर ले जाता था। शिक्षकों के मना करने के बावजूद वह ऐसा करता था। घटना के बाद आरोपी गांव से फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गुरुवार, 22 जुलाई 2026 को अंबिकापुर के चोपड़ापारा इलाके से हिरासत में ले लिया है।

बुधवारी बाईपास मार्ग स्थित एक वाहन स्टैंड पर कार्रवाई

## जुए की फड़ पर छापा, आठ लोगों को पकड़ा,18 हजार रु. भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मानिकपुर चौकी पुलिस ने बुधवारी बाईपास मार्ग पर स्थित एक वाहन स्टैंड पर छापा मारा। यहां वाहन स्टैंड की आड़ में खुलेआम जुए का फड़ सजाया जा रहा था। पुलिस ने जुआ खेलते आठ लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को यह कार्रवाई की गई।

पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जुआरी सड़क किनारे वाहन स्टैंड के पास ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए सभी आरोपी पेशे से ड्राइवर हैं। वे खाली समय में जुआ खेलने के लिए यहां इकट्ठा होते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 18 हजार रुपये नकदी जब्त किए। कई मोबाइल फोन, ताश की गड्डी और अन्य जुआ सामग्री भी बरामद की गई।

### मौके से शराब की बोतलें और डिस्पोजल भी मिले

वाहन स्टैंड के आसपास शराब की खाली बोतलें और डिस्पोजल गिलास भी मिले। इससे जुए के साथ-साथ शराबखोरी की आशंका जताई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में जलील आलम (34 वर्ष, निवासी आरक्षी लाइन मानिकपुर), रहीम (26 वर्ष, निवासी पथरीपारा रामपुर कोरबा) शामिल हैं। साहिल अली (31 वर्ष, निवासी गामलीला मोहारा छडामार कोरबा) और आनंद विश्वकर्मा (34 वर्ष, निवासी धर्मोपारा छडामार कोरबा) भी गिरफ्तार हुए। गजेंद्र साहू (38 वर्ष, निवासी संतपार मार्ग कोतवाली), अमीक अहमद (48 वर्ष, निवासी रेलवे स्टेशन रामलीला ग्राउंड), मोहम्मद आलम (32 वर्ष, निवासी धुंआधार पारा कोरबा) और साबिर (35 वर्ष, निवासी संतोषी कुटी छडामार, थाना कोतवाली कोरबा) भी पकड़े गए।

### सभी आरोपियों पर जुआ एक्ट की कार्रवाई

मानिकपुर चौकी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुधवारी बाईपास स्थित वाहन स्टैंड के पास दबिश दी गई थी। उन्होंने कहा कि मौके से आठ जुआरियों को पकड़ा गया है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### लाइटों की क्षमता, रंग और बीम पैटर्न के लिए सख्त नियम बनाया जाए

# वाहनों में एलईडी बल्ब पर लोगों की आपत्ति, सरकार से नियंत्रण की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

वाहनों में लगाए जा रहे अत्यधिक तेज एलईडी बल्ब और हाई बीम लाइट को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। वाहन चालकों और आम नागरिकों का कहना है कि रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी आंखों पर सीधा असर डालती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। अतः सरकार से मांग की है कि तेज रोशनी वाले एलईडी बल्ब के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर नियंत्रण नियमों बनाए।

वाहन चालकों का कहना है कि कई गाड़ियों में लगे अत्यधिक तेज एलईडी हेडलाइट्स रात के समय सामने से आने वाले वाहनों के चालकों के लिए खतरे का भी बन रहे हैं। इस संबंध समीर भार्गव का कहना है कि रात में सफर के दौरान तेज रोशनी आंखों पर सीधा प्रभाव डालती है, जिससे कुछ समय के लिए दिखाई देना कम हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ सकती है। खासकर हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़को पर यह समस्या अधिक महसूस की जा रही है। वाहन उपयोगकर्ता अशोक गुप्ता ने सरकार से अपील की है कि सभी प्रकार के वाहनों में इस्तेमाल होने वाले एलईडी बल्ब की रोशनी की क्षमता और दिशा को लेकर स्पष्ट नियम बनाए जाएं। उनका सुझाव है कि ऐसी व्यवस्था हो, जिससे सड़क सुरक्षा भी बनी रहे और वाहन चालकों को रात में परेशानी का सामना न करना पड़े। ट्रांसपोर्टर युवराज सिंह ने वाहनों में तेज रोशनी वाले एलईडी बल्ब और मॉडिफाइड हेडलाइट्स के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी आंखों पर सीधा असर डालती है, जिससे कुछ समय के लिए दिखाई देना बंद हो जाता है और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। वहीं कई वाहन चालकों का कहना है कि एलईडी लाइट का उपयोग गलत नहीं है, लेकिन इसकी तीव्रता और दिशा को नियंत्रित करना जरूरी है।

**रात में बढ़ती परेशानी को लेकर सरकार से नियम बनाने की अपील**



### बाजार में बिना मानक वाली कई एलईडी लाइट उपलब्ध

वाहन मालिकों का कहना है कि बाजार में बिना मानक वाली कई एलईडी लाइट आसानी से उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग अपने वाहनों में लगवा लेते हैं। ऐसी लाइटों की बिक्री और उपयोग पर नियंत्रण होना चाहिए। मांग की जा रही है कि सरकार वाहन लाइटों की क्षमता, रंग और बीम पैटर्न के लिए सख्त नियम बनाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि सुरक्षित सफर के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन ऐसी तकनीक दूसरों के लिए परेशानी का कारण नहीं बननी चाहिए।

### सरकार मानक प्रमाणित एलईडी लाइट को ही अनुमति दे

वाहन चालकों और ट्रांसपोर्टरों का सुझाव है कि सरकार मानक प्रमाणित एलईडी लाइट को ही अनुमति दे और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर जांच अभियान चलाए। लोगों का कहना है कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार को इस विषय पर विशेषज्ञों की राय लेकर प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

## कट्स इंटरनेशनल की रिपोर्ट: बाइक टैक्सी के लिए पूरे देश में एक समान नियम बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** नीति अनुसंधान संस्था कट्स इंटरनेशनल ने बाइक टैक्सी सेवाओं के लिए देशभर में एक समान और तथ्य-आधारित नियामक ढांचा लागू करने की मांग की है। संस्था का कहना है कि इससे गिग वर्कर्स की आजीविका सुरक्षित होगी, यात्रियों की सुरक्षा बेहतर होगी और शहरी क्षेत्रों में किफायती फर्स्ट व लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। एक तथ्य-आधारित मूल्यांकन और सुधार के सुझाए गए मार्ग शीर्षक वाली रिपोर्ट का विमोचन नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने किया।



रिपोर्ट के अनुसार, अलग-अलग राज्यों में बाइक टैक्सी को लेकर अलग-अलग नीतियां लागू हैं। कुछ राज्यों ने इन्हें अनुमति दी है, कुछ ने सशर्त मंजूरी दी है, जबकि कुछ राज्यों में प्रतिबंध या केवल इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अनुमति जैसी व्यवस्थाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बाइक टैक्सी का किराया औसतन 8 से 10 रुपए प्रति किलोमीटर है, जबकि ऑटो-रिक्शा का किराया 15 से 18 रुपए और टैक्सी का 22 से 25 रुपए प्रति किलोमीटर तक होता है। उद्योग के अनुमानों के अनुसार बाइक टैक्सी चालक परिचालन खर्च निकालने के बाद औसतन 25,000 से 30,000 रुपए प्रति माह की आय अर्जित कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य के लिए लाभकारी डाबर हनिटस कफ सिरप

**नई दिल्ली।** बदलते मौसम, बढ़ते प्रदूषण और मौसमी संक्रमणों के कारण श्वसन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में आयुर्वेदाचार्यों का कहना है कि हर्बल कफ सिरप न केवल खांसी के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं, बल्कि श्वसन तंत्र के समग्र स्वास्थ्य को भी समर्थन देते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुजाता चौधरी के अनुसार डाबर हनिटस जैसे आयुर्वेदिक कफ सिरप में कई पारंपरिक जड़ी-बूटियों का संयोजन होता है, जिन्हें श्वसन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। उन्होंने कहा कि तुलसी और मुलेठी गले को आराम पहुंचाने में सहायक हैं, जबकि वासा और कंटकारी श्वसन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक/एस.ई.सी. रेल, एमआईबी/डब्ल्यूएस, नागपुर, नीचे उल्लिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित करता है। निविदा सूचना संख्या MIBW/2026/19/06/03/04R dated 17/07/2026, **कार्य का नाम:** मोतीबाग कार्यशाला, नागपुर में चेन पुली ब्लॉक्स, स्लिंग चेन्स, ईओटी क्रेन्स, इलेक्ट्रिकल होइस्ट्स, गैंट्री मोबाइल जैक्स तथा प्रेशर वेसल्स आदि का आंतरिक एवं बाह्य परीक्षण, सरकारी अधिकृत सक्षम बाहरी एजेंसी के माध्यम से दो वर्षों की अवधि के लिए। **अनुमानित निविदा मूल्य (₹ में):** ₹ 1,11,869.28 (रूपये एक लाख ग्यारह हजार आठ सौ उनहत्तर और अट्ठाईस पैसे केवल, सभी करों सहित), **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 2,200/- (रूपये दो हजार दो सौ केवल), **अनुबंध की अवधि:** LOA जारी होने की तारीख से 24 महीने, **निविदा प्रपत्र की लागत (₹ में):** ₹ 0/- (रूपये शून्य मात्र)

**बोलीदाता अपनी ओरिजिनल/संशोधित बोलियां केवल 08/08/2026 को सुबह 11:00 बजे तक ही जमा कर सकेंगे।**

इस टेंडर के लिए मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे और ऐसे किसी भी मैनुअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
इसकी जानकारी हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
कार्यालय प्रबंधक, मोतीबाग वर्कशॉप/ द.पू.म.रेलवे/नागपुर
PAM/26/58
South East Central Railway @secrail

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एसडीएसटीई-सीसीटीवी-आरपीएच-एनआई-एलसी-एचडब्ल्यूएच, दिनांक 21.07.2026; मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: अनुसूची-ए: हावड़ा मंडल के रामपुरहाट यार्ड में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना। अनुसूची-बी: हावड़ा मंडल के तहत मानवयुक्त नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था। विज्ञापित मूल्य: रु. 2,73,20,381.38; बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 5,46,400; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 0.00; बोली शुरू होने की तारीख: 30.07.2026। समापन अवधि: 09 महीने। प्रस्ताव की वैधता: 60 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 13.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय: 21.07.2026 को 15.25 बजे।
(HWH-230/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग जिला – जबलपुर (म.प्र.)**
**धारा-11 (1) की प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन**

क. 164/ भू-अर्जन /प्र.क. 12/अ-82/2026-27 / अधिसूचना — जबलपुर, दिनांक 7/7/2026

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है, कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि को अनुसूची के खाने (7) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा (11) की उपधारा (1) के उपबंधो के द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त संबधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा (12) द्वारा दी गई शक्तियो का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा (6) के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन / सड़क) संभाग कमांक 2 जबलपुर द्वारा तिलवारा - चरगवां मार्ग रिंग रोड तक कुल लंबाई - 6.70 कि.मी. फोरलेन रिंग रोड तक पहुँच मार्ग लम्बाई 6.70 कि.मी. के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु भू-अर्जन हेतु ग्राम-जोतपुर तहसील जबलपुर जिला जबलपुर के अंतर्गत की निजी भूमि का अधिग्रहण बावत् जहाँ तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा नही की जाती है, इस कार्य पर सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होंगें। अतः अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। भूमि के अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-
(1) परियोजना का नाम :- तिलवारा-चरगवां मार्ग का रिंग रोड तक चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य
(2) भूमि का विवरण :- अनुसूची (निजी भूमि स्वामी)

| भूमि का वर्णन | | | क्षेत्रफल अर्जित रकवा (है.) | | धारा 11 (1) के तहत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | प.ह.नं. ग्राम का नाम | खसरा नंबर | रकवा | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| जबलपुर | जबलपुर | 105/25 | 9 | 0.0038 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन / सड़क) संभाग कमांक-2 जबलपुर | तिलवारा-चरगवां मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण फोरलेन रिंग रोड तक पहुँच मार्ग लम्बाई 6.70 कि.मी. निर्माण हेतु |
| | | जोतपुर | 10 | 0.0194 | | |
| | | 182 | 11 | 0.0097 | | |
| | | | 149/2 | 0.2481 | | |
| | | | 52/2/1 | 0.0010 | | |
| | | | 51/1/1 | 0.0098 | | |
| | | | 51/2 | 0.0134 | | |
| | | | 51/1/1 | 0.0028 | | |
| | | | कुल रकवा | 0.3080 | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति प्रकाशन की जानकारी वेवसाइट www.jabalpur.nic.in एवं मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाइट www.revenue.mp.gov.in पर भी देखा जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय एवं भू-अर्जन अधिकारी, जबलपुर के कार्यालय में एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग कमांक 2 जबलपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात कय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर जबलपुर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो तो फाईल / प्रस्तुत किये जा सकेगें।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
भू-अर्जन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील-जबलपुर जिला-जबलपुर
( राघवेन्द्र सिंह ) कलेक्टर जबलपुर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग, जिला - जबलपुर
G-16087/26

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक और सीएससी में करार

# ग्रामीण भारत में डिजिटल बैंकिंग को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने देश में डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के उद्देश्य से सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेडके साथ साझेदारी की है। दोनों संस्थाओं के बीच इस संबंध में एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता कोलकाता में सीएससी के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर हुआ।

इस साझेदारी के तहत एयरटेल पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग और डिजिटल भुगतान सेवाएं देशभर के 5.60 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर पर उपलब्ध होंगी। इससे ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच मिल सकेगी। समझौते के बाद ग्राहक सीएससी केंद्रों पर एयरटेल पेमेंट्स बैंक में बचत खाता खुलवा सकेंगे, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने खातों को लिंक करा सकेंगे और बिजली, पानी समेत अन्य उपयोगिता बिलों का भुगतान भी कर सकेंगे। इसका उद्देश्य डिजिटल वित्तीय सेवाओं का जमीनी स्तर तक विस्तार करना है। सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि संगठन ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों तक आवश्यक सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारतीय वायुसेना के लिए अगली पीढ़ी के एयरबोर्न सर्विलांस प्रोग्राम पर अदाणी डिफेंस ने डीआरडीओ के साथ की साझेदारी

**जबलपुर।** अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने भारतीय वायुसेना के लिए भारत के अगली पीढ़ी के एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी आत्मनिर्भर भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।इस समझौते के तहत अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और डीआरडीओ भारतीय वायुसेना के लिए छह रिवाइज एयरबस A321 विमानों पर एयरबोर्न मिशन सिस्टम का संयुक्त रूप से विकास, निर्माण और एकीकरण करेंगे। इस कार्यक्रम में 30 वर्षों तक इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स, मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल और तकनीकी सहायता भी शामिल है।



**AEW&C-MKII** को 2032-33 तक भारतीय वायुसेना में शामिल किए जाने की योजना है। यह सहयोग रक्षा अनुसंधान और मिशन सिस्टम में डीआरडीओ की विशेषज्ञता को एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, सिस्टम इंटीग्रेशन और लाइफसाइकल सपोर्ट में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की क्षमताओं के साथ जोड़ता है। इसके माध्यम से भारत के सबसे एडवांस स्वदेशी एयरबोर्न सर्विलांस प्लेटफॉर्म में से एक का विकास होगा।

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.आ.सू. क्रमांक/06/व.ले.लि./2026-27 — डिण्डौरी दिनांक 21.07.2026
ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है :-

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PWDRB_522846 | राई-मालपुर-डुंगरिया मार्ग लंबाई 14.60 किमी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य (तृतीय आमंत्रण)। | 490.1 | 490100.00 | 15000.00 | 10 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर (म.प्र.) |

निविदा की तिथि एवं शर्तें :-
(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 21.07.2026 से 03.08.2026 सायं 5:30 बजे तक है।
(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 03.08.2026 सायं 5:30 बजे तक है।
(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 05.08.2026 से खोली जावेगी।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

(मोहपत सिंह धुर्वे) कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
जी- 16073/26
स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 21 / व.ले.लि. / 2026-27 — **निविदा आमंत्रण - सूचना** — बालाघाट, दिनांक 20.07.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं | टेण्डर क्रं. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनुमानित राशि (लाख मे) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_522763 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 1 बालाघाट के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 19.50 | 38000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 2 | 2025_PWDRB_522764 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वारासिवनी के अंतर्गत एस.आर, एम.ओ. डब्ल्यू के तहतविभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 3 | 2025_PWDRB_522765 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 2 बालाघाट के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 4 | 2025_PWDRB_522766 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य | द्वितीय आमंत्रण | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 5 | 2025_PWDRB_522767 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बैहर के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| | | | | कुल योग | 44.00 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08/08/2026 ( 17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट
G-16097/26
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6296



बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6295 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | य | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6306

✱✱✱✱☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6305 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

जानकारी / शिखर चंद जैन

# आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान



दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

### अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

**बादलों का** ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

### बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर



**लंबी उड़ान** भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि एक 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

### रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी




**रेड नॉट** आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

### आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर




**अपनी प्रवास** यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

### कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है



**यह पक्षी** अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

### ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर




**'समुद्री डाकू'** के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

### ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड



**जहां दूसरे** पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

# और खाओ रसगुल्ले!





छोटी कहानी
शिव मोहन यादव

मोहन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का हो गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'


आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी!' मोहन झेंपते हुए बोला, उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## प्यारी कविताओं का संग्रह


बच्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।



संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

**किताब :** चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले




**चिंटूः** जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटूः** कार ड्राइवर।
**चिंटूः** जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटूः** कार मैकेनिक।
**चिंटूः** और जो कार को पेंट करता है, उसे?
**मिंटू (कुछ देर सोचने के बाद):** कारपेंटर!
-रजनी, दिल्ली

**सोनूः** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मोनूः** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-कुशल, रोहतक

## जीके क्विज-215

1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-214 का उत्तर :** 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

**जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर



कहानी
अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

# रंग-बिरंगी छतरी



राजू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा,'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? उसे मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया,'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता
राजा चौरसिया



## वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.मेंढक ने जो डाल पकड़ी है, उस पर लगा फल छोटा है। 2. मेंढक के निचले बाएं पैर (पश्चपाद) की बीच वाली अंगुली छोटी है। 3. मेंढक के अगले बाएं पैर (अग्रपाद) की अंगुलियां मुड़ी हुई हैं। 4.दाईं तरफ मेंढक की जीभ के नीचे उड़ रहा पतंगा गायब है। 5.मेंढक की दाईं आंख की पुतली ऊपर की तरफ है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



# मां के खेलने के तीन दशक बाद नीदरलैंड में भारत के लिए विश्व कप खेलेगा बेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रीतम रानी सिवाच ने नीदरलैंड में 1998 में विश्व कप खेला था तब यशदीप सिवाच का जन्म भी नहीं हुआ था। विधि का विधान है कि करीब तीन दशक बाद वह उसी देश में, उसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पदार्पण करने जा रहे हैं । भारतीय हॉकी में यह श्रेय हासिल करने वाली मां-बेटे की यह पहली जोड़ी है।


नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में यशदीप भारतीय टीम का हिस्सा हैं और उनके इस टूर्नामेंट से काफी जज्बात जुड़े हैं। मैनचेस्टर राष्ट्रमंडल खेल 2002 की स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य रही है।

### टीम में चयन पर सबसे पहले मां को बताया

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच के बेटे ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,''जब मुझे विश्व कप टीम में चयन का पता चला तो सबसे पहले मैने अपनी मां को बताया । वह काफी भावुक थी क्योंकि उन्होंने भी 1998 में नीदरलैंड के यूट्रेक्ट में विश्व कप खेला था ।''

### विश्वकप में मां ने कोरिया के खिलाफ दो गोल दागे थे

26 वर्ष के इस डिफेंडर ने कहा , '' मेरे लिये विश्व कप में उसी देश में भारत के लिये खेलना जहां मेरी मां भी खेल चुकी है, बहुत खास है ।'' भारतीय महिला हॉकी टीम यूट्रेक्ट विश्व कप में बारहवें और आखिरी स्थान पर रही थी लेकिन प्रीतम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में दो गोल दागे थे।

**कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप**

कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप बचपन से अपनी मां का वह एलबम देखते आये हैं जिसमें उनकी एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंट के फोटो और टीम फोटो हैं और शायद वहीं से उनके भीतर भी हॉकी स्टिक थामने का शौक पैदा हुआ । माता पिता के साथ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और दिल्ली में 2010 विश्व कप उन्होंने देखा था ।

### मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किए

यशदीप ने कहा ,'' मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किये हैं । उनके पास पूरी एलबम है जिसमें एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंटों के फोटो , साथी खिलाड़ियों के फोटो हैं । मैं बचपन से देखता आ रहा हूं । उनकी टीम से बात होती रहती है और मुझे सबसे मार्गदर्शन मिलता है ।'' बचपन में मां को अक्सर राष्ट्रीय शिविरों और टूर्नामेंटों में देखने वाले यशदीप को उनकी कड़ी मेहनत और बलिदानों का महत्व राष्ट्रीय शिविर में आने के बाद अधिक समझ आने लगा ।

### रिटायर होने के बाद भी कोचिंग से जुड़ी

इतने साल लगातार खेलने के लिये अपनी फिटनेस (मानसिक और शारीरिक) और खेल का ध्यान रखना पड़ता है ।' उन्होंने कहा ,''रिटायर होने के बाद भी वह कोचिंग के जरिये हॉकी से जुड़ी हैं और अभी भी नीदरलैंड में मास्टर्स विश्व कप खेल रही हैं । मैने बचपन से देखा है कि कैसे मेरी बहन के पैदा होने के बाद भी वजन कम करके वापसी की थी ।'

### हॉकी यशदीप के खून में है

हॉकी यशदीप के खून में हैं चूंकि उनके पिता कुलदीप भी हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं और अब मशहूर कोच हैं जो हरियाणा में अपनी पत्नी के साथ प्रीतम सिवाच अकादमी चलाते हैं । चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना हालांकि अधूरा रह गया। जूनियर राष्ट्रीय टीम में खेल चुकी बहन कनिका सीनियर टीम में पदार्पण की दहलीज पर है ।

### पोडियम पर मां-पिता का सपना पूरा करना चाहते हैं

सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप काफी मायने रखता है और पोडियम पर रहकर अपनी मां और पिता का अधूरा सपना यशदीप पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,'' सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप बहुत खास है । मैं अपने माता पिता का सपना पूरा करना चाहता हूं और अपनी बहन के लिये प्रेरणा बनना चाहता हूं ।''

### मेरी ट्रेनिंग पापा ने कराई

प्रीतम दिग्गज मिडफील्डर रही हैं और कनिका फॉरवर्ड खेलती हैं लेकिन यशदीप को गोल करने से ज्यादा बचाने में मजा आता है। उन्होंने कहा ,'' मेरी मां और बहन के नाम ज्यादा गोल होंगे लेकिन मुझे फुटबॉल फैन होने के कारण गोल बचाने और गोल में सहायता करने में ज्यादा मजा आता है । इसके अलावा मेरी ट्रेनिंग बचपन में पापा ने कराई जो डिफेंडर थे ।''



## जिदान अगले हफ्ते फ्रांस के नए कोच घोषित हो सकते हैं

**पेरिस।** फ्रांस के नए फुटबॉल कोच की घोषणा मंगलवार को होगी और उम्मीद है कि डिडिएर डेसचैम्प्स की जगह जिनेदिन जिदान लेंगे। फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसके अध्यक्ष फिलिप डियालो पेरिस में मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोच के नाम का ऐलान करेंगे। जिदान (54 साल) ने 2021 में रियाल मैड्रिड छोड़ने के बाद से किसी टीम को कोचिंग नहीं दी है। मिडफील्ड के इस दिग्गज ने 2016-18 के दौरान मैड्रिड को लगातार तीन चैम्पियंस लीग खिताब दिलाए थे। डेसचैम्प्स 14 साल तक फ्रांस के कोच रहे और विश्व कप के बाद पद छोड़ दिया जिसमें फ्रांस को सेमीफसइनल में स्पेन से हार का सामना करना पड़ा था। डेसचैम्प्स की कोचिंग में फ्रांस ने 2018 में विश्व कप जीता और 2022 में पेनल्टी शूटआउट में फाइनल हार गया। टीम 2016 में अपने घरेलू मैदान पर यूरोपीय चैंपियनशिप का फाइनल भी हार गई थी। जिदान ने 1998 के विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने फाइनल में ब्राजील के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल किए थे। दो साल बाद जब फ्रांस ने यूरोपीय चैंपियनशिप जीती तब भी उन्होंने शानदार खेल दिखाया था। उन्होंने 1998 में पुरुषों का बेलोन डिओर खिताब भी जीता था।

**ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल : भारत की रूपा रानी और पिंकी ने पहला सेट अपने नाम किया**

# भारत ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को टाई-ब्रेक में हराया

**दूसरा सेट माल्टा की लूसी और कोनी ने 3-4 से जीता**

ग्लास्गो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बृहस्पतिवार को महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेक में हराकर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। भारत की रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी (स्किप) ने पहला सेट 7-1 से अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में उन्हें माल्टा की रेबेका लूसी रिक्सन (लीड) और कोनी ले रिक्सन (स्किप) की जोड़ी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद ग्रुप बी के पहले दौर के मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। टाई-ब्रेक में भारतीय टीम अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे चल रही थीं लेकिन अंत में पिंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आखिरी बॉल के साथ निर्णायक बढ़त दिलाते हुए भारत को जीत दिला दी।



### इस बार दोनों वर्ग में एकल व युगल स्पर्धाएं ही

इस बार केवल पुरुष और महिला एकल तथा पुरुष और महिला युगल स्पर्धाएं ही शामिल की गई हैं। भारत ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष फोर्स स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था।




### इस बार पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटाया गया

भारतीय महिला पेयर्स टीम शुक्रवार को ग्रुप बी के अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। टिर्की और पिंकी दोनों ही 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला फोर्स टीम का हिस्सा थीं। हालांकि, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बॉल्स प्रतियोगिता से पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटा दिया गया है।

# राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में भारत की उम्मीदें लवलीना पर



रिंग में उतरे बिना अपना पहला राष्ट्रमंडल खेलों का पदक पक्का कर चुकी लवलीना बोरगोहेन की नजरें शुक्रवार से खेले जाने वाले मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार दस ही खेल स्पर्धायें आयोजित की जा रही है और भारत को मुक्केबाजों से पदकों की उम्मीद है। मुक्केबाजी में भारत को अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों में 44 पदक मिले हैं। भारत के आठ मुक्केबाजों को पहले दौर में बाय मिला है । जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया घंघास (60 किलो), प्रीति पवार (54 किलो) पदक पक्का करने से एक जीत पीछे हैं । पूर्व विश्व चैम्पियन लवलीना (75 किलो) को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है जिसमें पांच ही मुक्केबाज हैं ।

### विश्व चैंपियन जैसमीन पदक की प्रबल दावेदार

सात सदस्यीय भारतीय महिला टीम बर्मिंघम के रिकॉर्ड की बराबरी या उसे बेहतर कर सकती है जहां उसने दो स्वर्ण और एक कांस्य जीता था । मौजूदा विश्व चैम्पियन जैसमीन पदक की सबसे प्रबल दावेदार है हालांकि बीमार होने के कारण वह चेक गणराज्य में अभ्यास शिविर में भाग नहीं ले सकी थी । बर्मिंघम में कांस्य जीत चुकी जैसमीन पदक का रंग बेहतर करना चाहेंगी ।

## डोपिंग नियम उल्लघंन के कारण भारोत्तोलन में भारत का कोटा घटा

**दिलबाग सिंह टीम से बाहर**



ग्लास्गो ▶▶ ग्लास्गो

क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान कई डोपिंग रोधी नियम उल्लंघनों (एडीआरवी) के कारण भारत का कोटा कम किए जाने के बाद भारोत्तोलक दिलबाग सिंह को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए दल से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत का भारोत्तोलन कोटा 16 से घटाकर 11 कर दिया गया है।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की अगुवाई में 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। महासंघ का कहना है कि उसे कोटा घटाए जाने की जानकारी बुधवार को ही मिली। एक विश्वसनीय सूत्र ने बातचीत में कहा, ''महासंघ को 12 से घटाकर 11 भारोत्तोलकों का कोटा किए जाने की जानकारी कल ही मिली। '' सूत्र ने बताया, ''चूंकि दिलबाग पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और उन्होंने बर्मिंघम में आयोजित तैयारी शिविर के दौरान बिल्कुल भी ट्रेनिंग नहीं की इसलिए उन्हें टीम से बाहर करने का फैसला किया गया। '' राष्ट्रमंडल खेलों से पहले एन अजीत (71 किग्रा), साईराज परदेशी (88 किग्रा) और हरचरण सिंह (110 किग्रा) पर डोपिंग के कारण प्रतिबंध लगाया गया था।

### महिला वर्ग में वंशिता भी प्रतिबंधित

महिला भारोत्तोलक वंशिता वर्मा (86 किग्रा) को भी क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर प्रतिबंधित किया गया था। कोटा में यह कटौती भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि डोपिंग से जुड़े मामलों के कारण इस खेल को पहले भी कई बार प्रतिबंधों और दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

# सूर्यवंशी के तूफान में उड़ी जिम्बाब्वे

**अय्यर की कप्तानी में भारत ने चखा पहली जीत का स्वाद**



ग्लास्गो ▶▶ हरारे

तेज गेंदबाजों मयंक यादव और प्रिंस यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे के सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

■ पहले टी20 में जिम्बाब्वे पर सात विकेट से जीत पाई

जिम्बाब्वे के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यवंशी (50 रन, 19 गेंद, चार छक्के, चार चौके) और इशान किशन (35 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्का) की पारियों से 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 28 रन बनाए।

### सूर्यवंशी ने रिचर्ड को लगातार दो छक्के व एक चौका मारा

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को सूर्यवंशी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी ने रिचर्ड एनगारवा की लगातार गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके के साथ तेवर दिखाए। ब्लेसिंग मुजरबानी (26 रन पर दो विकेट) ने अभिषेक शर्मा (01) को ब्रेड इवान्स के हाथों कैच कराके जिम्बाब्वे को शुरुआती सफलता दिलाई।

### पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन था

सूर्यवंशी ने इवान्स की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा जबकि मुजरबानी पर दो चौके और एक छक्का जड़कर पांचवें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा किया। किशन ने न्युमैन नयामहुरी पर तीन चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन किया।

### भारत की धारदार गेंदबाजी रही

भारत ने इससे पहले मयंक (18 रन पर दो विकेट) और प्रिंस (19 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। रवि बिश्नोई और शिवम दुबे ने एक-एक विकेट हासिल किया। जिम्बाब्वे ने 14वें ओवर में 64 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद वेस्ली माधेवेरे (39 रन, 34 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और ताडिवनाशे मरुमानी (नाबाद 27, 20 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने छठे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ब्रायन बेनेट का किशन बो मयंक | 00 | 01 | 0 | 0 |
| बेन कुरेन का सूर्यवंशी बो प्रिंस | 10 | 08 | 2 | 0 |
| डियोन मायर्स का दुबे को मयंक | 06 | 14 | 1 | 0 |
| सिकंदर रजा का स्थानापन्न बो दुबे | 04 | 07 | 1 | 0 |
| रेयान बर्ल का तिलक बो बिश्नोई | 26 | 35 | 1 | 1 |
| वेस्ली माधेवेरे रन आउट | 39 | 34 | 3 | 1 |
| ताडिवनाशे मरुमानी नाबाद | 27 | 20 | 2 | 1 |
| ब्रेड इवान्स का अय्यर बो प्रिंस | 00 | 01 | 0 | 0 |
| न्यूमैन नयामहुरी नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 12, कुल:20 ओवर में 125/7 रन
गेंदबाजी: मयंक 4-0-18-2, अशोक 4-0-29-0,प्रिंस 4-0-19-2 दुबे 4-0-32-1, बिश्नोई 4-0-24-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का इवान्स बो मुजरबानी | 01 | 08 | 0 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी का कुरेन बो एनगारवा | 50 | 19 | 4 | 4 |
| इशान का मायर्स बो मुजरबानी | 35 | 24 | 3 | 2 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 28 | 24 | 3 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 06 | 05 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 13.2 ओवर में 126/3 रन
गेंदबाजी: मुजरबानी 4-0-26-2, एनगारवा 2.2-0-30-1, इवान्स 2-0-26-0, नयामहुरी 2-0-30-0, रजा 3-0-14-0



### मांडविया ने साइकिलिंग रैली की अगुवाई की

**रायपुर।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ साइकिलिंग रैली की अगुवाई की और भारतवंशियों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान 'चीयर फोर इंडिया' मुहिम में शामिल होने का अनुरोध किया । मांडविया ने सभी भारतीयों से फिट इंडिया आंदोलन में सक्रिया भागीदारी का आग्रह भी किया । उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये भी कहा। उन्होंने आगे कहा कहा कि साइकिलिंग कई समस्याओं का समाधान है जिससे फिटनेस को बढावा मिलता है, प्रदूषण कम होता है और ट्राफिक जाम से निजात मिलती है। उन्होंने कहा ,'' साइकिलिंग मुहिम के तहत हम दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि साइकिलिंग से हमारा स्वास्थ्य, पर्यावरण और धरती की सुरक्षा में मदद मिलती है ।''

# सिंधू चाइना ओपन के दूसरे दौर से बाहर

**शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही, चीन की खिलाड़ी चेन से हार गई**

एजेंसी ▶▶ चांग्झू

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर के मैच में चीन की खिलाड़ी चेन युफेई से तीन गेम के कड़े मुकाबले में हारकर चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में सिंधू विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई से 21-16, 20-22, 18-21 से हार गईं।

हैदराबाद की रहने वाली 30 वर्षीय सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था और उन्हें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। पहले गेम से ही यह स्पष्ट हो गया था कि मुकाबला काफी कड़ा होने वाला है। भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-13 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर दिया था। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल करके पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में वापसी करने की बारी चेन की थी। सिंधू ने चार मैच प्वाइंट गंवाए।



### चेन ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली चेन ने 16-20 की स्थिति से वापसी करते हुए यह गेम 22-20 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन अंत में चेन ने 17-17 के स्कोर से बढ़त बनाकर मैच अपने नाम कर दिया।

**इंग्लैंड ने अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी हासिल की थी**

# द ओवल में अगले साल नौ जून से खेला जाएगा डब्ल्यूटीसी फाइनल

एजेंसी ▶▶ लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल नौ से 13 जून तक 'द ओवल' में खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पिछले साल 2027, 2029 और 2031 के अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी के अधिकार हासिल किए थे। प्रत्येक चरण के लिए मैदान का चयन मेजबान बोर्ड इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) करेगा। अब तक खेले गए डब्ल्यूटीसी के तीनों फाइनल भी ब्रिटेन में ही आयोजित हुए हैं। यह दूसरा मौका होगा जब 'द ओवल' डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा।



**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा), जबलपुर**

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों, आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **मापदंड : (1) एन.आई.टी नं जबल–टीआरडी–निविदा–2026–10 दिनांक 18.07.2026, कार्य का नाम :** कटनी–बीना सेक्शन (फेज–1) में ओवरहेड उपकरण प्रोफाइल को बेहतर बनाने के लिए कर्षण वितरण का काम, ऑक्सिलरी ट्रांसफॉर्मर (फेज–1) के लिए अलग से स्पेयर केबल की व्यवस्था, मौजूदा अप और डाउन मेन लाइनों और नई तीसरी लाइन पर हरदुआ नया मजगावां फाटक के बीच इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग की व्यवस्था, पुराने इंटरलॉकिंग सिस्टम को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए स्टोना पर सहायक ट्रांसफॉर्मर सप्लाई की व्यवस्था और जबलपुर डिवीजन में नॉन–इंटरलॉकिंग गेट्स पर सीसीटीवी के लिए सहायक ट्रांसफॉर्मर सप्लाई की व्यवस्था।, **कार्य स्थल :** जबलपुर मण्डल ।, **कार्य की अवधि :** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू) :** रुपये 8,79,81,898.87/– (रुपये आठ करोड़ उन्यासी लाख इक्यासी हजार आठ सौ अट्ठानवे एवं सत्तासी पैसे मात्र), **बयाना राशि :** रूपये–17,59,600.00/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 10.08.2026 15:00 बजे/10.08.2026 15:30 बजे, **मापदंड : (2) एन.आई.टी नं. जबल टीआरडी–निविदा–2026–09 दिनांक 17.07.2026, कार्य का नाम :** जबलपुर डिवीजन के विद्युतीकृत सेक्शन में ऊंचे तटबंधों और ढलानों पर झुके हुए मास्ट को बदलना और सीधा करना तथा ओवरहेड उपकरण फाउंडेशन को मजबूत करना ।, **कार्य स्थल :** जबलपुर मण्डल ।, **कार्य की अवधि :** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू) :** रुपये 8,41,47,677.18/–(रुपये आठ करोड़ इकतालीस लाख सैंतालीस हजारछह सौ सतहत्तर एवं अठारह पैसे मात्र), **बयाना राशि :** रूपये–16,83,000.00/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 10.08.2026, 15:00 बजे/10.08.2026 15:30 बजे निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट https/www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें । निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता)
वरि. मं.वि.इंजी./क.वि.
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




### ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर को किया हाईकोर्ट ने निरस्त

# न्यायालय में समझौते के बाद आपराधिक मुकदमा लंबित रखना उत्पीड़न

**जबलपुर।** घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत समक्ष न्यायालय के समक्ष लंबित मुकदमे वापस लेने की शर्त पर आपसी समझौता हुआ था। आपसी समझौते के बाद भी पत्नी दहेज एक्ट के तहत पति तथा ससुराल पक्ष के खिलाफ दर्ज प्रकरण वापस लेने को तैयार नही थी। मप्र हाईकोर्ट ने दहेज एक्ट के तहत दर्ज इस एफआईआर को निरस्त कर दिया। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने अपने आदेश में कहा है कि सक्षम अदालत में समझौते के बाद आपराधिक मुकदमा जारी रखना उत्पीड़न हैयाचिकाकर्ता सास व ननद के खिलाफ आरोप बहुत सामान्य प्रकृति के हैं। याचिकाकर्ता ननद शादीशुदा है और जबलपुर में अपने पति के साथ अलग रहती है। ऐसा लगता है कि उसे केवल पति के साथ उसके रिश्ते के कारण फंसाया गया है। आपराधिक मुकदमे को पति के साथ रिश्ते की वजह से रिश्तेदारों के खिलाफ जारी रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती।



पन्ना निवासी तौसीफ राइन व अन्य की तरफ की से दहेज एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर को निरस्त किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि तौसीफ की विवाह 25 दिसम्बर 2017 को हुआ था। पत्नी के द्वारा साल 2020 में पति सहित सासःससुर सहित विवाहित ननद तथा देवर के खिलाफ दहेज एक्ट का प्रकरण दर्ज करवा दिया। पत्नी के द्वारा ससुराल छोड़कर जाने के बाद उनके खिलाफ दहेज एक्ट का प्रकरण दर्ज करवाया था,जो न्यायालय में लंबित है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि सक्षम अदालत में घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही के दौरान आपसी समझौते को मंजूरी दी थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने उल्लेख किया था कि उसे अपना सारा स्त्रीधन, शादी का सामान, मेहर की रकम और कार मिल गई है और वह सभी लंबित मुकदमे वापस ले लेगी। समझौते में शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर है। शिकायतकर्ता ने याचिका का विरोध किया पर कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया है। समझौते में उल्लेख किया गया है कि दोनों पक्षों के बीच वैवाहिक विवाद काफी हद तक खत्म हो चुका है। ऐसे हालात में आपराधिक कार्यवाही जारी रखने से न्याय नहीं होगा। दोनो पक्षों के बीच मुकदमेबाजी लंबी खिंचेगी। चार्ज.शीट में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ क्रूरता या दहेज की मांग के विशिष्ट कार्यों को साबित करता हो। विवादों के निपटारे और विशिष्ट आरोपों के अभाव के बावजूद आपराधिक कार्यवाही जारी रखने से उत्पीड़न होता है। सक्षम अदालत के सामने दोनो के बीच हुए समझौते को ध्यान में रखते हुए आपराधिक मुकदमा जारी रखने की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

### भोपाल यूनियन कार्बाइड मामला

## भूजल प्रदूषण के आरोपों पर एमपी हाईकोर्ट सख्त

#### एक्सपर्ट कमेटी को पानी की जांच के आदेश

भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में आज भी दूषित भूजल की आपूर्ति होने के आरोपों को मप्र हाईकोर्ट ने बेहद गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक विशेषज्ञ समिति गठित कर किसी प्रामाणिक टेस्टिंग लैब से पानी के नमूनों की वैज्ञानिक जांच कराने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

#### 13 अगस्त तक मांगी गई जांच रिपोर्ट

यह आदेश वर्ष 2004 से लंबित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया गया, जिसे मूल रूप से स्वर्गीय आलोक प्रताप सिंह द्वारा दायर किया गया था। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ताओं ने अदालत के समक्ष यह मुद्दा उठाया कि यूनियन कार्बाइड परिसर से जहरीले कचरे को हटाए जाने के दावों के बावजूद, आसपास के कई वार्डों में आम जनता को अब भी दूषित और जहरीला पानी मिल रहा है। इससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना हुआ है।

हाईकोर्ट ने इन आरोपों को स्वास्थ्य के लिए बेहद चिंताजनक मानते हुए निर्देश दिया है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के जरिए पानी के सैंपल ले और उनकी विस्तृत जांच रिपोर्ट 13 अगस्त तक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करे। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 3 सितंबर को निर्धारित की है।जांच रिपोर्ट के आधार पर अदालत आगे की कार्रवाई और आवश्यक निर्देश जारी करेगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता खालिद नूर फखरुद्दीन ने पक्ष रखा।

# शादी का प्रस्ताव लेकर युवती के घर पहुंचा युवक, स्टाकिंग का मामला नहीं बनता

**हाईकोर्ट ने कहा,15 दिन की देरी से दर्ज एफआइआर और स्वतंत्र साक्ष्य के अभाव में ट्रायल कोर्ट की सजा निरस्त**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि केवल शादी का प्रस्ताव लेकर युवती के घर जाने मात्र से भारतीय दंड संहिता की धारा 354-डी (स्टाकिंग) का अपराध सिद्ध नहीं हो जाता। यदि अभियोजन लगातार पीछा करने के आरोप को विश्वसनीय साक्ष्यों से साबित नहीं कर सके और एफआइआर दर्ज कराने में असामान्य देरी का संतोषजनक कारण भी न हो, तो दोषसिद्धि कायम नहीं रह सकती। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने इसी आधार पर हरदा निवासी आरोपी नितेश कहार को दोषमुक्त कर दिया। अपील में बताया गया कि आरोपी 28 फरवरी, 2022 को युवती के घर शादी का प्रस्ताव लेकर गया था। इसके बाद स्वजनों के विरोध पर उसके विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई गई। ट्रायल कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट और धारा 506 के आरोपों से बरी करते हुए धारा 354-डी के तहत एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट ने पाया कि कथित पीछा करने की पहली घटना के लगभग 15 दिन बाद एफआइआर दर्ज हुई और देरी का कोई संतोषजनक कारण नहीं बताया गया। साथ ही, आरोपों के समर्थन में कोई स्वतंत्र गवाह भी नहीं था। जिरह के दौरान पीड़िता ने यह भी स्वीकार किया कि आरोपी उससे प्रेम करता था और उसके पिता के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। इन परिस्थितियों में हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का निर्णय निरस्त करते हुए अपील स्वीकार कर आरोपी को दोषमुक्त कर दिया।

# जब्त रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

### स्पा सेंटरों पर कार्रवाई के बाद जांच तेज

**जबलपुर।** शहर के स्पा सेंटरों और कैफेटेरिया पर बुधवार शाम हुई संयुक्त छापेमार कार्रवाई के बाद अब पुलिस और नगर निगम की जांच दूसरे चरण में पहुंच गई है। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए दस्तावेज, रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार छापेमारी के दौरान कई स्पा सेंटरों से ग्राहकों का रिकॉर्ड, बिल बुक और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इन अभिलेखों के आधार पर नियमित रूप से आने वाले लोगों और सेंटरों के संचालन से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, कार्रवाई के दौरान मिले सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पुलिस पहुंचने से पहले कुछ लोग किस तरह वहां से निकलने में सफल हुए।



#### लाइसेंस और अनुमति की भी हो रही पड़ताल

नगर निगम की टीम संबंधित स्पा सेंटरों के व्यापारिक लाइसेंस, संचालन अनुमति और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर रही है। जिन प्रतिष्ठानों में दस्तावेज अधूरे या नियमों का उल्लंघन मिलता है, उनके खिलाफ सीलिंग सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस का कहना है कि शहर के अन्य क्षेत्रों में संचालित स्पा सेंटरों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है और शिकायत मिलने पर इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

#### जांच पूरी होने के बाद होगा खुलासा

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल जांच जारी है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट किया जाएगा कि किन प्रतिष्ठानों में नियमों का उल्लंघन मिला और किनके खिलाफ आपराधिक या प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने साफ किया है कि शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**हाईकोर्ट से मिली संविदा शिक्षक को बड़ी राहत**

# कलेक्टर के अंतिम निर्णय तक सेवा में बने रहेंगे

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि सेवा समाप्ति से जुड़े विवाद में कलेक्टर के अंतिम निर्णय तक संविदा शिक्षक की सेवाएं जारी रहेंगी। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने अंतरिम संरक्षण को यथावत रखते हुए स्पष्ट किया कि सक्षम प्राधिकारी के अंतिम निर्णय तक याचिकाकर्ता को सेवा से पृथक नहीं किया जाएगा। अनूपपुर जिले के प्राथमिक विद्यालय पतेरा टोला, छिल्पी में पदस्थ संविदा शिक्षक वंशीधर पटेल की ओर से अधिवक्ता केके पांडेय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राजनीतिक दबाव के चलते बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए और बिना सुनवाई का अवसर दिए याचिकाकर्ता की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। याचिका में यह भी कहा गया कि अनुचित दबाव नहीं मानने वाले अधिकारी को हटाकर नए अधिकारी की पदस्थापना की गई और पदभार ग्रहण करते ही उसी दिन सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया गया। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पाया कि इसी प्रकार के मामलों में पूर्व में भी न्यायालय दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। कोर्ट ने उन्हीं निर्देशों को वर्तमान मामले में लागू करते हुए अंतरिम राहत जारी रखी और आदेश दिया कि कलेक्टर द्वारा अंतिम निर्णय लिए जाने तक याचिकाकर्ता संविदा शिक्षक के रूप में कार्य करता रहेगा।



# सियार का कहर, घर में घुसकर 7 लोगों को किया घायल

### सिहोरा के कन्हाई देवरी गांव में दहशत, ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से खदेड़ा

**जबलपुर।** सिहोरा क्षेत्र के कन्हाई देवरी गांव की इंदिरा कॉलोनी में गुरुवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जंगली सियार रिहायशी बस्ती में घुस आया और अलग-अलग घरों में सो रहे लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में सात ग्रामीण घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, तड़के करीब 3:30 बजे जंगली सियार कॉलोनी में घुसा और घरों के भीतर सो रहे लोगों पर हमला बोल दिया। सियार के हमले में 35 वर्षीय पुरुषोत्तम चौधरी, 46 वर्षीय मंजू चौधरी, 45 वर्षीय सुदर्शन चौधरी, 50 वर्षीय रमित्री चौधरी, 30 वर्षीय प्रीति चौधरी, 50 वर्षीय रूपलाल चौधरी और 40 वर्षीय त्रिवेणी चौधरी घायल हो गए। हमले में सभी के हाथ, कलाई, उंगलियों तथा आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं।



घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने साहस दिखाते हुए लाठी-डंडों की मदद से सियार को बस्ती से बाहर खदेड़ दिया। इसके बाद सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सिहोरा के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई। पहली बार कोई जंगली जानवर घरों के अंदर घुसकर लोगों पर हमला कर गया है। घटना के बाद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भय के साये में हैं।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हमलावर सियार को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। साथ ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## धोखाधड़ी कर खाते से 35 हजार रुपए निकाले

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत एक युवक के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा के खाते से 35 हजार रुपए धोखाधड़ी कर एक जालसाज ने 35 हजार रुपए निकाल लिए। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी 42 वर्षीय रोहणी प्रसाद शर्मा गत दिवस अपने निजी काम से थाना गोहलपुर आया था शाम 5.29 बजे उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि उसके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा उच्च न्यायालय के खाता से 35 हजार रूपये डेबिट हो गये, उसने 1930 पर तत्काल कम्पलेंट की एवं दूसरे दिन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा में जाकर स्टेंटमेंट निकलवाया तो उसे पता चला कि किसी मोहम्मद मोइनुद्दीन नाम के व्यक्ति के द्वारा उसके खाते से धोखाधड़ी करके 35 हजार रूपये निकाल लिये गये हैं।





### हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रशासन की कार्रवाई

# जेडीए की भूमि से 75 झुग्गियां हटाई गईं

**जबलपुर।** अधारताल तहसील के अतंर्गत लक्ष्मीपुर आदि-प्लाजा के पास विजयनगर शताब्दीपुरम क्षेत्र में गुरुवार को जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में करीब एक एकड़ सरकारी जमीन पर बनी लगभग 75 झुग्गियों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

#### बारिश में बेघर करने का आरोप

कार्रवाई का विरोध कर रहे रहवासियों का कहना था कि बिना किसी वैकल्पिक पुनर्वास की व्यवस्था किए उन्हें बारिश के मौसम में बेघर किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से कार्रवाई रोकने और पहले रहने की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की।



#### प्रशासन ने बताई कार्रवाई की वजह

मौके पर मौजूद एसडीएम पंकज मिश्रा ने बताया कि संबंधित भूमि जबलपुर विकास प्राधिकरण की है, जिसे पूर्व में केसरवानी ट्रस्ट को आवंटित किया जा चुका है। इसके बावजूद करीब 75 परिवारों ने यहां अवैध रूप से झुग्गियां बनाकर कब्जा कर लिया था।

उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों को नियमानुसार पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। हाई कोर्ट के निर्देशों के पालन में राजस्व, नगर निगम और पुलिस के संयुक्त अमले ने कार्रवाई की। प्रशासन का कहना है कि पूरी प्रक्रिया कानून के दायरे में और सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपादित कराई गई।

#### तनाव के बीच पूरी हुई कार्रवाई

विरोध और नाराजगी के बीच प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखी। हालांकि मौके पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हालात नियंत्रित रहे। प्रशासन का कहना है कि न्यायालय के आदेशों का पालन करना उसकी कानूनी जिम्मेदारी है, जबकि प्रभावित परिवार पुनर्वास की मांग पर अड़े हुए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240